सेंसेक्स 72,240.26 ▼ -170.12
डॉलर 83.163 ▼ -0.033

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 13.0 | 20.0 |
| धनबाद | 26.0 | 12.0 | 22.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 23.0 |
| पलामू | 26.0 | 11.0 | 21.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 30 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 323, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय — चापलूसी संस्कृति से चमक खोती ... 8

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

पीएम का वेलफेयरिज्म मॉडल एक केस ... 12 — देश/विदेश

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 60,500

चांदी (1 किलो) 81,000

## सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित हुआ समारोह, सीएम हेमंत ने किया घोषणा और कहा

# डीवीसी कमांड एरिया में देंगे अपनी बिजली

**राज्य की छवि खराब करने में जुटा है डीवीसी** | **अब झारखंड में पेंशन 60 नहीं 50 साल में ही मिलेगी** | **कहा हमारे साथ केंद्र की ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी** | **4547 करोड़ के योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन** | **1134 युवाओं को सरकारी नौकरी नियुक्ति पत्र सौंपा** | **केंद्र लगाया सौतेले व्यवहार का आरोप**

### डेढ़ साल में बन जाएगा अपना ट्रांमिशन-डिस्ट्रब्यूशन सिस्टम

### झारखंड कोटे का पीएम आवास यूपी को देने का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हमारी जमीन, हमरा कोयला, हमारा संसाधन मगर हमें ही बिजली नहीं मिलता है। डीवीसी एक हजार रुपया बकाया रहने पर भी बिजली काट देता है। यहां तक कि राष्ट्रपति के दौरे के समय भी केंद्र के इशारे पर वह बिजली काट कर राज्य सरकार की छवि खराब करने का प्रयास करता है। लेकिन अब चिंता न करें, हम वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं, डेढ़ साल बाद आपको कहीं और से बिजली लेने की जरूरत नहीं होगी। इस बीच हम डीवीसी कमांड एरिया में अपना ट्रांमिशन-डिस्ट्रब्यूशन सिस्टम तैयार कर लेंगे, हम खुद बिजली सप्लाई करेंगे। यह दावा शुक्रवार को राज्य सरकार के चौथे वर्षगांठ के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अहम घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में लोगों को अब पेंशन 60 नहीं बल्कि 50 वर्ष की उम्र से ही मिलेगा। पहले हम देश में सबसे अधिक पेंशन राशि देने वाला राज्य बनें अब पेंशन की उम्र घटाकर 50 वर्ष करने वाला भी पहला राज्य बनेंगे।

समारोह में मुख्यमंत्री ने एक बार फिर केंद्र पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का अरोप लगाया। कहा, पहले तो 1.36 हजार करोड़ के बकाये को मानते ही नहीं थे। मगर जब सच सामने आ गया तो स्वीकार करते हैं, मगर देते नहीं हैं। झारखंड के 8 लाख चिन्हित पीएम आवास की राशि हम मांगते रहे लेकिन नहीं मिला। झारखंड के हिस्से का पीएम आवास उत्तर प्रदेश को दिया। अब कहते हैं कि हमारी सरकार बनेगी तो सभी पीएम आवास देंगे, यह ब्लैकमेलिंग हमारे लोगों के साथा चलेगी। इसलिए हमने खुद से आठ लाख अबुआ आवास योजना देने का फैसला लिया।

### 3698 करोड़ के 323 योजनाओं का शिलान्यास

सीएम ने इस मौके पर 1134 को सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपा व 3698.33 करोड़ के 323 योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं 849.37 करोड़ के 20 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कई लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया।

### 1932 पर विपक्ष को सांप सूंघ जाता है

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति की बात आती है तो विपक्ष को सांप सूंघ जाता है। आधे मन से एक ओर सदन में इसका समर्थन करते हैं, फिर बाहर के लोगों के जरिए कोर्ट-कचहरी में जाकर इसे फंसाते हैं। राज्यपाल को जाकर कान भरते हैं। दरअसल विपक्ष चाहता ही नहीं है कि स्थानीयों को नौकरी मिले। डबल इंजन की सरकार ने 1.50 लाख राशन कार्ड डिटित कर दिया था, कार्ड हाथ में लेकर गरीब भूख से मर गए। हमारी सरकार ने 20 लाख नए राशन कार्ड बनाया।

### झारखंड वीरों और शहीदों की धरती

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है। हम पीठ दिखाकर भागने वालों में नहीं है। जब यह राज्य बना तो भूखे-नंगा नहीं बना, खजाने भरके अलग हुआ। मगर विपक्ष के लोगों ने इस पैसे से अपनी जेबें भरीं। इस राज्य को कंगाल बनाने का काम विपक्ष ने किया। ड़ेढ साल आपदा में गुजर गयी, जब सरकार काम पर लौटी तो सरकार को डिस्ट्रब करने और काम को बाधित करने का काम किया गया। मगर हम डटे रहे, अडे रहे और राज्य की बुनियाद को मजबूत करने में जुट गए।

## एक नजर

### रांची प्रेस क्लब चुनाव में सुरेंद्र अध्यक्ष और अमरकांत बने सचिव



**रांची।** रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन और महासचिव पद पर अमरकांत ने जीत दर्ज की है। शुक्रवार को हुए मतदान के बाद शाम को मतगणना हुई। कुल 682 मतदाताओं ने 599 ने वोटिंग किया। अध्यक्ष के सुरेंद्र सोरेन को 335 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी दिव्यांशु झा को 252 वोट से संतोष करना पड़ा। उपाध्यक्ष पर पर धमेंद्र गिरी ने 223 मत हासिल कब्जा किया, वहीं उनके मुकाबले प्रभात कुमार सिंह को 119 वोट मिला। सचिव पद का चुनाव कांटे का रह। इस पद पर अमरकांत और अभिषेक सिन्हा के बीच टक्कर रहा। दोनों के बीच अंतिम 12 वें राउंड तक नजदीकी मुकाबला रहा। अंत में अमरकांत ने एक वोट से जीत हासिल कर सचिव पद पर कब्जा जमाया। संयुक्त सचिव रतन लाल बने उन्हें 238 मत मिला, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रंगनाथ चौबे को 219 मत हासिल हुआ। समाचार लिखे जाने तक कोषाध्यक्ष के लिए मतों की गिनती जारी थी। जिसमें कुबेर प्रसाद सिंह काफी अंतर से आगे चल रहे थे।

### रांची में बदमाशों ने रिम्स कर्मी को मारी गोली, भर्ती

**रांची।** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के डॉक्टर कॉलोनी स्थित चांडिल मैदान के पास रिम्स कर्मी को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घटना गुरुवार की देर रात की है। घायल व्यक्ति का नाम राजेश मलिक है और वह रिम्स में हेडमेट के रूप में कार्यरत है। फिलहाल रिम्स में राजेश का इलाज चल रहा है। बताया गया है कि राजेश मलिक घर लौट रहा था। चांडिल मैदान के पास पहले से ही मौजूद दो अपराधियों ने पीछे से उसपर फायरिंग कर दी। गोली राजेश के कंधे के पास जा लगी। घटना की सूचना पुलिस को शुक्रवार को मिली। घायल राजेश की स्थिति खतरे से बाहर है।

### गणतंत्र दिवस परेड के लिए बंगाल सरकार से प्रस्तावित झांकी खारिज

**कोलकाता।** केंद्र सरकार ने 26 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंश्चिम बंगाल सरकार की ओर से प्रस्तावित झांकी को खारिज कर दिया है। इस बार पश्चिम बंगाल सरकार के प्रस्तावित झांकी का विषय 'कन्याश्री प्रकल्प' परियोजना था। जो लड़कियों को स्कूल छोड़ने से रोकने के लिए एक वित्तीय सहायता योजना है और उन्हें हाई स्टडी के लिए प्रोत्साहित करती है।

# केंद्र और उल्फा के बीच ऐतिहासिक समझौता

## गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुए हस्ताक्षर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के वार्ता समर्थक गुट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में केंद्र और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में हस्ताक्षरित समझौता, अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा गुट और सरकार के बीच 12 साल की बिना शर्त बातचीत के बाद हुआ है। इस शांति समझौते से असम में दशकों पुराने उग्रवाद के खत्म होने की उम्मीद है।

### असम के भविष्य के लिए उज्जवल दिन : शाह

उल्फा के साथ समझौते पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह असम के भविष्य के लिए एक उज्ज्वल दिन है। राज्य और उत्तर-पूर्व में पिछले कई दशकों से हिंसा देखी जा रही है। जब से नरेंद्र मोदी आए हैं हम पूर्वोत्तर को हिंसा मुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में पूर्वोत्तर में 9 शांति समझौते (सीमा शांति और शांति समझौते सहित) हुए।

उन्होंने बताया कि असम के 85% इलाकों से अफस्पा हटाया गया। त्रिपक्षीय समझौते से असम में हिंसा का समाधान हो सकेगा। उल्फा द्वारा दशकों तक की गई हिंसा में 10,000 लोग मारे गए। यह असम में उग्रवाद का संपूर्ण समाधान है। सभी धाराओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। आज उल्फा के 700 कैडरों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर जारी है। तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और तीन समझौतों के साथ असम में आदिवासी उग्रवाद समाप्त हो गया है।

**उल्फा व भारत सरकार के बीच समझौते के मुख्य बिंदु**

- असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत बरकरार रहेगी।
- असम के लोगों के लिए और भी बेहतर रोजगार के साधन राज्य में मौजूद रहेंगे।
- इनके काडरों को रोजगार के पर्याप्त अवसर सरकार मुहैया करवाएगी।
- उल्फा के जिन सदस्यों ने सशस्त्र आंदोलन छोड़ दिया है, उन्हें मुख्यधारा में लाएंगे।

# प्रधानमंत्री 30 को रांची व वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसंबर को रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। रेल मंत्रालय जनवरी में ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। रेलवे ने ट्रेन की समय सारणी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक वंदे भारत एक्सप्रेस से बनारस से रांची तक का सफर सिर्फ छह घंटा 20 मिनट में पूरा होगा। दक्षिण पूर्व रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह ट्रेन लोहरदगा टोरी होकर चलेगी। इस ट्रेन के शुरू होने से ही रांची से तीन वंदे भारत ट्रेन हो जाएंगी। फिलहाल एक ट्रेन रांची से पटना और दूसरी रांची से हावड़ा के बीच चल रही है। इसके अलावा पटना से हावड़ा और हावड़ा से पुरी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस भी झारखंड से होकर गुजरती है।

### छह घंटे 20 मिनट में बनारस से रांची का सफर

वर्तमान में रांची और बनारस के बीच चार ट्रेनों का परिचालन अलग-अलग रूटों से हो रहा है, जिसमें 11 घंटे का समय लगता है लेकिन वंदे भारत ट्रेन छह घंटा 20 मिनट का समय लेगी। बनारस-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस बनारस से सुबह 5:50 बजे खुलेगी, जो दोपहर 12:10 बजे रांची पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 01:30 बजे रांची से रवाना होगी और शाम 07:50 बजे बनारस पहुंचेगी।



### 1390 से 2600 रुपये तक होगा किराया

रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में एसी चेयरकार का किराया 1390-1400 और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2545 से 2600 रुपये हो सकता है। हालांकि, इस ट्रेन की टाइमिंग और किराया पर अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है झारखंड में पहली वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से पटना के बीच शुरू हुई। रांची से हावड़ा के बीच दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस इस साल सितंबर में शुरू हुई। ट्रेन को पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

# सरकार ने छह आईएएस को चयन ग्रेड लेवल में दी प्रोन्नति




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह पदाधिकारी को चयन ग्रेड लेवल 13 में प्रोन्नति देते हुए उनके वर्तमान पद पर ही पदस्थापित किया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### छह आईएएस सचिव रैंक में प्रोन्नत, आठ बने स्पेशल सेक्रेटरी

राज्य सरकार ने छह आईएएस अफसरों को सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। साथ ही आठ आईएएस अफसरों को स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी कर दिया है। सेक्रेटरी रैंक में प्रमोशन पाने वाले अफसरों में चंद्रशेखर, जीतेंद्र कुमार ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर क्यों बने जदयू अध्यक्ष ?

■ पार्टी-सत्ता दोनों पर एकाधिकार ■ इंडिया गठबंधन में कद बढ़ाने या अन्य कहीं का सब कुछ अपने हाथ रखना

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

संसद से कुछ दूरी पर रफी मार्ग के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व राष्ट्रीय परिषद की बैठक के बाद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा की और नीतीश कुमार का नाम अध्यक्ष पद के लिए आगे किया। उसके बाद नीतीश कुमार बहुमत से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष हो गये।मालूम हो कि नीतीश 2016 से 2020 तक भी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। फिर किसलिए बने इसका संकेत देते हुए नीतीश कुमार कई बार कहे हैं कि वह 2024 के लिए पूरे विपक्ष को एकजुट करेंगे। रही बात जदयू के इतिहास की ,तो जनता दल (यूनाइटेड) का गठन जनता दल, लोक शक्ति व समता पार्टी के विलय के साथ 2003 में हुआ था। 30 अक्टूबर 2003 को जॉर्ज फर्नांडिस व नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली समता पार्टी का जनता दल में विलय हो गया। विलय की गई इकाई को जनता दल (यूनाइटेड) कहा गया। इसमें जनता दल का तीर चिन्ह तथा समता पार्टी का हरा और सफेद झंडा मिलकर जदयू का चुनाव चिन्ह बना। फिर शरद यादव 2004 से 2016 तक जदयू के संस्थापक अध्यक्ष रहे। उनके बाद नीतीश कुमार 2016 से 2020 तक अध्यक्ष रहे है। उसके बाद नीतीश ने अपने उस सजातीय यस मैन नौकरशाह रामचंद्र प्रसाद सिंह(आरसीपी सिंह, कुर्मी) को पार्टी में ला आगे बढ़ा 2020 से 2021 तक जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए रखा। लेकिन जब वह जदयू का अध्यक्ष रहते भाजपामय हो ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



# इंडिया आबादी को घटाने व अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की सीख देता 23



सुनील बादल

जा रहे वर्ष 2023 में विश्व के कई देशों के बीच युद्ध या अशांति रही पर भारत ने अपनी वैश्विक धमक के बाद भी कुछ घरेलू उलझनों को छोड़ दें तो शांति बनाए रखी । सबसे बड़ी समस्या दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया पर अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ती हुई द ग्रेट ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। आर्थिक आकलन के अनुसार 2030 तक या पहले ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। भारत ने 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी 60 विभिन्न स्थानों में 250 से ज्यादा से बैठकें की, अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्यता दिलाई और पहले ही दिन दुनिया भर के नेताओं ने दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति व्यक्त की। जी-20 की अध्यक्षता समाप्त होने से पहले पहली बार भारत ने एक आभासी शिखर सम्मेलन की भी मेजबानी की। प्रधानमंत्री मोदी ने क्वाड, जी-7, आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भागीदारी भी की और आभासी रूप से शंघाई सहयोग संगठन की एक एवं वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ के दो शिखर सम्मेलनों की मेजबानी की। उन्होंने अमेरिका की सफल राजकीय यात्रा की और अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। भारत की उपलब्धि यह भी है कि उसकी ऊर्जा प्रणाली में नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी 43 फीसदी (172 गीगावॉट) से अधिक हो गई है और वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता 45 फीसदी कम हो जाएगी, जैसा कि ग्लासगो जलवायु शिखर सम्मेलन में वादा किया गया था। कुछ चूक भी हुई मालदीव में नई सरकार का नेतृत्व मोहम्मद मुइज्जू कर रहे हैं, जो चीन समर्थक हैं। उन्होंने आधिकारिक रूप से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने और अपना हेलिकॉप्टर वापस लेने के लिए कहा है। भारत को इस छोटे, मगर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी से सावधानीपूर्वक निपटना होगा। अपने आविष्कारों, कठोर परिश्रम और चालाकियों से विश्व में दबदबा बनाने वाले चीन के साथ हमारे कामकाजी रिश्ते बने हुए हैं-हम ब्रिक्स, एससीओ एवं जी-20 शिखर सम्मेलनों में भाग ले रहे हैं। चीन के हांगझोऊ में हुए एशियाई खेल में भारत ने 100 से ज्यादा पदक जीते। चीन और भारत के बीच कमांडर स्तर की 20 दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर से चीनी सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। हालांकि अपने चीनी समकक्ष के साथ बात करते हुए हमारे विदेश मंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक सीमा विवाद का पूरी तरह से समाधान नहीं होता, तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। क्षेत्रीय संतुलन और भविष्य की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में चीन की पैठ पर गहरी नजर रखने की जरूरत है। मित्रता के सुरों के बीच बीते नवंबर में प्रधानमंत्री मोदी एवं शेख हसीना ने आभासी रूप से सीमा पार अखौरा-अगरतला रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, जो पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से जोड़ता है। इससे अगरतला और कोलकाता के बीच की यात्रा का समय भी कम होगा। जी-20 शिखर सम्मेलन से अलग भारत-बांग्लादेश ने तीन सहमति पत्रों पर भी हस्ताक्षर किए। पाकिस्तान के साथ संबंध अभी अनिश्चित बने हुए हैं, लेकिन अफगानिस्तान को भारत की मानवीय सहायता जारी है। राजनीति से परे भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मणिपुर में जो हुआ, वह फिर कभी न हो। भारत के ओलंपिक विजेताओं को अपनी आवाज सुनाने के लिए हफ्तों तक धरने पर नहीं बैठना पड़ता, उनकी चिंताओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है, वे सम्मान के पात्र हैं। आतंकी पन्नू के कारण भारत और अमेरिका के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी पटरी से उतरने की संभावना नहीं है। कनाडा खालिस्तानी कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। अमेरिका और कनाडा, ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



# आज अयोध्या के दौरे पर पीएम

## रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का करेंगे उद्घाटन



**एजेंसी। अयोध्या**

प्रधानमंत्री शनिवार को अयोध्या के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री यहां रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या रेलवे स्टेशन और आस-पास के सभी रूट पर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। इससे पहले पीएम शनिवार को अयोध्या में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। उनके दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी अयोध्या एयरपोर्ट और पुर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। 240 करोड़ रुपये से पुनर्विकसित हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन में कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। तीन मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन की इमारत में लिफ्ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा, पूजा की जरूरतों के लिए दुकानें, क्लॉक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हॉल जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं हैं। स्टेशन भवन 'सभी के लिए सुलभ' और 'आईजीबीसी प्रमाणित ग्रीन स्टेशन भवन' होगा। 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम को देखते हुए 20 जनवरी से आम लोगों के लिए अयोध्या राम मंदिर के दर्शन बंद हो जाएंगे। इसके बाद 23 जनवरी से आम लोग राम मंदिर के दर्शन कर सकेंगे।

## एक नजर

### बाइक सवार अपराधी, मोबाइल छीनकर हुआ फरार

**रातु।** थाना क्षेत्र के संडे मार्किट के पास बाइक सवार अपराधी ने एक पैदल चल रहे छात्र से मोबाइल छीनकर फरार हो गये। घटना गुरुवार की शाम 4:30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक आमटांड ठाकुर बगीचा के रहने वाले भीखम सिंह के पुत्र प्रतीक राज ट्यूशन के लिए पैदल ही फोन पर बातें करते हुये जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे ब्लू रंग के पैशन प्रो बाइक सवार अपराधी ने सैमसंग कंपनी का मोबाईल छीनकर काठी टांड की ओर फरार हो गया। मामले को लेकर पिता भीखम सिंह ने रातु थाने में अज्ञात अपराधियो के खिलाफ रातु थाने में प्राथमिक दर्ज की है । पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### 33 हजार के विद्युत तार को बांस लगाकर किया बाधित

**रातु।** रातु थाना क्षेत्र के रिंग रोड तिलता निवासी राजेश कुमार महतो के द्वारा अपने अर्धनिर्मित मकान के उपर गुजर रहे हटिया राजभवन फीडर को बांस लगाकर बाधित कर दिया जिसके कारण करीब 7 घंटे तक पहाड़ी टोला,मधुकम,रातु रोड, हरमू रोड,गांधी नगर,कांके रोड, कांके चौक, जयपुर क पीएचईडी कांके में बिजकी आपूर्ति बंद रही। घटना 6 दिसंबर व 28 दिसंबर की है। बिजली आपूर्ति बंद रहने के कारण विभाग को लगभग 2 लाख 20 हजार रुपये की क्षति हुई है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता सुमन कुमार सिंह के द्वारा रातु थाने में राजेश कुमार महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

## भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम

# भाजपा का जनाधार उनके कार्यकर्ता ही हैं : गंगोत्री

नवीन मेल संवाददाता

**चान्हो।** भारतीय जनता पार्टी के बीजूपाड़ा मंडल और चान्हो मंडल के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को बुचा ओपा डेम के सामने कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भाजपा पार्टी का जनाधार उनके कार्यकर्ता ही है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि भारत सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को हर एक आदमी तक पहुंचाने का काम करें। साथ ही योजनाओं से जो वंचित है उनको योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करें। उन्होंने हेमंत सोरेन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आज झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। वहीं भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरकार विकास के खोखले दावे कर रही है। आज मांडर विधानसभा में बहुत ऐसे गांव है जहां तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। लापुंग प्रखंड में आज भी एटीएम की सुविधा ग्राहक को नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों को बरगला कर उनका हक छीना जा रहा है। ऐसी सरकार से सचेत रहने की जरूरत है। अपना प्रतिनिधि अपने लोगों के बीच से चुने। आज हमारा हक कोई और छीन रहा है। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार महतो ने किया।



### रातु फुटकलटोली में नवनिर्वाचित सदर सेकेट्री को किया गया सम्मानित

रातु। फुटकलटोली के जमा मस्जिद में शुक्रवार को अंजुमन इस्लाहुल मोमिनीन कमेटी के नव निर्वाचित सदर हाजी शरीफ व नायब सदर मोख्तार शाह को फुटकलटोली चुनाव निगरा कमेटी के अध्यक्ष सचिव व कोषध्यक्ष के द्वारा पगड़ी, फुल माला व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जामा मस्जिद फुटकल टोली के खतीब व इमाम डॉ दिलदार मिस्बाही ने हलफ दिलाया । मौके पर प्रखंड अंजुमन इस्लामिया रातु के सदर अताउल्लाह अंसारी , खजांची व नायब सेक्रेट्री को भी चुनाव कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया

### अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को संगठित करते रहे जितराम

**सिल्ली।** अमर शहीद जीतराम बेदिया का जन्म 30 दिसंबर 1802 ई को रांची जिला के अंतर्गत ओरमांझी प्रखंड के खगाली गांव में हुआ था इसके पिता के नाम जगतनाथ बेदिया एवं माता का नाम महेश्वरी देवी था इसके पिता भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ थे अपने पिता के मृत्यु के बाद जितराम बेदिया ने घूम-घूम कर लोगों को संगठित किया और अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई छेड़ दी उनकी बहादुरी सूझ बूझ संगठित क्षमता से यहां के जनता काफी प्रभावित था अमर शहीद जीतराम बेदिया ने गांव में घूम-घूम कर यहां के लोगों को अंग्रेजो हुकूमत को नहीं मानते और अंग्रेजों के खिलाफ अंतिम दम तक लड़ने का ऐलान किया था 23 अप्रैल 1858 ई को गगरी और खाटगा गांव के बीच मेजर मेकडोनालड और उनकी मद्रासी फौज ने जीतराम बेदिया सहित उसके साथियों को घेर लिया था। लेकिन जीतराम बेदिया आत्म समर्पण करने में इंकार कर दिया दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ जिसमें घोड़ा सहित मार दिया गया जिसमें जीतराम बेदिया शहीद हो गया।

# सुकृति ने पारा नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता पदक

नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली:** पटियाला पंजाब में आयोजित 5वीं पारा सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की दिव्यांग तीरंदाज सुकृति कुमारी ने रिकर्व डिविजन के व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक और मिक्स टीम इवेंट में रजत पदक जीता। यह झारखंड की पहली रिकर्व दिव्यांग तीरंदाज है जिन्होंने झारखंड के लिए पदक विजेता बनी। ये तीरंदाज प्रशिक्षक प्रकाश राम और शिशिर महतो के अधीनस्थ जुलाई 22 से बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली मे निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इसके पूर्व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडू में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक सुचिता से इंडियन राउंड से शुरूआत की थी। इस जीत पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक श्री सुदेश कुमार महतो व अध्यक्ष नेहा महतो के अथक प्रयास और सोच का परिणाम है कि दिव्यांग तीरंदाज उभर कर सामने आ रहे है। अभी तक सिल्ली से कई पारा तीरंदाज राष्टीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है। सुकृति ने वर्ष 2015 में एक रोड एक्सीडेंट में अपना एक पैर खो दी थी। वहीं जोन्हा के जीतू राम बेदिया और चाईबासा की तुलसी ने इंडियन राउंड के मिक्स टीम इवेंट में रजत पदक जीता। झारखण्ड टीम ने कुल 2 स्वर्ण, 4 रजत,1 कांस्य पदक कुल 7 पदक जीत कर झारखण्ड का नाम रोशन किया।



# नेटवर्किंग से लाखों रुपये कमाने का सपना दिखाकर करते थे ठगी

नवीन मेल संवाददाता

**रातु।** नेटवर्किंग से लाखो रुपये की कमाई करने का सपना दिखलाकर लाखो रुपये की ठगी करने वाले तीन ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना पर उनसे जुड़े अन्य लोग ऑफिस में ताला जड़ फरार हो गये। उनका नेटवर्किंग मार्केटिंग कंपन्नी का ऑफिस रातु काठीटांड,तिलता, टेंडर के अलावा नगड़ी,सपारोम,सतीश चौक में है। यहां ग्रामीण इलाकों के बेरोजगार युवकों को जाल में फंसाकर उन्हें ट्रेंनिग दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की जाती है। बिहार अरवल जिले के पारसी थाना अंतर्गत कामता गांव के रहने वाला आशीष कुमार से भी ठगों ने नेटवर्किंग मार्केटिंग कर एक- एक युवक के पीछे पांच-पांच लोगों को जोड़ने व उनसे लाखो रुपये की कमाई का स्किम बतलाकर इनसे 40,500 रुपये की ठगी कर ली। ठगे जाने का एहसास होते ही उसने रातु थाने में शिकायत की। शिकायत में कहा कि मैट्रिक लिखने के बाद वे काम की तलाश में था। इसी उपरन्त फेसबुक में अभिषेक नाम के एक युवक से उसकी दोस्ती हुई।





## कार्यालय : परियोजना निदेशक "आत्मा", खूँटी
### कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण "आत्मा", खूँटी
संयुक्त कृषि भवन,
समाहरणालय भवन के समीप, चाईबासा रोड, खूँटी
Website: www.atmakhunti.org.in,email: atmakhunti@gmail.com

**किसाना भाईयों के लिये आवश्यक सूचना**

झारखण्ड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किसानों के लिये सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिये बिरसा किसान रथ का परिभ्रमण पंचायतवार/प्रखण्डवार चलाया जा रहा है जिसकी विवरणी निम्न है। अतः सभी किसान भाईयों से निवेदन है कि अधिक से अधिक योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठावें।

| क सं | दिनांक | प्रखण्ड | भ्रमण हेतु चयनित पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 29/12/2023 | खूँटी | फूदी, गुटजोरा, बिरहू |
| 2 | 30/12/2023 | खूँटी | मुरही, सिलादोन, भण्डरा, डाड़ीगुट्टू, मंरगहादा |
| 3 | 31/12/2023 | रनिया | खटंगा, बनई, डाहु, जयपुर, ताम्बा |
| 4 | 01/01/2024 | अड़की | बाड़ीनिजकेल, नौढ़ी, पुरनानगर, सिन्दरी |
| 5 | 02/01/2024 | कर्रा | डेहकेला, गोविन्दपुर, जारिया, बकसपुर |
| 6 | 03/01/2024 | कर्रा | कर्रा, मेंहा, कच्चाबारी, लोधमा |
| 7 | 04/01/2024 | तोरपा | ओकड़ा, डोड़मा, दियांकेल, हुसीर, सुन्दारी |
| 8 | 05/01/2024 | तोरपा | तोरपा पूर्वी, तोरपा पश्चिमी, अम्मा, मरचा |
| 9 | 06/01/2024 | मुरहू | कुंजला, हँासा, गनालोया, कोड़ाकेल, |
| 10 | 07/01/2024 | मुरहू | गोड़ाटोली, मुरहू, बिन्दा, हेठगोवा |

परियोजना निदेशक "आत्मा", खूँटी

PR 314609 Agriculture(23-24).D


# रांची प्रेस क्लब के चुनाव में 599 सदस्यों ने किया मतदान



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब के द्विवार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। मतदान सुबह 8 बजे से तीन बजे तक चला। इस चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 682 थी, जिसमें 599 सदस्यों ने मतदान किया। प्रेस क्लब के पांच पदाधिकारी और 10 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए सुबह से मतदाताओं ने पूरे उत्साह से मतदान में हिस्सा लिया। मतदान के लिए कुल आठ बूथ बनाये गये है। क्लब के पत्रकार सदस्य सुबह से कतारबद्ध होकर अपने बारी का इंतजार कर मतदान किये। मुख्य द्वार के बाहर प्रत्याशियों और प्रेस क्लब के सदस्यों की भीड़ देखी गयी। मतदान के लिए आने वाले सभी सदस्यों को विभिन्न पदों के प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह करते दिखे। तीन बजे मतदान समाप्त होने के बाद गिनती की प्रक्रिया शुरू हो गयी।

**सरना समिति ने लगाया सेवा शिविर :** रांची प्रेस क्लब के चुनाव में केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में समिति की ओर से मतदान करने आये पत्रकारों के लिए सेवा शिविर लगाया गया। क्लब के सामने सड़क के किनारे लगाये गये शिविर में चाय, बिस्किट और पानी की व्यवस्था की गई थी। सेवा शिविर में मुख्य पाहन जगलाल पाहन, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा एवं लक्ष्मण मुंडा मौजूद थे।



### पदाधिकारियों के लिए एक मतपत्र बन सकता था

प्रेस क्लब के चुनाव में अध्यक्ष सहित पांच पदों के लिए हुए मतदान में कुल 16 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य अजमाया। जिसमें अध्यक्ष के लिए तीन, उपाध्यक्ष के तीन, सचिव के चार, संयुक्त सचिव के तीन और कोषाध्यक्ष पद के तीन उम्मीदवार थे। मतदान करने वाले सदस्य चर्चा करते देखे गये कि कार्यकारिणी के लिए 18 उम्मीदवारों के लिए एक मतपत्र था। तो पदाधिकारी के 16 पदों के लिए एक मतपत्र क्यो नहीं बन सकता है।

# बिना पोस्टमार्टम किए शव लौटाने का किया विरोध, डॉक्टर निलंबित

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** जिले में बिना पोस्टमार्टम के शव परिजनों को सौंपने का परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध किया है। शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने कर्रा-गोविंदपुर मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर प्रदर्शन किया और व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी की।



सूचना पर तोरपा विधायक कोचे मुंडा, सिविल सर्जन समेत कर्रा प्रखंड के सीओ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर पांच घंटे बाद सड़क जाम कराया।मामला जरियागढ़ थाना क्षेत्र का है।झारखण्ड गुरुवार को जरियागढ़ पुलिस ने रेलवे ट्रैक के किनारे से एक शव बरामद किया था, जिसकी पहचान डहकेला निवासी पारस नाथ महतो के रूप में की गई. जांच के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों को शव मिला और जैसे ही परिजनों ने प्लास्टिक में लिपटा शव देखा तो वे आक्रोशित हो गये। इसके बाद परिजनों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर कर्रा-गोविंदपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और नारेबाजी करने लगे। सूचना पर जरियागढ पलिस पहुंची लेकिन ग्रामीण सिविल सर्जन से बात करने पर अड़े रहे। ग्रामीणों का विरोध बढ़ता देख कर्रा प्रशासन के अनुरोध पर सिविल सर्जन मौके पर पहुंचे।


## ऊर्जा विभाग
### झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
### विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, रॉची

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/69/2023-24 दिनांक– 29/12/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | मोराबादी रॉची स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा एट्रोट्रफ हॉकी स्टेडियम में होने वाले अर्न्तराष्ट्रीय ओलंपिक क्वालिफायर मैच के दौरान अस्थायी विद्युतीकरण का कार्य एवं स्टेडियम लाईट हेतु मेन पावर एवं 2 अदद् 500 के0वी0ए0 जनित्र के लिए डिजल आपूर्ति का कार्य। | 67,64,144=00 | 10,000=00 | 1,36,000=00 | 11 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.12.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 01.01.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 06.01.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 08.01.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

**Note :-** Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

ह0/–
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 314732 Energy (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी

**ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

**(3rd Call)**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या& PMAAGY/F₂-8/2023-24 दिनांक–28.12.2023

कार्य का नामः–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | ग्राम | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01. | Construction of Boulder Masonry Drain 416 Feet | Dhanamunji | कर्रा | 6.20 | 0.01250 | 0.13 | 30 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 198.2 Feet | Bingaon | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 401 Feet | Doriya | अड़की | 8.70 | 0.01250 | 0.18 | 30 दिन |
| 02. | Construction of Boulder Masonry Drain 401 Feet | Sonpur | | | | | |
| 03. | Construction of Boulder Masonry Drain 350.56 Feet | Madhatu | अड़की | 4.00 | 0.00750 | 0.08 | 30 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Jojohatu | खूंटी | 6.00 | 0.01250 | 0.12 | 30 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Kujram | | | | | |
| 04. | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Sandasom | | | | | |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।

1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–01.01.2024 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–08.01.2024 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समयः–08.01.2024 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथिः–10.01.2024 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.–मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी / 7320969093 / email:- midivkhunti@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट–बढ सकती है । तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा ।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी

PR 314700 Minor Irrigation(23-24)#D



## Government of Jharkhand
### Urban Development & Housing Department
### Municipal Corporation, Hazaribag

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/42/2023-24**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of PCC Road from Thana Gali and from Thana Chowk to Madhuban and From Bara Bazar Chowk to Bangali Colony from Bangali Colony to Jack and Jill school from Bhuiyan Toli chowk to Kunal Nursing Home and from Jaiswal Gali from Uma Babu Gali and Little Angle Gali, Consruction of BT road from Sardar Chowk to Gowal toil chowk and Construction of RCC Drain from Sardar Chowk towards Bus Stand road in ward no. 15 under Municipal Corporation, Hazaribag | 58,74,727.00 | 1,20,000/- | 11,800/- | 120 Days |
| 2. | Construction of PCC Road in Cold Storage Gali Repair of PCC road from Chuna Gali to H/o Bangali Dada and in Chuna Gali Construction of RCC Drain in Cold Storage gali from Chuna Gali to H/o Bangali Dada gali from Sardha Medical hall to Bharat Bakery from Keshri Ration Shop to Punchmukhi Mandir and from Kuldeep Betal Shop to H/o Ajay Sinha in ward no. 18 under Municipal Corporation, Hazaribag | 50,24,000.00 | 1,02,000/- | 11,800/- | 120 Days |
| 3. | Repair of PCC Road and RCC Drain from H/o Pradeep Soni to Gondi River via H/o Navin Sinha in gali no. 06 from H/o Vikky Sinha to Gondi River in gali no. 03 and from H/o Vikash Verma to Gondi River in gali no. 05 and 08 in ward no. 24 | 89,97,216.66 | 1,80,000/- | 11,800/- | 120 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | 04.01.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | 13.01.2024 up to 5:00 P.M. | | | |
| 4. | Bid Opening date | 16.01.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 314765 Urban Development and Housing(23-24)D



## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 39/2023–24**

दिनांक 29/12/2023

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विष्णुगढ़ | ग्राम पंचायत बरांय में एन0एच0–02 बाईपास से इस्लामपुर तक पथ निर्माण। | 8537500.00 | 10000.00 | 171000.00 | नौ माह |
| 2 | बरही | ग्राम गौरियाकरमा अन्तर्गत राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा के कृषि फार्म में विविध निर्माण कार्य। | 32444600.00 | 10000.00 | 649000.00 | एक वर्ष छः माह |
| 3 | बरही | ग्राम गौरियाकरमा अन्तर्गत राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा के सुकर प्रजनन फार्म में विविध निर्माण कार्य। | 19185800.00 | 10000.00 | 384000.00 | एक वर्ष |
| 4 | बरही | ग्राम गौरियाकरमा अन्तर्गत राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा के सांढ पोषण प्रक्षेत्र में विविध निर्माण कार्य। | 16256600.00 | 10000.00 | 326000.00 | एक वर्ष |
| 5 | बरही | ग्राम गौरियाकरमा अन्तर्गत राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा के पशुपालन विभाग गौशाला (Red Sindhi Cow Farm) में विविध निर्माण कार्य। | 10185900.00 | 10000.00 | 204000.00 | एक वर्ष |
| 6 | सदर | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बानाहप्पा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 10529400.00 | 10000.00 | 211000.00 | एक वर्ष |
| 7 | ईचाक | उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मकतब के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 13590400.00 | 10000.00 | 272000.00 | एक वर्ष |
| 8 | चलकुशा | +2 उच्च विद्यालय, चौबे का चाहरदिवारी निर्माण। | 6214400.00 | 10000.00 | 125000.00 | नौ माह |
| 9 | बरकट्ठा | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चांदगढ़ के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9942100.00 | 10000.00 | 199000.00 | नौ माह |
| 10 | सदर | हजारीबाग मुख्य स्टेडियम (कर्जन स्टेडियम) में इनडोर स्टेडियम का उन्नयन कार्य। | 10993000.00 | 10000.00 | 220000.00 | एक वर्ष |
| | | पुनः निविदा | | | | |
| 11 | डाडी | हिरक रोड से डोका बेडा होते हुए मुख्य पथ मिश्राईन मोढ़ा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7582300.00 | 10000.00 | 152000 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 12.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 13.01.24 से 20.01.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 22.01.2024 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 314741 (District) 23-24 (D)

# टीसीआईएल मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के लिए करेगा 1,787 करोड़ का निवेश

## कंपनी और सरकार के बीच एमओयू, परियोजना से छह सौ से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टाटा स्टील की यूनिट, दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) ने झारखंड सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके झारखंड के आर्थिक विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021 के माध्यम से रोजगार सृजन पर राज्य द्वारा दिए जा रहे जोर के अनुरूप, टीसीआईएल के प्रबंध निदेशक आरएन मूर्ति और उद्योग सचिव श्री जितेंद्र कुमार सिंह, आईएएस, झारखण्ड सरकार के बीच रांची में एक कार्यक्रम में आधिकारिक तौर पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।



यह ऐतिहासिक एमओयू लगभग 1,787 करोड़ रुपये के निवेश द्वारा समर्थित है, जो जमशेदपुर में अत्याधुनिक 300,000 टन प्रति वर्ष (टीपीए) मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी की स्थापना का सूचक है। 2026 में कमिशिंग के लिए तैयार, इस विस्तारीकरण परियोजना से 600 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। अत्याधुनिक सुविधा न केवल उन्नत प्रौद्योगिकी और ऑटोमेशन के साथ टिनप्लेट की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाएगी, बल्कि घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में महत्वपूर्ण योगदान देगी, जिससे राज्य के औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

टीसीआईएल के प्रबंध निदेशक आर एन मूर्ति ने जमशेदपुर और झारखंड के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कंपनी के समर्पण पर जोर देते हुए विस्तारीकरण पर गर्व प्रकट किया।

मूर्ति ने कहा, हम रोजगार सृजन, राजस्व में वृद्धि और स्थानीय कार्यबल के लिए कौशल विकास के अवसरों सहित आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार और स्थानीय समुदायों के साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें पूर्ण समर्थन प्रदान करने के लिए हम झारखंड सरकार के आभारी हैं।

टीसीआईएल की प्रमुख उत्पाद पेशकश, टिनप्लेट और टिन फ्री स्टील, कई उद्योगों के लिए बहुमुखी पैकेजिंग सब्सट्रेट के रूप में काम करती हैं। खाद्य तेल, पेंट तथा कीटनाशक, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, बैटरी तथा एरोसोल और बोतल क्राउन निमार्ताओं जैसे विविध क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करते हुए, टीसीआईएल भारत के घरेलू टिनप्लेट बाजार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, वर्तमान में इसकी बाजार हिस्सेदारी 45% से अधिक है।

इसके अतिरिक्त, टीसीआईएल की लगभग 25% बिक्री दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप के चुनिंदा क्षेत्रों में इसकी वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाती है। 1920 में स्थापित, टीसीआईएल निरंतर विकास और पर्यावरणीय प्रबंधन के लिए टाटा स्टील के विजन के साथ अपनी विकास रणनीति को संरेखित करते हुए विकसित हो रही है।

## जिला मारवाड़ी सम्मेलन का अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह 21 जनवरी को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक महाराजा अग्रसेन भवन के कार्यालय में हुई। अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह 21 जनवरी को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। इस समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार सत्र 2024-26 के लिए अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण करेंगे। जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह के सफल आयोजन के लिए स्वागताध्यक्ष कमल कुमार केडिया को और स्वागतमंत्री पवन शर्मा को बनाया गया। समारोह के लिए कई कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें मंच सज्जा कमिटी में पवन पोद्दार एवं अनिल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, भोजन व्यवस्था राजेंद्र केडिया, सेवा कार्य विकास अग्रवाल, अतिथि स्वागत व्यवस्था अजय डीडवानिया, नारायण विजयवर्गीय, प्रिंटिंग एवं स्मृति चिन्ह व्यवस्था अमित चौधरी, मनीष लोधा, सदस्यता प्रभारी नारायण विजयवर्गीय और मनीष लोधा को बनाया गया है। बैठक में कमल कुमार केडिया, पवन शर्मा, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, विनोद कुमार जैन, पवन पोद्दार, ललित पोद्दार, प्रमोद अग्रवाल, राजेंद्र केडिया, कौशल राजगढ़िया, अनिल अग्रवाल, अजय डीडवानिया, मनीष लोधा, अंजय सरावगी, नारायण विजयवर्गीय, अमित चौधरी, विकास अग्रवाल, बबलू हारित और संजय सर्राफ उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार के चार सालों में भी ओबीसी को नहीं मिला अधिकार : मोर्चा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कहा कि शासनकाल के चार वर्ष पूरे होने पर सरकार जश्न मना रही है। इस दौरान ओबीसी समुदाय के हक अधिकार में कटौती होने से ओबीसी युवाओं में भारी आक्रोश है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2023 ओबीसी समुदाय के लिए निराशाजनक रहा। उम्मीद थी इस वर्ष ओबीसी को हक अधिकार प्राप्त होंगे, लेकिन उम्मीदें अधूरी ही रह गयी। सरकार ओबीसी समुदाय के प्रति इतना उदासीन है कि अभी तक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति तक नहीं की है। फिर भी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आशा करता है कि आगामी वर्ष 2024 में सरकार, जातीय सर्वेक्षण, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने एवं ट्रिपल टेस्ट की करवाई करने का काम करेगी। रोस्टर में हेर-फेर कर आरक्षी नियुक्ति में ओबीसी का आरक्षण डेढ़ दर्जन जिले में शून्य कर दिया गया है।

# बीआरपी-सीआरपी ने मांगों को लेकर किया पेन डाउन स्ट्राइक

## सेवाशर्त नियमावली लागू करने की कर रहे हैं मांग, एक से काला बिल्ला लगायेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीआरपी सीआरपी एसएस संघ से संबद्ध संगठनों के अह्वान पर कर्मियों ने शुक्रवार से दो दिवसीय पेन डाउन स्ट्राइक शुरू किया। कर्मियों का कहना है कि हमारी मांग है कि सरकार सेवाशर्त नियमावली को जल्द बनाये। इस नियमावली की प्रक्रिया को पिछले एक साल से लंबित रखा गया है।

इसलिए सरकार को तुरंत इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नयी सेवाशर्त नियमावली को कैबिनेट में पारित कर लागू करे। कर्मियों का कहना है कि सरकार की ओर से टाल मटोल की नीति अपनायी जा रही है। सरकार हमारी मांगों पर गंभीर नहीं है। बार बार के आग्रह के बाद भी हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। जिस कारण हमलोगों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। दो दिनों के पेन डाउन स्ट्राइक के बाद एक जनवरी से बीआरपी सीआरपी काला बिल्ला लगाकर अपने दैनिक कार्यो का निर्वहन करेंगे।

# सरना कोड की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों का रेल रोड चक्का जाम आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरना कोड लागू करने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों ने शनिवार को भारत बंद बुलाया है। इस दौरान रेल रोड चक्का जाम किया जायेगा। रेल रोड चक्का जाम की पूर्व संध्या पर शुक्रवार की शाम को जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक केंद्रीय सरना समिति, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र संघ, आदिवासी सेंगेल अभियान एवं विभिन्न आदिवासी संगठनों के द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि 15 करोड़ प्राकृतिक पूजक आदिवासी को अब तक धार्मिक पहचान नहीं मिला है। वर्षों से आदिवासी सरना कोड की लड़ाई लड़ रहे हैं। धर्मकोड नहीं होने के कारण जबरन प्राकृतिक पूजक आदिवासी को हिंदू एवं ईसाई बनाया जा रहा है। 15 नवंबर को प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलीहातु आए थे। परंतु सरना धर्मकोड के बारे कुछ नहीं बोले। इधर 24 दिसंबर को जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा डीलिस्टिंग रैली में आदिवासी को

## बंद की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस




# भारतीय प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत प्रकोष्ठ ने की पीड़ित को आर्थिक मदद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हिंदपीढ़ी में एक घर में आग लगने से परिवार के तीन सदस्य बुरी तरह झुलस गये। आसपास के लोगों के सहयोग से तीनों को बचाया गया। घटना की सूचना मिलने पर भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अबूजर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अन्य लोगों के सहयोग से तीनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने घटना की जानकारी आईपीजीसी के उच्च पदाधिकारियों को दी। इलाज के दौरान बुरी तरह से झुलसी महिला और 18 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। वहीं एक पीड़ित का इलाज देवकमल हॉस्पिटल में चल रहा है। पीड़ित परिवार काफी गरीब है, इसलिए इलाज के लिए पैसे की कमी हो रही है। पैसे की कमी की जानकारी आईपीजीसी के पदाधिकारियों दी गयी। जिसके बाद केंद्रीय सचिव सैयद मु. राशिद हुसैन के नेतृत्व में एक टीम देवकमल अस्पताल पहुंची। टीम के सदस्य पीड़ित से मुलाकात कर उन्हें इलाज के लिए 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी। केंद्रीय सचिव ने पीड़ित को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। टीम के सदस्यों ने डॉक्टर से मिलकर उन्हें पीड़ित का बेहतर इलाज करने का आग्रह किया। पीड़ित परिजनों ने भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ का आभार प्रकट किया। मौके पर केंद्रीय उपसचिव सह मीडिया प्रभारी राजेश मोहन सहाय और प्रदेश उपाध्यक्ष शोएब अंसारी उपस्थित थे।



## महागठबंधन सरकार में उर्दू के साथ हो रहा भेदभाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महागठबंधन सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर सोशल मीडिया से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता ने सरकार के कार्यकाल में उर्दू भाषा, उर्दू स्कूल और उर्दू शिक्षक बहाली के मामले पर महागठबंधन सरकार द्वारा किए गए भेदभाव ज्यादती और अन्याय के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें काफी संख्या में लोग जुड़े। इस मामले पर आमया और झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने बताया कि महागठबंधन सरकार के चार साल में 543 उर्दू स्कूलों का स्टेटस नियम विरुद्ध तरीके से छीना लिया गया। पीटीटी व बीएड परीक्षा उर्दू लिपि में लिखने का प्रावधान नियम विरुद्ध तरीके से हटा दिया गया।

## प्राचार्य और मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

# वार्षिकोत्सव में आर्मी स्कूल के बच्चों की नृत्य नाटिका ने सबका मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आर्मी पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव दीपाटोली कैंट स्थित कैरकट्टा हॉल में मनाया। वार्षिकोत्सव का उदघाटन मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर अमनदीप सिंह कोडी, डिप्टी जीओसी 23 इंफेंट्री डिविजन ने किया। वहीं समापन के मुख्य अतिथि पैटरन मेजर जनरल विकास चौधरी वाईएसएम जीओसी 23 इंफेंट्री डिविजन उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह और उप प्राचार्या कविता वर्मा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर प्राथमिक विंग की प्रधान अध्यापिका निशा राय और नामकुम शाखा की प्रधान अध्यापिका ओलिव मैरी भी उपस्थित थी। विद्यालय के वार्षिकोत्सव का शीर्षक नवरस-भावनाओं का सार था। कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों के द्वारा वात्सल्य रस पर आधारित नृत्य नाटिका को प्रस्तुत किया गया। नन्हें बच्चों की नृत्य नाटिका ने सबका मन मोह लिया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य और मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को भी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में विद्यालय के गांधी सदन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की और उन्हें शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक फार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य श्री अभय कुमार सिंह ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी को स्कूल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।





कार्यक्रम को आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली और नामकुम शाखा के बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी भाषा के माध्यम से नृत्य, नाटक और मूक अभिनय के रूप में प्रस्तुत किया। सभागार में उपस्थित सभी दर्शकों ने तालियों के गड़गड़ाहट से नन्हें कलाकारों का स्वागत किया।





सीएम ने दिव्यांगो को दिया ट्राईसाइकिल


बिरसा किसान रथ को रवाना करते मुख्यमंत्री

# ‘27 % ओबीसी आरक्षण घटाने का काम बाबूलाल ने ही किया था’

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरकार के चौथे वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार के कई मंत्रियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए हैं। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 2000 में एक साथ तीन राज्य बने। छत्तीसढ़ और उत्तराखंड आगे बढ़ा मगर हमारा राज्य झारखंड ही क्यों पिछड़ गया। राज्य बनने के बाद इसकी कमान किनके हाथ में थी। किसके कारण यह राज्य पिछड़ता चला गया। झारखंड गठन के बाद झारखंड नवनिर्माण की नींव ही कमजोर रही तो मजबूत बिल्डिंग कैसे खड़ी हो सकती थी। 2019 में हमारी सरकार बनी। दो साल कोरोना में ही बित गया। इस आपदा में भी हमारी सरकार ने पूरे देश में मिशाल कायम किया। एक भी मौत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान और ओबीसी आरक्षण पर विपक्ष किस मुंह से बोलती है। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण घटाने का काम बाबूलाल मरांडी ने ही किया था। कभी 1832 खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने की बात नहीं की। अब जब हम बनाना चाहे रहे हैं तो विपक्ष रोड़ा डाल रहा है। हमने आदिवासी-सरना धर्म कोड पास किया। कई बिल पास करके भेजा मगर राजभवन उस पर कुंडली मारके बैठा हुआ है।



### 4547 करोड़ की योजनाओं की सौगात

कार्यक्रम के दौरान 4547.70 करोड़ की 343 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। 3698.33 करोड़ की राशि के 323 योजनाओं का शिलान्यास हुआ वहीं 849.37 करोड़ की 20 योजनाओं का उद्घाटन किया गया।

### हमारी सरकार ने वह कर दिखाया जो पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं किया : भोक्ता

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि विपक्ष को विकास नहीं दिखता है। हमारी सरकार ने वह कर दिखाया जो अब तक की सरकारों ने नहीं किया. हेमंत सोरेन की सरकार ने बुनियादी सुविधाओं को खड़ा करने काम किया। कोरोना जैसे बिपदा में भी हमारी सरकार ने किसी को भूख से मरने नहीं दिया। केंद्र सरकार ने घोषणा करके छोड़ दिया मगर हमारी सरकार ने मजदूरों को हवाई जहाज से लाने का काम किया. पूर्ववर्ती सरकार ने टेंशन दिया, हमारी सरकार ने पेंशन दिया।

### शिबू सोरेन सहित कई मंत्री, विधायक हुए शामिल, नहीं पहुंचे मंत्री हफीजुल व जोबा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के अलावा मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, चम्पाई सोरेन, बन्ना गुप्ता, बादल, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी, सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री विनोद पांडेय, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, राजेश कच्छप, अनूप सिंह, जिग्गा सुसरन होरो, शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन,राज्य के मुख्य सचिव एल.खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, राज्य सरकार के कई वरीय अधिकारीगण एवं सभी जिलों से पहुंचे लाभुकगण, नियुक्ति पत्र पाने वाले युवक-युवतियां, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जबकि दो मंत्री हफीजुल हसन, जोबा मांझी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

### इन महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास

- रांची में 20 करोड़ की लागत से धनवंतरी अस्पताल का निर्माण होगा।
- जमशेदपुर में धनवंतरी आयुष अस्पताल का निर्माण होगा।
- रांची के रिम्स में 23.75 करोड़ से 50 बेड वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक अस्पताल का निर्माण होगा।
- हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में 23.75 करोड़ से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनेगा।
- गढ़वा में 20.45 करोड़ से 50 बेड वाले प्री फैब अस्पताल का निर्माण होगा।
- हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में 24.51 करोड़ से नर्सिंग कॉलेज और छात्रावास।
- लातेहार में 23.75 करोड़ से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनेगा।
- जामताड़ा में 23.75 करोड़ से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनेगा।
- देवघर में 23.75 करोड़ से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनेगा।
- साहिबगंज में 23.75 करोड़ से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनेगा।
- दुमका में 23.75 करोड़ से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनेगा।
- रांची के धुर्वा में 14.95 करोड़ से चिल्ड्रेन ट्रैफिक पार्क बनेगा।

### इन महत्वपूर्ण योजनाओं हुआ का उद्घाटन

- 59.55 करोड़ से निर्मित खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना का उद्घाटन
- पाकुड़ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट का उद्घाटन
- खूंटी के कर्रा में बने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन
- गढ़वा के बालिक मध्य विद्यालय पसिर में फुटबॉल स्टेडियम का उद्घाटन
- विश्व बैंक संपोषित खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना का उद्घाटन
- रांची स्मार्ट सिटी के एडीबी एरिया के इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन
- जनजातीय शोध संस्थान द्वारा जनजातीय संस्कृति पर तैयार किए गए 6 पुस्तकों का हुआ विमोचन।
- आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार के तीसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन।

- लातेहार में 11.51 करोड़ में 5000 मीट्रिक टन की क्षमता वाला कोल्ड स्टोरेज बनेगा।
- रांची के मेसरा-पिठोरिया सड़क में 12.70 करोड़ की लागत से राईडिंग क्वालिटी में सुधार होगा।

## एक नजर

### भारतीय मजदूर संघ झारखंड का अधिवेशन 30 से

**रांची।** भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश का त्रिवार्षिक अधिवेशन रांची में 30 और 31 दिसंबर को होगा। प्रदेश मंत्री सुनील कुमार ने शुक्रवार को बताया कि धुर्वा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में अधिवेशन होगा। इसमें मजदूर और कर्मचारियों के हितों के लिए समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ झारखंड में भी मजदूरों का सबसे बड़ा संगठन बने इसके लिए प्रयास किया जाएगा। साथ ही अधिवेशन में इसपर विशेष चर्चा की जाएगी।

### मामूली विवाद के बाद बदमाश ने युवक के हाथ की अंगुली काटी

**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक विहार में रहने वाले धरमू यादव को मामूली विवाद में एक बदमाश ने हाथ की अंगुली काटकर अलग कर दिया। घटना मंगलवार की है। इस संबंध में गुरुवार को धरमू ने उमेश यादव के खिलाफ अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मूलरूप से बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले धरमू ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले उमेश के साथ किसी बात को लेकर 26 दिसंबर को विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी उमेश एक साथ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उनके हाथ की अंगुली को दांतो से काटकर अलग कर दिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। घटना के बाद परिवार के सदस्यों ने आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले गए। इसके बाद वह गुरुवार अरगोड़ा थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### चक्रधरपुर रेल मंडल में कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

**रांची।** चक्रधरपुर रेल मंडल में विकास कार्यों को लेकर कई ट्रेनें रद्द रहेगी। इसमें ट्रेन संख्या 18175 हटिया झारसुगुड़ा मेमू ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 30/12/23, यात्रा प्रारंभ दिनांक 06/01/24, यात्रा प्रारंभ दिनांक 13/01/24 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 20/01/24 को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18176 झारसुगुड़ा हटिया मेमू ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 31/12/ 23, यात्रा प्रारंभ दिनांक 07/01/24, यात्रा प्रारंभ दिनांक 14/01/24 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 21/01/24 को रद्द रहेगी।

## झारखंड हाईकोर्ट ने दिव्यांगों की नियुक्ति के मामले में सरकार-जेपीएससी से मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने सातवीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से चार सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरने को लेकर दाखिल सदानंद कुमार एवं अन्य की याचिका पर राज्य सरकार एवं जेपीएससी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने इन दोनों को 12 जनवरी तक शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि सातवीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से कितने पद रिक्त हैं, कितने सफल अभ्यर्थियों ने ज्वाइन नहीं किया है।

इससे पहले जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उक्त परीक्षा के सभी सीट भर गए हैं। इसलिए सफल अभ्यर्थियों को प्रतिवादी बनाया जाना जरूरी है।




इस पर जवाब देते हुए याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि उनकी जानकारी के अनुसार अभी भी कुछ सीटें खाली है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी निर्धारित की है। जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रही है।

मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सातवीं से दसवीं जेपीएससी परीक्षा में जो मेरिट लिस्ट आया उसमें से दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से तीन सीटों को ही भरा गया। बाकी चार सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरा गया, जो राज्य सरकार के नियमावली के विरुद्ध है। नियमावली के अनुसार यह सभी सात सीटें दिव्यांगों अभ्यर्थियों से भरी जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यदि एलिजिबल अभ्यर्थी नहीं मिलते तो दिव्यांगों की आरक्षित बची सीट को अगले साल के लिए कैरी-फॉरवर्ड किया जाना चाहिए था लेकिन जेपीएससी ने ऐसा नहीं किया। याचिका में याचिकाकर्ता की ओर कहा गया है कि जेपीएससी द्वारा दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीट को दिव्यांग कोटे से ही भरा जाए। यदि यह संभव नहीं हो पाता है तो इस सीट को अगले साल कैरी फॉरवर्ड किया जाए। दिव्यांग कोटे की सीट खाली रहने के बाद उसे अन्य कैटेगरी के अभ्यर्थियों से नहीं भरा जाए।

## वादा खिलाफी के कारण प्रदेश में निराशा का वातावरण इधर जश्न में डूबी है सरकार : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वादा खिलाफी के कारण निराशा छा गई है और सरकार जश्न में डूबी है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के चार वर्षो के कार्यकाल पूरा होने पर जश्न मनाने पर कहा कि 20 लाख नौकरियां देने का वादा करने वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल दिख रही है। शाहदेव भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप जिस आदिवासी-मूलवासियों को हक देने की बात कर रहे उसे ही लाठी-डंडों से पीटा जा रहा है। संगीन के साये में मन




रहा यह जश्न का क्या औचित्य है। शाहदेव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से मिलकर कहा था कि अब हेमन्त सोरेन के ऊपर कार्रवाई करने का वक्त आ गया है। क्योंकि, एक मुख्यमंत्री कानून से भागता फिर रहा है। इसलिए राज्य की जनता ने इस भगोड़ेपन के लिए दोषी मान लिया है। शाहदेव ने कहा कि इस सरकार में ईमानदार अफसरों की कोई पूछ नहीं होती है। सरकार बनने के चंद महीना बाद लोहरदगा में जब दंगा हुआ था तब विजिलेंस के एक डीएसपी ने एक रिपोर्ट दी थी। इस दंगा के पीछे रोहिंग्या मुसलमान का हाथ है तो उसका रातों-रात ट्रांसफर कर दिया गया। फिर विजिलेंस के दो बड़े अधिकारियों का तबादला भी इसलिए कर दिया गया कि भाजपा के एक बड़े नेता के ऊपर कार्रवाई का दबाव बना रहे थे लेकिन उन दोनों ने मना कर दिया था।

उन्होंने कहा कि एक प्रशासनिक पदाधिकारी का भी तबादला इसलिए कर दिया गया कि मुख्यमंत्री की बातों को नहीं मानना। ताजा उदाहरण जेल अधीक्षक रॉबर्ट निशांत बेसरा का है, जिसकी बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर जताई थी। क्योंकि, वे मुख्यमंत्री के करीबी लोगों की सल्तनत को चलने नहीं दे रहे थे। शाहदेव ने कहा कि जब भाजपा की सरकार आएगी तो इसकी सीबीआई जांच की अनुशंसा की जाएगी। तब दूध का दूध और पानी का पानी होगा।

### हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**रांची।** कांके थाना पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में राजू गोप, देवठान महतो, रामकिशुन महतो और सोमा उरांव शामिल है। इनके पास से एक देशी कट्टा, एक गोली और दो मोबाईल फोन बरामद किया गया है। मामले में एक संतोष नामक अपराधी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। डीएसपी मुख्यालय-1 प्रभात रंजन बरवार ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कांके थाना क्षेत्र के होचर गांव में श्रवण महतो के घर में एक किरायेदार दिलीप महतो की गला काटकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक की पत्नी अपने माइके गयी हुई थी, इसी दौरान 24 दिसम्बर की रात आपसी मतभेद के कारण पांच अपराधी साजिश के तहत पार्टी करने के नाम पर दिलीप के घर पहुंचकर मुर्गा शराब पिला खिलाकर घर में ही गला काटकर हत्या कर घर को बंद कर भाग गये।

## पुलिस पदाधिकारियों को 2024 लोस चुनाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के रवि कुमार के निर्देशानुसार उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को समाहरणालय में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। थाना स्तर पर एक पुलिस पदाधिकारी को नामित पुलिस अधिकारी के रूप में नामित किया गया है, जो सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया अवधि के दौरान मुख्य रूप से निर्वाचन से सम्बंधित मामलों को देखेंगे। प्रशिक्षण के दौरान सभी उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को डीपीओ के कार्य कर्तव्यों के बारे में विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया गया। मौके पर प्रशिक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविन्द्र गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक संजीव मिश्रा एवं पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार ने सभी नामित पुलिस पदाधिकारियों को आगामी 2024 में होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया के की जानकारी दी।

### ‘सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ’ अभियान से बच्चों के अंदर बढ़ रही नेतृत्व क्षमता

## ड्रापआउट बच्चों को भी स्कूल लाने का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिमडेगा जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने एवं उनकी उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किये गए अनोखे 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' अभियान का असर दिख रहा है। इस अभियान से ना केवल स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ रही है, बल्कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता का भी विकास हो रहा है।

सुबह आठ बजे स्कूल जाने के दौरान गांव-टोले में एक एक मॉनिटर के नेतृत्व में स्कूली बच्चे स्कूल ड्रेस पहनकर सीटी बजाते हुए स्कूल जाते है, जिससे अभिभावकों को यह पता चल जाता है कि स्कूल खुला है और उन्हें



अपने बच्चों को भी स्कूल भेजना है। सीटी ग्रामीण इलाकों में अलार्म का काम करती है, जिससे अभिभावकों के साथ साथ बच्चे भी स्कूल की तैयारी में लग जाते है। छात्र सीटी बजाते हुए उन घरों के सामने से गुजरते है, जहां रहने वाले बच्चे स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। अपने सहपाठी को अपने साथ लेते हुए ये बच्चे स्कूल जाते है, जिसके स्कूलों में उपस्थिति की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले है। इस अभियान के शुरू होने के बाद बच्चे अभिभावकों को स्कूल बंद होने जैसा बहाना नहीं बना पाते हैं। इस अभियान के तहत हर गांव-टोले के एक एक बच्चे को सीटी दी जाती है और उसे 20 से 25 बच्चे को स्कूल लाने की जिम्मेदारी दी जाती है। जिस बच्चे को यह जिम्मेदारी मिलती है, उसके अंदर प्रबंधन और नेतृत्व कौशल का भी जबरदस्त विकास होता है। गांव-टोले के अभिभावकों को यह मालूम होता है कि यदि उन्हें स्कूल से संबंधित कोई जानकारी चाहिए तो वह संबंधित छात्र से जानकारी ले सकता है। इतना ही नहीं, सीटी बजाने की जिम्मेदारी जिन बच्चों के कंधों पर होती है, वह गांव-टोलो में छात्रों के प्रतिनिधि की भूमिका भी निभाते है। हर स्कूल के बच्चों को चार हाउस में बांटा जाता है, हर हाउस के कप्तान को सीटी दी जाती है। साथ ही हर कक्षा के मॉनिटर को भी सीटी दी जाती है।

### अब राज्यभर में लागू करने की तैयारी

सिमडेगा में इस अनोखे अभियान की सफलता को देखते हुए अब राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा इस अभियान को राज्य के अन्य जिलों के ग्रामीण इलाकों में भी लागू करने की तैयारी की जा रही है। सिमडेगा के सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति राज्य में सर्वाधिक है। सिमडेगा में सर्वाधिक 76 प्रतिशत बच्चे स्कूल आ रहे है। इसमें जिले के ग्रामीण इलाकों के स्कूलों का अहम योगदान है। अभियान के राज्य पदाधिकारी बदल राज बताते है कि यह एक कम लागत वाला मॉडल है, जो कारगर व सकारात्मक नतीजे दे रहा है।

## दैनिक पंचांग

**30 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.50 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कुंभ | 09.36 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.09 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.39 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.20 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 16.18 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.31 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.47 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.59 बजे से |
| | | तुला | 01.10 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.25 ब.से |
| | | धनु | 05.41 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2023 वर्ष का 364 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 09.44 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आश्लेषा 05.42 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 02.56 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 09.44 बजे तदनन्तर बव 22.47 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 12' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871843 **जूलियन दिन** 2460308.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 16 **विशेष** संकष्टी गणेश चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### खनन विभाग ने की छापेमारी पोकलेन किया जब्त

**हजारीबाग।** खान निरीक्षक, अंचल अधिकारी, चलकुशा, प्रभारी अंचल निरीक्षक, चलकुशा और जिला पुलिस बल ने संयुक्त रूप से चलकुशा थाना के मौजा पसेरिया में अवैध पत्थर खदान पर औचक छापेमारी की. यह छापेमारी उपायुक्त एवं जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग के निर्देश पर किया गया. छापेमारी के क्रम में अवैध पत्थर उत्खनन स्थल में खनन कार्य में प्रयुक्त वाहन जेएच02बीजी-2806, लगभग 500 सीएफटी पत्थर, एक एक्सप्लॉडर, एक हैंड ड्रिल मशीन एवं अन्य सामग्री को जब्त किया गया. मौके पर वाहन चालक मनोज यादव, उम्र 35 वर्ष, पिता बाबूलाल यादव, ग्राम पपरवा, पो०- सड़िया, थाना- जयनगर, जिला- कोडरमा एवं चालक बिनोद यादव, उम्र-37 वर्ष, पिता स्व० किशुन यादव, ग्राम बेहराबाद, पो०- बरकनगांगो, थाना बरही, जिला- हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया. वहीं चलकुशा थाना में इस अवैध कार्य में प्रयुक्त हाईवा एवं पोकलेन के मालिक एवं चालक, अवैधकर्त्ता मिथिलेश यादव एवं अन्य अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई.

### वन विभाग की घेराबंदी के विरोध में ग्रामीण गोलबंद

**हजारीबाग ।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरकट्ठा प्रखंड के पंचायत बरकनगांगो के ग्राम छुतहरी कटिया और जतघघरा सिमाना के दोमहनियां टांड़ में प्रत्येक रविवार बाजार लगता है. इसमें जयनगर, बरकट्ठा और चलकुशा प्रखंड के दर्जनों गांव के लोग सब्जी की खरीदारी करने आते हैं. इस बीच 26 दिसंबर को पश्चिमी वन प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा पौधरोपण हेतु वन भूमि पर पोकलेन मशीन से ट्रेंच काटा जा रहा है. विभाग ने जहां बाजार लगता है, उस जगह पर भी ट्रेंच काट दी है. स्थानीय ग्रामीणों के आग्रह पर भी बाजार टांड़ को नहीं छोड़ा गया. इसे लेकर बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव की उपस्थिति में ग्रामीणों ने बाजार बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बैठक की. अध्यक्षता मसाजसेवी मथुरा यादव और संचालन पंसस मनोज कुमार यादव ने किया. इस अवसर पर लोगों ने कहा है कि वन विभाग बाजार टांड़ को छोड़ कर पौधरोपण करें. हम सब ग्रामीण भी वृक्षों की रक्षा करेंगे.

### पुल टूटने से दस गांवों के ग्रामीणों को हो रही आवागमन में परेशानी

हजारीबाग / कटकमसाडी । कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के पबरा पंचायत के दुमाही नदी पर बना पुल डेढ़ वर्ष पहले टूट चुका है. लेकिन इसे दुरुस्त कराने की कोई अधिकारी या नेता ने जहमत नहीं उठाई. पुल राष्ट्रीय राज मार्ग 33 के अलावा आधा दर्जनों गांवों को जोड़ता है. ऐसे में आवागमान बाधित हो रहा है. बताया जा रहा है कि यह नदी का पुल लगभग 20 वर्ष पहले पबरा के मुखिया के द्वारा बनाया गया था. पुल बनने से लोगों को बहुत राहत हुई थी. डेढ़ साल पहले यह पुल टूट गया. जिस वजह से हजारीबाग से चतरा जाने में ज्यादा दूरी तय करनी पड़ रही है. इस संदर्भ में पबरा निवासी चेतन मेहता ने बताया कि लगभग 10 महीना पहले हजारीबाग सदर विधायक ने नदी पर पुल के बारे बताया गया था.।

## जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले, डीसी ने कहा

# लोगों की समस्याएं शीघ्र सुलझाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

# राष्ट्रीय लोजपा की कार्यकारिणी बैठक सह वनभोज का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शुक्रवार को स्थित कनहरी हिल परिसर में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज,प्रधान महासचिव झारखंड मुकेश कुमार, युवा प्रदेश अध्यक्ष रणजीत राम, महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, प्रदेश महासचिव डीपी लाल, नागेंद्र चंद्रवंशी,गिरिडीह जिला अध्यक्ष विनीत कुमार,धनबाद जिला अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर, रांची जिला अध्यक्ष संजय सिंह,बोकारो जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष मन्नू पासवान,हजारीबाग महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला देवी, रामगढ़ जिला अध्यक्ष शंकर कालिंदी,रामगढ़ के प्रदेश पदाधिकारी दिलीप कुमार, रामगढ़ युवा जिला अध्यक्ष एहसान राजा,पार्टी संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष बबलू सागर मुंडा,प्रदेश के महासचिव संजय सिंह,लेबर सेल के अध्यक्ष सुशील चौधरी, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजकुमार रवानी, गिरिडीह के पदाधिकारी संदीप एकाग्र,आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष सागर,महिला नेत्री प्रमुख बिंदु देवी,शैली देवी शोषण, सुनीता,मोनिका सिंह,राधा देवी, जयंती मेहता,सूरज कुमार,पवन महतो सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आगामी जनवरी माह में रांची में प्रदेश सम्मेलन आयोजन की तैयारियों पर चर्चा एवं विभिन्न जिलों के जिला संगठनों की समीक्षा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी।एनडीए को मजबूत करते हुए सभी उम्मीदवारों को विजय बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार सभी मुद्दे पर फेल है और भ्रष्टाचार की गंगोत्री में डूबी हुई है। कार्यक्रम को प्रधान महासचिव मुकेश कुमार, युवा प्रदेश अध्यक्ष रणजीत राम के अलावा सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया।

# एक जनवरी से ग्रामीण करेंगे तालाबंदी, डीसी को दी सूचना

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव/हजारीबाग ।** बड़कागांव अंतर्गत ओएनजीसी कंपनी के साइट पर ग्रामीण 1 जनवरी से तालाबंदी और धरना देने जा रहे हैं. इस बाबत स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी जिले के डीसी, एसपी, एसडीओ, बड़कागांव थाना प्रभारी, बीडीओ और कंपनी को लिखित रूप से दिया है. दरअसल पूरा माजरा यह है कि स्थानीय ग्रामीणों की बहाली सुरक्षा गार्ड के रूप में किया गया था. लेकिन अब होमगार्ड के जवानों की सेवा साइट पर लिया जा रहा है. जिससे आहत होकर ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपना लिया है. सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि वे लोग विगत सात वर्षों से काम करते आ रहे हैं. इन 7 सालों में कभी बोनस या एरियर नहीं दिया गया।

### होमगार्ड के जवानों को ड्यूटी नहीं करने देंगे : ग्रामीण

ऐसे में ग्रामीण किसी भी कीमत में होमगार्ड के जवानों को यहां पर ड्यूटी करने नहीं देंगे, क्योंकि उनकी जमीन गई है. यही नहीं समय पर वेतन का भुगतान किया जा रहा है. कंपनी आश्वासन देकर सुरक्षाकर्मी से काम ले रही है. लेकिन विगत कुछ महीनों से कंपनी आश्वासन देकर नौकरी से हटाने का प्रयास कर रही है. बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ओएनजीसी के अधीनस्थ कंपनी प्रभा एनर्जी विगत 7 वर्षों से काम कर रही है. इसके पहले ओएनजीसी खुद काम कर रही थी. भू रैयतों का कहना है कि जब से प्रभा एनर्जी कार्य कर रही है तभी से ही रैयतों को सुरक्षा गार्ड के नौकरी से हटाया जा रहा है. कंपनी का कहना है कि मामला संज्ञान मे आया है. सरकार का जो दिशा निर्देश होगा उसे पालन किया जाएगा. मौके पर साइट के कई सुरक्षाकर्मी शामिल हुए. जिसमें अनिल कुमार दास, कैलाश गंझू, घनश्याम साहू, कैलाश कुमार महतो, बिलियम टिडवार, नरेश गंझू, सन्तोष गंझू और बासु महतो प्रमुख थे.



# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

**कमेटी का किया गया विस्तार**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई द्वारा पतरातू प्रखंड अंतर्गत कंडेर पंचायत में कमेटी विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक की अध्यक्षता विजय महतो एवम संचालन रमेश बेदिया ने किया । बैठक मे संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर कजर्चा की गई। साथ ही संगठन मे सभी समुदायो के लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया । साथ टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया ।कहा गया की झारखण्ड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। संगठन के सदस्यों ने कहा की अन्य दल से लोगों का मन ऊब चुका है । वर्तमान परिवेश की राजनीति में युवा , महिलाएं, छात्र, बुजुर्ग सभी वर्ग के लोगों की उम्मीद है टाइगर जयराम महतो बन गए हैं । कंडेर पंचायत कमेटी में संरक्षक रमेश बेदिया,अध्यक्ष ज्वाला राम बेदिया,उपाध्यक्ष संतोष महतो, जतन महतो,सचिव विजय महतो सह सचिव सूरज प्रजापति , जिम्मेदार महतो कोषाध्यक्ष अजय महतो,संगठन सचिव सुरेन्द्र कुमार महतो, वीरेंद्र बेदिया, मिडिया प्रभारी दिलीप महतो, सिकंदर बेदिया, तथा कार्य करिणी सदस्य छोटेलाल महतो, अमित महतो, आसेश्वर महतो, केदार बेदिया, संजय बेदिया, प्रजापति उपस्थित थे।

### नीतीश बने जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष हाई हुआ कार्यकताओं का उत्साह

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर झारखंड प्रदेश सचिव सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव पार्टी मजबूती से लड़ेगी ।जिसकी शुरूआत झारखंड के धरती उतरी छोटा नागपुर प्रमंडल के रामगढ़ जिला में 21 जनवरी को श्री कुमार चुनावी बिगुल फुकेंगे और इंडिया गठबंधन को एकजुट करके भाजपा हटाओ देश बचाओ, जिसकी जितनी आबादी उसको उतना अधिकार मिलना चाहिए, बिहार देखा है और अब देश देखेगा,बिहार का विकास मॉडल पूरा देश मांग रहा है, बिहार की तर्ज पर आरक्षण संपूर्ण भारत को मिलना चाहिए।राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जिले के पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, भीम मेहता ,अविरल बिहार ,महासचिव बसंत मेहता,मोइनुद्दीन अंसारी, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल समेत हजारीबाग के तमाम पदाधिकारियो ने खुशी जाहिर की है और बधाई दिया है।



### मुख्यमंत्री पशुधन योजना लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत सचिवालय परिसर में झारखण्ड सरकार के कृषि, सहकारिता तथा पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने लाभुकों के बीच बतख का चूजा का वितरण किया। 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अनुदान पर 42 महिला लाभूको के बीच बतख का चूजा वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि बतख पालन एक अच्छा मुनाफा वाला व्यवसाय है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना तहत किसानों को आर्थिक रूप आत्मनिर्भर बनाने के लिए बतख चूजा का वितरण किया गया। साथ ही किसानों को सरकारी योजना का लाभ लेने व योजना के माध्यम से आय वृद्धि करने का सुझाव दिया।

### ब्रम्हाकुमारी संस्थान की ओर से नव वर्ष को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** शहर के न्यू कॉलोनी बागीचा रामगढ़ कैंट में ब्रम्हाकुमारी संस्थान द्वारा नव-वर्ष 2024 के आगमन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा रामगढ़ कैंट महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश श्रीवास्तव शामिल हुए । इस मौके पर उन्होंने कहा कि यहां आने मात्र से ही आध्यात्मिक अनुभूति होती है ।साथ ही उन्होंने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, ब्रम्हाकुमारी संस्थान में नव वर्ष के पावन अवसर पर नई दुनिया और नया वर्ष के बारे में बीके कृष्णा भाई द्वारा संदेश सुनाया गया। इस क्रम में मुख्य रूप से राजा श्रीवास्तव, संस्था के बीके चंदन भाई, अर्जुन भाई,अनिल भाई, देवंती माता,लता माता, अम्बिका माता सहित सैकड़ों माता,बहन, भाइयों ने संदेश को सुना।



# प्रजातांत्रिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष बने निसार खान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** झारखंड प्रजातांत्रिक मंच के राज्य स्तरीय दो दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला में सर्वसम्मिति से निसार खान को झारखंड प्रजातांत्रिक मंच का केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है । ज्ञात हो कि झारखंड प्रजातांत्रिक मंच मुख्यतः शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजिक तथा राजनीतिक बिन्दुओं पर कार्य करेगी । श्री खान को अध्यक्ष बनाए जाने पर शिक्षाविद मो जहांगीर अंसारी, तौकीर रजा, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, बाबर अंसारी, मुजफ्फर हुसैन, सलीम रजा, गालिब अहमद, साजिद अली खान, तसलीम अंसारी, गुलाम शाबिर बबलू, असगरी अंजूम, अंजूम बानो, फरजाना खातून, मो. रब्बानी, माशूक अंसारी, सदरूल होदा, दरगाही खान, मंसुर आलम, मुस्ताक अंसारी, सैयद अशरफ अली समेत अन्य कई लोंगो ने बधाई दिया है।

## सदर विधायक ने कटकमदाग प्रखंड में किया 5 करोड़ 48 लाख के विकास

# योजना स्थलों का भूमि पूजन, 2.5 लाख की योजनाओं का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को कटकमदाग प्रखंड के गांवों का तूफानी दौरा किया और ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के विभिन्न योजनाओं के तहत करीब 5 करोड़ 48 लाख के विकास योजनाओं की आधारशिला रखी वहीं विधायक निधि की राशि 2.5 लाख रुपए के विकास योजनाओं का उद्घाटन कर जनता को सौगात दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत अड़रा पंचायत के ग्राम बेंदी से की। जहां आरईओ के उक्त योजना के तहत ग्राम बेंदी से अड़रा तक पथ निर्माण, ग्राम अड़रा से कुबा तक पथ निर्माण और ग्राम कुबा से चीची तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। इस योजना के अंतर्गत कुल 10.20 किमी पथ का विशेष मरम्मती कार्य होगा जिसमें 7.6 किमी कालीकरण रोड़, 2.6 किमी पीसीसी, 10 पुलिया, 50 गार्डवाल और करीब 200 मीटर नाली का निर्माण होना है। तत्पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने अडरा पंचायत के ही ग्राम केशवरिया में विधायक निधि की राशि 2.5 लाख रुपए की लागत से निर्मित केशवरिया नदी पर सीढ़ी निर्माण का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण कर किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि अड़रा पंचायत वासियों के जीवन स्तर को बदलने में यह योजना हितकर साबित होगा । इस अवसर पर कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, कमल कुमार साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आशीष कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि इंद्र नारायण कुशवाहा,वीरेंद्र गुप्ता ,अरुण राणा,पूर्व प्रमुख अशोक यादव ,पूर्व मुखिया गणेश तुरी ,सुनील यादव ,बसंत यादव ,विनोद प्रसाद, जगरनाथ प्रजापति सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।



### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

**रामगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के रवि कुमार द्वारा शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के साथ रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत दुलमी एवं गोला क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों का सुपर चेक किया गया वहीं उन्होंने निर्वाचन संबंधित प्रपत्र 7, 6 व 8 आदि की जांच करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व निर्वाचन संबंधित कर्मियों को प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने व मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।



**दर्शनीय**

## मनोरम वादियों से पटा है चरण पहाड़ी, चैतन्य महाप्रभु के पड़े थे चरण

# मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होगा मेला

**नवीन मेल संवाददाता। सचिन कुमार**

**कुजू ।** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड कुजू क्षेत्र के बंदराचुंआ स्थित चरण पहाड़ी मंदिर व वहां की मनोरम वादियां सैलानियों को बर्बस अपनी ओर आकर्षित करता है। नये वर्ष के आगमन होते ही सैलानियों का हुजुम उमड़ पड़ता है। साथ ही पहाड़ के बीचों-बीच कलकल करती चौथा नदी के आस-पास जंगलों के किनारे पूरे जनवरी माह में सैलानी पिकनिक मनाते देखे जाते हैं। यहां की खासियत नदी के तट पर तीन भव्य मंदिर स्थापित है। जिनमें श्री राधा कृष्ण भगवान, जगन्नाथ बलभद्र व सुभद्रा सहित श्री चैतन्य महाप्रभु एवं उनके दो सहयोगियों क्रमशः श्री नित्यानंद व गजाधर स्वामी के आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित है। जहां सैलानी प्रभु के दर्शन के उपरांत यहां की वादियों का लुत्फ लेने के साथ पिकनिक का आनंद लेते हैं। वहीं मंदिर में चल रही हरिनाम संकीर्तन में भाग लेते हैं। चरण पहाड़ी पहुंचने के लिए कुजू केबीगेट स्थित फोरलेन सड़क से कुजू कोलियिरी होते हुए बंदराचुआ स्थित चरण पहाड़ी आ सकते हैं। हालांकि मंदिर कमिटि ने मंदिर के इर्द-गिर्द पिकनिक मनाने के लिए रोक लगा रखी है। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजन होता है दो दिवसीय मेला जुटती है हजारों की भीड़ मकर संक्राति के अवसर पर चरण पहाड़ी में मंदिर कमिटि व आस-पास के प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष दो दिवसीय मेला का आयोजन किया होता है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं। साथ ही मेले का आनंद उठाते हैं तथा टुसू बनाकर प्रदर्शनी में भाग लेते हैं। वहीं आषाढ़ के शुक्ल पक्ष द्वितीय तिथि को मंदिर परिषर से भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है।



### 536 वर्ष पूर्व बंदराचुंआ में पड़े श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के चरण

मंदिर के पुजारी बाबा प्रेमदास बताते हैं कि 534 वर्ष पूर्व श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के चरण कुजू स्थित बंदराचुआं में पड़े थे। जिसके कारण उक्त स्थान नाम चरण पहाड़ी के नाम से विख्यात हुआ। बाबा कहते हैं कि श्री चैतन्य महाप्रभु जगन्नाथ धाम पूरी से वृन्दावन जाने के क्रम में यहां की प्राकृतिक दृश्यों से मोहित होकर रुके थे। साथ ही महाप्रभु ने चौथा नदी में स्नान कर हरी नाम संकीर्तन प्रारम्भ किया। जिसकी गूंज सुनकर आस-पास के जंगलों में डेरा जमाये पशु-पक्षियों ने संकीर्तन में शामिल होकर चैतन्य महाप्रभु के साथ नृत्य किया था। जिसका प्रमाण आज भी चरण पहाड़ी पहुंचकर चैतन्य महाप्रभु व पशु-पक्षियो के पैरों के निशान चट्टानों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

### सीसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल ने विकसित करने का दिया आश्वासन


हाल में ही सीसीएल मुख्यालय के डायरेक्टर टेक्निकल रामबाबू प्रसाद ने चरण पहाड़ी का दर्शन किया था। जिसकी खुबसूरती को देखकर काफी प्रशंसा भी किये। साथ ही उसके विकास को लेकर मौजूद अधिकारियों को भी निर्देश दिया। इससे पहले भी कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी विकास करने की बात कही थी।

### अयोध्या के अक्षत कलश के साथ हुआ विकास नगर का भ्रमण

**रामगढ़।** श्री राम मंदिर अयोध्या से आए हुए पूजीत अक्षत कलश का नगर भ्रमण 29 दिसम्बर को गणिनाथ मंदिर से जारा टोला मंदिर प्रांगण तक किया गया, छोटकी मुर्राम से होते हुए रास्ते में जितने भी मंदिर थे सभी में कलश का पूजन किया गया। कार्यक्रम में रामगढ़ के सभी सनातनियों की वृहत उपस्थिति दर्ज हुई। संबोधन करते हुए विश्व हिंदू परिषद् दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने कहा की 1 जनवरी से 15 जनवरी तक हर हिंदू के घरों तक निमंत्रण पत्रिका दी जाएगी तथा 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने घरों के पास के मंदिर में मंदिर केंद्रित कार्यक्रम करने को कहा गया साथ ही हर घर दीप जले तथा दीपोत्सव हो। सभी के द्वारा संकप्ल लिया गया की उस दिन अपने मंदिरों में कार्यक्रम करेंगे। संतो के आवाहन पर हर सनातनी उस तिथि को मंदिरों से जुड़ कर रहे ये प्रयास करना है।

### श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज ने एनटीपीसी के साथ लगाया निशुल्क दंत व नेत्र जांच शिविर

**हजारीबाग।** श्रीनिवास अस्पताल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल ने एनटीपीसी के साथ मिलकर केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत भदईखाप स्थित एनटीपीसी भवन में शुक्रवार को दंत जांच एवं नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 161 जरूरतमंदों का दंत एवं नेत्र जांच हुआ। चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में एनटीपीसी कंपनी के अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। मुख्य रूप से एनटीपीसी वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर बी नवीन कुमार, मुखिया गुरुदयाल साव एवं कार्यकारी सहनाज सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। हजारीबाग डेंटल कॉलेज सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की देखभाल प्रदान करना है।



### अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची निर्धारण के लिए ग्रामसभा की तिथि तय

**तीन वर्षों के लिए तैयार की जा रही है सूची**

# प्राथमिकता के आधार पर होगा आवंटन : बीडीओ

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सबसे महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिए लाभुकों की चयन प्रक्रिया जारी

**नवीनमेल संवाददाता**

**बरही।** आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का सबसे महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिए लाभुकों का चयन प्रक्रिया जारी है। पारदर्शी और सही लाभुक को इसका लाभ दिलाया जा सके इसके लिए प्रखंड प्रशासन हर संभव प्रयासरत है. बीडीओ सीआर इंदीवर ने बताया कि शिविर के दौरान लगभग पौने ग्यारह हजार आवेदन सिर्फ अबूआ आवास के लिए प्राप्त हुए है. इनमे सभी का स्थल जांच किया जाना है। अब तक लगभग दो हजार आवेदको का सत्यापन बाकी है। जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा। इसके लिए पंचायत प्रधान, पंसस, सचिव सहित प्रखंड के एक अधिकारी का टीम गठित जा चुका है। जिनका स्पॉट सत्यापन करते हुए ऑनलाइन डाटा अपलोड कर किया जा रहा है।



सीआर इंदीवर, बीडीओ-बरही

प्राप्त डाटा के आधार पर प्राथमिक सूची निर्धारण हेतु 30 दिसंबर और 2 जनवरी 2024 को ग्राम सभा की तिथि तय की गई है. यह सूची अगले तीन वर्षो के लिए तैयार किया जा रहा है. जिन्हे प्राथमिकता के आधार पर जिला से उपलब्ध कोष के आधार पर आवास आवंटित किए जाएंगे. ग्राम सभा को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों और पंचायत सचिव को पत्र जारी किया जा चुका है. जारी तिथि के अनुसार 30 दिसंबर को खोड़ाहर, बेंदगी, केदारुत, बरही, पूर्वी, पश्चिमी, कोनरा, बसरिया, कोल्हुआकला, मलकोको, रानीचुआ, करियातपुर और धनवार, विजैया, गौरीयाकरमा, भंडारों, दुलमहा, करसो, डपोक और बरसोत पंचायत में 2 जनवरी 24 को ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा. जो पूर्वाह्न 11 बजे से पंचायत मुख्यालय में आयोजित होंगे।

### एक जनवरी से हड़ताल पर जाएंगे पीडीएस डीलर

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन झुमरी तिलैया नगर कमेटी की बैठक प्रखंड परिसर शिव मंदिर के समीप हुई। यह बैठक मनोज यदुवंशी और मनोज कुमार दास की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। बैठक में 1 जनवरी 2024 से राष्ट्रव्यापी शीतकालीन हड़ताल को सफल बनाने के लिए प्रस्ताव पास हुआ. बैठक में निर्णय हुआ कि सरकार पूर्व की भांति जन वितरण प्रणाली विक्रेता को जब तक अनुकंपा पर बहाली नहीं करती है, तब हम लोग हड़ताल पर रहेंगे। कहा कि हम सभी हड़ताल पर जाना नहीं चाहते हैं, लेकिन सरकार हमारी बातों को गंभीरता पूर्वक नहीं ले रही है, इसलिए हड़ताल हमारी मजबूरी है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह, पर्यवेक्षक विनोद कुमार भगवान, संरक्षक जागेश्वर प्रसाद, महेंद्र चौधरी, अर्जुन सिंह, गोपाल रजक, हरजीत सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, मोतीलाल शाह, सत्यनारायण सिंह, कुमार दास, काशीनाथ शाह, अरुण कुमार, विकास कुमार, नवरंग राम और तमाम जन वितरण प्रणाली विक्रेतागण उपस्थित थे।

# बच्चों ने नालंदा विवि और राजगीर का किया भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत स्थित झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया स्कूल द्वारा बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमा शंकर सिंह ने बच्चों को नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण कराते हुए विश्वविद्यालय के इतिहास से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय एक समय विश्व की सबसे बड़ी और प्रसिद्ध विद्यालय में से एक थी जिसमें कई देश के विद्यार्थी आ करके यहां अध्ययन और ज्ञान अर्जित किये। विश्वविद्यालय के बारे में आगे बताते हुए उन्होंने इसकी संरचना पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने बताया कि यह संरचना काफी आधुनिक तरीके बनाया गया था। वहीं बच्चों को राजगीर में ब्रह्मकुंड मंदिर का भी भ्रमण कराया गया जिसमें 22 कुंडो का विशेषता बच्चों को बताया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चे काफी मौज मस्ती करते रहे। वहीं प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण से मानसिक विकास होता है। शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक अशोक कुमार यादव ,शिव शंकर सिंह, पप्पू सिंह ,सुखदेव सिंह, महेंद्र हेम्ब्रम, विनय सिंह ,शिक्षिका सुगंती संतोषी शामिल थे।

### नेपाल टूर से वापस लौटे आईलेक्स के बच्चों ने बताया अपना-अपना अनुभव



**बरही ।** शैक्षणिक भ्रमण के क्रम में आईलेक्स पब्लिक स्कूल के 50 बच्चे इस वर्ष विदेश भ्रमण के लिए पड़ोसी देश नेपाल पहुंचे. भ्रमण सुरक्षित और ज्ञानवर्धन बनाने के लिए निदेशक शैलेश कुमार के निर्देशन में दस शिक्षको का दल गठित किया गया था. 25 दिसंबर को टूर के लिए निकली टीम नेपाल स्थित जनकपूर धाम और वापसी की क्रम में पटना, राजगीर और नालंदा का भ्रमण किया. इस दौरान बच्चो ने नेपाल में बच्चों ने माता सीता का जन्म स्थान, स्वयंवर स्थल, विवाह स्थल, समधी मिलन स्थल, कोहबर स्थल, जानकी कुण्ड आदि सहित जनकपुर के कई मंदिरों का भ्रमण किया. भ्रमण के क्रम में शिक्षको और स्थानीय गाईड ने स्थलो की महत्ता बताई. उनके सामने रामायण धारावाहिक के जनकपुर धाम की पूरी कड़ी देखने को मिल रहा था. जिसे देखकर और सुनकर बच्चे रोमांचित थे. वही लौटने के क्रम में पटना का गोलघर, चिड़ियाघर, राजगीर के गर्म कुंड, शांति स्तूप सहित नालंदा का भी भ्रमण कर ऐतिहासिक जानकारियां प्राप्त किया. निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि नेपाल भ्रमण के दौरान बच्चो ने जनकपुर की ऐतिहासिक कहानियों को काफी नजदीकी से जाना. इसके साथ ही नेपालवासियो के रहन सहन सहित कई ऐतिहासिक जानकारियां भी लिया. भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के रहने और खाने की उत्तम व्यवस्था की गई थी. विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए 10 शिक्षकों की टोलियां लगाई गई थी. ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी हेतु स्थानीय गाइड का सहारा लिया गया था. यह विद्यालय का पहला चार दिवसीय विदेश टूर था. टूर सफल बनाने के लिए सभी शिक्षको की टोली सहित विद्यालय प्रबंधन के प्रति विश्वास जताने के लिए निदेशक ने सबों का अभार जताया है।

### मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलकप्पी में कल्याण विभाग से प्राप्त 100 लोगों के बीच कंबल बांटा गया। मुखिया ललीता देवी एवं झारखंड आंदोलन कारी सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने गरीब व जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया ने कहा की कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय, वृद्ध लोगों को जरूरत के अनुसार कंबल दिया गया है। इस अवसर पर नन्दू राणा, वार्ड सदस्य द्वारिका साव, मुकेश मंडल, आलोक मोदी, अमर पांडेय, सोहन राम, ज्ञानदिप पांडेय, हरिचन्द्र साव, मुंशी रजक, जीतन पांडेय, वकील प्रजापति, जितन नायक, कैलाश पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### आमजन के हित को ध्यान में रखकर करें योजना का चयन : डीसी

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन व योजना के चयन को लेकर बैठक हुई. डीसी ने तीनों नगर निकाय को लेकर योजना चयन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए योजना का चयन करें और सभी योजनाओं का प्रस्ताव व स्टीमेट बनाकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं. साथ ही उन्होंने परिवहन मद, नागरिक सुविधा मद समेत अन्य मदों से कार्य करने वाले की जानकारी ली. शहरी क्षेत्रों की साफ-सफाई को लेकर जानकारी लेते हुए शहर की बेहतर तरीके से साफ-सफाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी झुमरी तिलैया नगर परिषद को शहर की साफ-सफाई को लेकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने को कहा. वहीं होल्डिंग टैक्स व वाटर टैक्स को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सभी नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटकर एक की मौत,जांच में जुटी पुलिस

**जलडेगा:**राउरकेला रांची रेलखंड के टाटी बरबेड़ा के बीच पॉल संख्या 535 के पास एक व्यक्ति की ट्रेन से गिर कर हुई मौत हो गई है। बताया जाता है कि यह घटनागुरुवार देर रात की है ट्रेन ड्राइवर के जानकारी देने पर स्टेशन मास्टर को सूचना मिली। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद रेलवे पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में गिरकर युवक हुआ घायल

**कुरडेग :** कुरडेग थाना क्षेत्र के खालीजोर के समीप कुरडेग कुटमाकछार मुख्य मार्ग मे मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घायल को इलाज के लिये कुरडेग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर गम्भीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अनुपम कुजूर सेमरडीपा निवासी युवक अपने मित्र राहुल कुजूर के साथ कुरडेग से अपने घर वापस जा रहा था। इसी क्रम में खालीजोर चुड़ा मिल के समीप अत्यधिक तीव्र गति होने के कारण मोटरसाइकिल पर नियत्रंण खो दिया जिससे बीच सड़क पर गिर पड़ा। मोटरसाइकिल चालक हेलमेट नहीं पहना था। ग्रामीणों द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए कुरडेग लाया गया। जहाँ डॉ प्रशान्त कुमार बारीक ने प्राथमिक उपचार करते हुए बताया कि माथे पर गंभीर चोट लगी है ,घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया।

# यूथ फेडरेशन व आदर्श समाज मंच का वनभोज आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** झारखंड यूथ फेडरेशन व आदर्श समाज निर्माण मंच संगठन के तत्वाधान में शुक्रवार को सलैया में स्थित कान्हवां जंगल में वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी टिंकू प्रसाद व संचालन छोटी रविदास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वन भोज के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा व आधुनिक सामाजिक परिदृश्य जैसे विषयों पर विशेष परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने विचार दिये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदर्श समाज निर्माण मंच के अध्यक्ष दिनेशेश्वर महतो ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में देश की बढ़ती जनसंख्या के कारण लोगों की आवश्यकता बढ़ रही है। जिसके फल स्वरुप लोग अपनी आवश्यकताएं पूर्ण करने हेतु हर तरफ से पर्यावरण का दोहन कर रहे हैं। पर्यावरण की बिगड़ती संतुलन के कारण ग्लोबल वार्मिंग सुखाड ,वायु प्रदूषण जैसे गंभीर समस्याओं को लेकर लोग चिंतित है । वहीं वर्तमान समय में लोग अनेक सामाजिक कुरीतियों का शिकार बन रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद प्रतिनिधि यमुना साव ने कहा कि पेड़ पौधों की सुरक्षा के साथ-साथ प्लास्टिक का प्रयोग में नियंत्रण करना और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, शिक्षक रामकृष्ण प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया कलावती देवी, रविकांत चौधरी,शिक्षक डॉक्टर प्रकाश कुमार अर्जुन चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, शिक्षक शशि भूषण प्रसाद ,मनोज कुमार, प्रमोद प्रसाद, जिप प्रतिनिधि सीके पांडेय, शिक्षक रामचंद्र प्रसाद, समाजसेवी छोटेलाल मेहता समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# मयोमडेगा में अबुआ आवास के लिए ग्रामसभा की बैठक



**जलडेगा :** प्रखण्ड के राजस्व ग्राम मयोमडेगा कुम्हार टोली चबूतरा में ग्राम प्रधान सुदर्शन लुगुन की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा बैठक की गई। इस बैठक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदनों के पंजीकृत लाभुकों का जो योग्य है पारित किया गया और जो लाभुक अयोग्य हैं उनका नाम ग्राम सभा द्वारा काट दिया गया। इस प्रकार कुल 29 पंजीकृत लाभुक में से 23 योग्य और 6 अयोग्य पाया गया। मौके पर ओड़गा ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम गांव को नशा मुक्त करना है जिसमें सबका सहयोग अति आवश्यक है। फिर बाहरी लोगों पर कड़ी नजर रखने के लिए कहा गया चूंकि बाहर से लोग आकर यहां की लड़कियों को बहला फुसलाकर ले जाते हैं। और ठगी लोगों से बचने के लिए कहा गया। अनजान व्यक्ति या फोन पर अपना आधार, पासबुक या किसी प्रकार का कोई जानकारी मोबाईल से नहीं देने की सलाह दी गई।

### जलडेगा में खपरा हटाकर दुकान से चोरी

**रुपए सहित कई सामानों पर चोरों ने किया हाथ साफ**

**जलडेगा:** ओड़गा ओ.पी. क्षेत्र के मयोमडेगा कुम्हार टोली स्थित पूर्व वार्ड सदस्य सागेन लुगुन के दुकान पर गुरुवार रात को अज्ञात चोरों ने अपना हाथ साफ कर दिया। दुकान घर में घुसने के लिए चोरों ने घर का खपड़ा और बाता को हटाया और दुकान में रखे रुपए सहित खाने के कई सामानों को लेकर चले गए। सूचना मिलने पर ओड़गा ओ.पी.प्रभारी पंकज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया। ज्ञात हो कि मयोमडेगा में चोरी की ये घटना पहली बार नहीं है, इससे पहले भी गांव में कई बार चोरी हुई है, गांव वालों का कोई स्थाई समाधान नहीं होने पर गांव के लोग हमेशा चिंतित रहते हैं।

### नववर्ष पर सिमडेगा पुलिस अलर्ट सभी पिकनिक स्पॉटों पर रखेगी पैनी नजर

**सिमडेगा:** नव वर्ष आने वाला है ऐसे में सभी लोग विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर जाकर अपने परिवार के संग पिकनिक आनंद उठाते है, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सिमडेगा पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। जानकारी देते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ ने बताया कि सिमडेगा के सभी थाना क्षेत्र में पर्यटन स्थलों पर विशेष रूप से पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि आने वाले सैलानियों को किसी प्रकार से कोई भी समस्या उत्पन्न हो ।इसके अलावा उन्होंने कहा कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी जगह पर नववर्ष के दिन सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा ताकि पिकनिक स्पॉटों के आसपास सभी रोड राइडरों पर नकल कसा जा सके, उन्होंने कहा कि कई बार देखा जाता है कि पर्यटन स्थल के आसपास तीव्र गति से मोटरसाइकिल चलाते हैं, ऐसे में सैलानियों को दुर्घटना होने की संभावना रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुए चलाया जाएगामइधर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने कहा है कि कोविड के नए वेरिएंट को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा मापदंडों का पालन करते हुए लोग पिकनिक का आनंद उठाएं ताकि किसी प्रकार से कोई भी परेशानी लोगों को ना हो।

### चिरलोटोली शंख नदी के पास बेसुध मिली अज्ञात महिला की हुई मौत



**ठेठईटांगर:** ठेठईटांगर प्रखंड के रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरलोटोली शंख नदी के पास बेसुध अवस्था में पुलिस को मिली महिला को सदर अस्पताल सिमडेगा में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना का संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों द्वारा नदी के बालू में बेसुध अवस्था में एक महिला होने की सूचना रेंगारिह पुलिस को दी थी। जिसके बाद पुलिस ने महिला को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान नहीं हो पाई है,वहीं कयास लगाया जा रहा है कि रात भर ठंड में रहने की वजह से महिला की मौत हुई। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली कारण पता चल सकेगा।

### बोलबा मुखिया टोली नदी के पास घायल अवस्था मिले युवक की इलाज के क्रम में मौत

**सिमडेगा/** बोलबा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखिया टोली नदी के पास घायल अवस्था में मिले युवक की शुक्रवार को सदर अस्पताल लाने के साथी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान सुशील लकड़ा के रूप में हुई। घटना के संबंध में उसके पिता जोसेफ लकड़ा ने बताया कि वह शादी समारोह में गया था और पहले सुबह उठकर वहां पर नाश्ता सहित कई चीजे पकवान आदि बनाकर दोस्तों के साथ घूमने के पश्चात नहाने के लिए नदी गया और काफी देर तक जब वह नहीं आया, तब वहां पर स्थानीय लोगों ने बताया कि वहां पर गंभीर रूप से जख्मी हालत में बेहोशी की हालत में सुशील पड़ा हुआ है। परिवार वाले तत्काल उसे उठाकर इलाज के लिए बोलबा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया। इधर-उधर अस्पताल सिमडेगा में डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं मौत के कारणों का पता नहीं चला इसलिए डॉक्टर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई एवं पोस्टमार्टम करने की बात कही समाचार लिखकर जाने तक युवक केशव का पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका था।

# कारीमाटी ग्रामसभा अवैध बालू उठाव पर लगाएगी रोक

**बालू उठाव करते हुए पकड़े जाने पर न थाना न ही सीओ सीधे खनन विभाग को करेंगे सुपुर्द : मस्कल्याण**



**जलडेगा:** शुक्रवार को पतिअम्बा पंचायत के कारीमाटी में आयोजित विशेष ग्राम सभा बैठक में ग्रामीणों ने एक महत्वपूर्ण विषय पर निर्णय लिया है। अब ग्राम सभा कारीमाटी नदी से बाहरी बालू कारोबारियों को बालू उठाव करने नहीं देगी। जानकारी देते हुए ग्राम सभा उपाध्यक्ष मस्कल्यान समद ने कहा कि कारीमाटी गांव के लोग वर्षों से गांव के जल जंगल जमीन की रक्षा करते आ रहे हैं। और बाहरी लोग आराम से गांव घुसकर नदी के बालू को चोरी कर के ले जाते हैं और ऊंचे ऊंचे कीमतों पर बेचकर मोटी रकम कमा रहे हैं। जिसको देखते हुए ग्राम सभा ने निर्णय लिया है कि अब बाहरी लोगों को गांव के नदी से बालू उठाव नही करने दिया जायेगा। गांव के बहुत लोगों का आवास योजना स्वीकृत हुआ है अब गांव के लोग ही बालू का उपयोग करेंगे आवास के लिए ताकि उन्हें कहीं और से बालू खरीदना न पड़े। साथ ही ग्राम सभा ने ये भी निर्णय लिया है कि बालू उठाव करते पकड़े जाने पर न थाना को सूचित किया जायेगा और न ही सीओ को सीधे खनन विभाग को गाड़ी सुपुर्द कर दिया जायेगा। मौके पर मुखिया बिमला देवी, उप प्रमुख शशि सत्यभामा बडिंग, ग्राम सभा उपाध्यक्ष मस्कल्याण समद, आनंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, अनिल बरजो, ललित प्रकाश बड़ाईक, एतवा बडिंग सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# एक दिवसीय उरांव सम्मेलन का किया गया आयोजन

**बोलबा :** प्रखंड के कुंदुरमुंडा गाँव मे शुक्रवार को एक दिवसीय उराँव सम्मेलन का आयोजन किया गयाइस मौके पर सरना झंडा गाड़ कर विधिवत पूजन किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया। इस मौके पर बच्चियों द्वारा नृत्य-संगीत का आयोजन किया गया। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजी पड़हा राऊरकेला की झारियो केरकेट्टा ने कहा कि दुनियां का सबसे पुराना धर्म आदिधर्म अर्थात सरना धर्म पर विश्वास करें धर्म परिवर्तन करने की जरूरत नही है सरना धर्म सशक्त है इसमें अशीम शक्ति है अंधविश्वास में आकर झाड़-फूंक, ओझा -गुनी, भूत-प्रेत की चक्कर में नहीं रहें इससे समाज बिखरता है। कोई भी समाज में डायन अगर है और अपने करतूत से किसी की जान ले सकता है तो उसकी सूची बनाकर हमे दे। सरकार से दरखास्त करूंगी कि हमारे समाज में इतने डायन है इसे भारत देश बॉर्डर में बहाल करे ताकि दुश्मन को अपने मंत्रो से मार सके। उन्होंने सरना धर्म की महत्व, शक्ति, प्रार्थना आदि के बारे विस्तृत जानकारी दिया।



# सिमडेगा उपायुक्त ने सातकोठा पिकनिक स्थल का किया निरीक्षण



**नवीनमेल संवाददाता**

**सिमडेगा:** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को जलडेगा प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त ने गागूटोली पंचायत अंतर्गत सातकोठा पिकनिक स्थल का मुआयना किया। उपायुक्त ने घने जंगलों एवं प्राकृतिक छटाओ के बीच स्थित सातकोठा पिकनिक स्थल की सुंदरता को देखकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। पर्यटन स्थल के रूप में सातकोठा को विकसित करने हेतु आवश्यक संभावनाओं को तलाशा। साथ ही उन्होंने पर्यटन स्थल की विधि-व्यवस्था का भी जायजा लिया। पर्यटन स्थल के विकास की दिशा में मूलभूत सुविधाओं सहित पहुंच पथ एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर मुखिया अनीमा टोपनो, पंचायत समिति सदस्य रोशन खड़िया, ग्राम प्रधान मनोनित टोपनो, उप मुखिया मागदली टोपनो,रोजगार सेवक राम कुमार गुप्ता, पंचायत सचिव मनीष कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

# पलामू में महिला से दुष्कर्म पर हेमंत सोरेन का भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा:** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी के नेतृत्व में शुक्रवार को सिमडेगा शहर के हृदय स्थलीय महावीर चौक में पलामू जिला के एसपी और डीसी के ड्राइवर के द्वारा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के खिलाफ हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनी है महिलाओं के साथ अत्याचार की घटना बढ़ी है। आदिवासी के नाम पर बनी हेमन्त सरकार के राज्य में लगातार जनजातीय महिलाओं के साथ हत्या दुष्कर्म एवं लव जिहाद पूरे झारखंड में चरम सीमा पर है, ऐसी स्थिति में महिला मोर्चा जिला सिमडेगा हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग करती है। पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी हेमंत सोरेन के 4 वर्ष का शासन को कूशासन बताया और कहा हर तरफ राज्य में अराजकता है भ्रष्टाचार है ,हेमंत सरकार पूरी तरह से विकास विरोधी सरकार है ।आदिवासी विरोधी सरकार है आने वाले चुनाव में जनता इनको सबक सिखाएगी। जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने सरकार को युवा विरोधी सरकार बताया।आज पूरे राज्य में बेरोजगारी से युवा परेशान है और अपने भविष्य की चिंता कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक,जिला महामंत्री दीपक पूरी, रामविलास बड़ाईक, सिमडेगा विधानसभा विस्तारक शशि दास,अनूप प्रसाद,अनिरुद्ध सिंह, सत्यनारायण प्रसाद,सतीश पांडे,पिंकी प्रसाद, शिखा प्रदीप जायसवाल जोगिंदर राम,संजय जयसवाल,श्री लाल साहू,फनीभूषण शाहा, चंदन लाल कसेरा,आलोक श्रीवास्तव इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।



### सरकार के 4 साल के कार्यकाल को विश्वासघात दिवस के रूप में मनाया

# आजसू पार्टी ने किया प्रदर्शन

**सिमडेगा:** आजसू पार्टी सिमडेगा द्वारा झारखंड सरकार के 4 वर्षों के कार्यकाल पूरा होने पर शुक्रवार को जिला अध्यक्ष धुपेंद्र पांडे की अगवाई में विश्वासघात दिवस के रूप में मनाते हुए सिमडेगा प्रिंस चौक के पास प्रदर्शन कर जाम कर नारेबाजी की। मौके पर जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडे ने कहा की राज्य सरकार जिस वादे के साथ सरकार बनाई थी उस पर पूरी तरह से नाकाम रही। सरकार ने वादा किया था की सरकार बनने के बाद स्थानीय को 75 फीसदी आरक्षण, 25 करोड़ का टेंडर स्थानियों को देना,किसानों की कर्जमाफी, गरीबी महिलाओं को 2 हजार रुपए चूल्हा भत्ता, हर गरीब परिवार को 72 हजार रुपए हर साल,जनवितरण प्रणाली से चायपति, सरसों तेल,साबुन, दाल भी दिया जाएगा। इस तरह अनेकों वादा करके सरकार में आई थी परंतु एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने कहा सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है आज बालू का टेंडर नहीं करवा पाने से विकास की गति रुक गई है। धर पकड़ करवा कर ट्रैक्टर मालिकों को परेशान किया जा रहा है। अभी वसूली का काम जोरों शोरों से पूरे राज्य में चल रहा है।



## एक नजर

### करंट की चपेट से मजदूर हुआ जख्मी

**धनबाद।** सरायढेला के सुगियाडीह में गुरुवार को मिट्टी खुदाई कर रहा मजदूर करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे एसएनएमएम सीएच में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे ऑक्सीजन स्पोर्ट पर रखा है। घायल नसीमुद्दीन बिहार के अररिया का रहने वाला है। सुगियाडीह में मजदूर जेबीवीएनएल की अंडरग्राउंड केबलिंग के लिए चिह्नित एजेंसी के अधीन जमीन की खुदाई कर रहे थे। इस दौरान वह अंडरग्राउंड केबल के संपर्क में आ गया।

### एक साल से फरार हत्यारोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत एसडीएसएम स्कूल के पीछे टेल्को कॉलोनी मिलेनियम पार्क के रहनेवाले चंद्रभूषण सिंह पर 31 दिसंबर 2022 की रात जानलेवा हमला किया गया था। इलाज के दौरान चंद्रभूषण की मौत हो गई थी। मामले में फरार चल रहे गुरप्रीत सिंह संधू उर्फ गोल्डी को सिदगोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने गुरप्रीत को जेल भेज दिया है। मामले में मृतक के पिता अरविंद सिंह के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी में अमित सिंह, विकाश पाठक, हिमांशु सिंह, विशाल सहिस, ऋतिक पांडेय, चिराग, राय टुडू व अन्य 4-5 अज्ञात को भी आरोपी बनाया गया थी। अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### बीबीएमकेयू : फॉरेन लैंग्वेज में नामांकन शुरू

**धनबाद।** बीबीएमकेयू धनबाद ने फॉरेन लैंग्वेज जर्मन व फ्रेंच का विभिन्न कोर्स में नामांकन के लिए मेधा चयन सूची जारी कर दी है। नामांकन मंगलवार से शुरू हुआ। नामांकन की अंतिम तिथि चार जनवरी है। विवि एडमिशन सेल ने आदेश जारी कर दिया है।

### पारिवारिक विवाद में मां-बेटे ने जहर खाया, हालत गंभीर

**धनबाद :** जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बापू नगर में पारिवारिक विवाद को लेकर मां-बेटे ने जहर खा लिया। आनन-फानन परिजन दोनों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। बेटे की स्थिति गंभीर है. हालांकि मां की हालत में थोड़ी ठीक है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पैसे को लेकर घर में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था. आज बुधवार की सुबह मां इंदु देवी ने बेटे गोविंद कुमार को डांटा तो बेटे ने जहर खा लिया। बेटे को जहर खाता देख मां ने भी जहर का सेवन कर लिया। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गयी. फिलहाल मां-बेटे दोनों इलाजरत हैं।

### सीतारामडेरा में ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत कालिंदी बस्ती स्थित कालिंदी क्लब के पास ब्राउन शुगर बेच रहे रवि किशोर पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रवि के पास से 24 पुड़िया ब्राउन शुगर भी बरामद किया है। शुक्रवार को पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रवि भुइंयाडीह का रहने वाला है। वह पूर्व में भी नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में जेल जा चुका है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात वह कालिंदी क्लब के पास ब्राउन शुगर बेच रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के क्रम में उसके पास से 24 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

---

बगैर हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहनों को रुकवाकर चालकों को फूलमाला पहनाया गया

# तिसरी पुलिस ने चलाया ट्रैफिक जागरूकता अभियान



**नवीनमेलसंवाददाता**

**गिरिडीह :** तिसरी पुलिस ने प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक पर ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें मुख्य रूप से प्रभारी बीडीओ विनोद कुमार सिंह, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार एसआई अभिमन्यु पडिहारी, तिसरी के मुखिया किशोरी साव, यमराज के प्रतीकात्मक स्वरूप में तैयार नीरज बर्णवाल सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे। मौके पर सड़क से गुजरने वाले दो पहिया व चार पहिया वाले वाहनों में बगैर हेलमेट, बगैर सीट बेल्ट और ओवरलोड चलने वाले लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायद देते हुए उन्हें फूलों की माला पहनाकर गुलाब दिया गया। बताया गया कि इस जागरूकता अभियान के तहत गिरिडीह पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना को नियंत्रण करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें बगैर हेलमेट के दो पहिया वाहन, बगैर सीटबेल्ट के चार पहिया वाहन, बगैर ड्राइविंग लाइसेंस,शराब पीकर वाहन चलाने, कम उमर में वाहन चलाने आदि की रोकथाम को लेकर विशेष जागरूक किया गया। मौके पर प्रभारी बीडीओ विनोद कुमार सिंह ने कहा कि ट्रैफिक जागरूकता अभियान के तहत लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन कर वाहन चलाने की अपील की गई ताकि वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को समझें। वहीं थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर ट्रैफिक जागरूकता अभियान के तहत लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन के साथ वाहन चलाने की अपील की गई।

---

जान मारने की धमकी देने के विरोध में आईएमए

# आज से एक जनवरी तक हड़ताल पर रहेंगे निजी नर्सिंग होम के डॉक्टर

**धनबाद:** सर्वमंगला नर्सिंग होम के संचालक सह डॉक्टर से रंगदारी मांगने और पैसे नहीं देने पर जान मारने की धमकी देने के विरोध में गुरुवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। धनबाद के सभी निजी नर्सिंग होम के डॉक्टर 30 दिसंबर से एक जनवरी तक हड़ताल पर रहेंगे। नर्सिंग होम की इमरजेंसी सेवा बाधित रहेगी। एक भी मरीज को भर्ती नहीं लिया जाएगा। उक्त बातें जालान अस्पताल में आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर मेजर चंदन ने प्रेस वार्ता में गुरुवार को कहीं। उन्होंने कहा कि आईएमए की बेमियादी हड़ताल थी। इस बीच धनबाद एसएसपी का तबादला हो गया। इसके बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो हमलोग आगे की रणनीति तैयार करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल संचालित रहेंगे, जहां मरीज अपना इलाज करा सकते हैं। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर आंदोलन से अभी अलग हैं। डॉक्टर मेजर चंदन ने कहा कि सर्वमंगला प्रसाद से रंगदारी मांगने के मामले में अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। प्रशासन ने सुरक्षा के नाम पर सिर्फ उन्हें जवान मुहैया कराया है। पुलिस रंगदारी मांगनेवालों को अबतक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आगे उन्होंने बताया कि धनबाद में डॉक्टरों से रंगदारी की मांगने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई डॉक्टरों से रंगदारी मांगी गई थी, जिससे तंग आकर एक डॉक्टर को कुछ दिन के लिए धनबाद छोड़ना पड़ा था। रंगदारी को लेकर कभी जांचघरों पर गोलीबारी तो कभी डॉक्टरों को निशाना बनाया जा रहा है और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। ऐसे डॉक्टरों के पास हड़ताल पर जाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा है। मौके पर डॉ एके सिंह, प्रणय पूर्वे, डॉक्टर बीके गुप्ता सिंह, डॉ निखिल ड्रोलिया समेत अन्य मौजूद थे।

**नर्सिंग होम की इमरजेंसी सेवा बाधित रहेगी**

---

### अनियंत्रित कार खेत में घुसी, महिला घायल

**जमशेदपुर :** गालूडीह थाना क्षेत्र के उल्दा गांव के समीप बुधवार को एनएच 18 फोरलेन से अनियंत्रित होकर कर खेत में घुस गया। इस दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना गालूडीह पुलिस को मिलने के बाद तत्काल कर में सवार दो लोगों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला भेज दिया। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ आर एन टुडू ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल 68 वर्षीय रश्मि चंद को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया जबकि 75 वर्षीय हेम चांद को मामूली चोट लगी है। घटना के संबंध में कोलकाता के सर्वर रोड़ निवासी हेम चांद ने बताया कि अपने रिश्तेदार के घर दिल्ली से वापस कोलकाता जा रहे थे। बुधवार की सुबह रांची से कोलकाता के लिए निकले अचानक फोरलेन पर गड्ढा बचाने के क्रम में कर अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई कर हेम चांद ही चला रहे थे।

### कीचड़ और लीचड़ से बचे जनता : डॉ सलीम अंसारी



**गिरिडीह:** बिरनी प्रखंड के खेदवारा गांव में कांग्रेस पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस जनसंपर्क अभियान का अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह व संचालक डॉक्टर आसिफ अंसारी ने किया इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह प्रखंड अध्यक्ष निरंजन राय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह भावी प्रत्याशी डॉक्टर सलीम अंसारी युवा संगठन अध्यक्ष सलीम अंसारी बिस सूत्री सदस्य सलीम मलिक कलीम परवेज राजू अंसारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम शुरूआत आए हुए मुख्य अतिथि के तौर पर लोगों ने उसे फूल देकर स्वागत किया गया। वही जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जो भी केंद्र सरकार भाजपा सरकार है। वह सिर्फ हिंदू मुसलमान लड़ाई करने की बात करते हैं। यह केंद्र सरकार जनता की भलाई का या तो विकास करने का नाम ही नहीं लेता सिर्फ आपस में लड़ाई कराने का काम करता है। यहां के आए हुए जनता को संकल्प लेने कि जरूरत है,ताकि आने वाले चुनाव में इस बीजेपी सरकार को उखाड़ कर फेंक देने का प्रयास करना है। वही विधानसभा में डॉक्टर सलीम अंसारी को चुना गया है आपलोग इस पर अपना आशीर्वाद जरुन बनाये रखना तकि विधानसभा में आ सके। वही डॉ सलीम अंसारी ने कहा कि लोगो दो चीजों से बचना चाहिए एक कीचड़ और दूसरा लीचड़ से तभी आगे बढ़ पाओगे। वहीं प्रखंड अध्यक्ष निरंजन राय ने संबोधित करते हुए कहा कि इस बगोदर विधानसभा में सिर्फ लोगों को विकलांग बना कर रखा गया है, सिर्फ चुने हुए लोगों को ही विकास करने का दिया जा रहा है।

### रंगदारी मांगने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**गिरिडीह:** गिरिडीह पुलिस ने संवेदक से रंगदारी मांगने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक पर नगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर के रहने वाले संवेदक रामजी पांडेय से फोन पर 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप है। गिरफ्तार युवक पचंबा थाना इलाके के आजाद नगर का निवासी इमरान अंसारी बताया जा रहा है। इस संबंध में गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर की शाम को शास्त्री नगर के रहने वाले रामजी पांडेय ने यह सूचना दी कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया और फोन करनेवाले ने अपना नाम छोटू खान बताते हुए उनसे 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल गोपनीय तरीके से पूरे मामले की जांच की गई और छापेमारी अभियान चलाकर फोन करने वाले मोबाइल धारक इमरान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कांड में शामिल अन्य अभियुक्त की भी पहचान कर ली गई है, जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### ताइक्वांडो के एसजीएफआई नेशनल स्कूल गेम्स में तीन खिलाड़ी चयनित



**चाईबासा :** मध्य प्रदेश में आगामी 1 से 4 जनवरी तक होने वाले ताइक्वांडो के एसजीएफआई नेशनल स्कूल गेम्स में कार्मेल स्कूल चक्रधरपुर के तीन खिलाड़ी स्वाती गोप, याना सोय, सावन मुखी तथा आदर्श विद्यालय देवगांव की खुशी प्रधान झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे. खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर रांची में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता के दौरान किया गया है. जिसमें इन सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील तथा जिला खेल पदाधिकारी रुपा रानी तिर्की ने खिलाड़ियों से बात की. कहा आप इतनी आगे जीत कर आये हैं इसके लिए बहुत बहुत बधाई एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी आपको बेहतर प्रदर्शन करना है और पदक प्राप्त कर लौटना है. साथ ही खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और विजय होकर लौटने की कामना की। मौके पर पश्चिमी सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अनुराग शर्मा, कोच संतानू महतो उपस्थित थे।

---

## धनबाद के 500 गांवों में जलापूर्ति की समस्या का होगा निदान

**नवीनमेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के 500 गांवों में जलापूर्ति का रास्ता साफ हो गया है। जलापूर्ति योजनाओं का काम जनवरी-2024 से शुरू होगा, जो 27 माह में पूरा किया जाएगा। गोविंदपुर, एग्यारकुंड, कलिया सोल और निरसा प्रखंड के गांव लाभान्वित होंगे। लाखों लोगों को पर्याप्त पानी मिलेगा। गोविंदपुर और निरसा नॉर्थ साउथ मेगा जलापूर्ति योजना का टेंडर फाइनल हो गया है। दो एजेंसियों को काम मिला है। श्रीराम ईपीसी और सियान इंजीनियरिंग को जल्द वर्क ऑर्डर मिलेगा। इसके बाद योजना पर काम शुरू होगा।

### 655 करोड़ की लागत से पूरी होगी योजना

गोविंदपुर, निरसा नॉर्थ-साउथ मेगा जलापूर्ति योजना की राशि बढ़ाकर 655 करोड़ रुपए कर दी गई है। श्रीराम ईपीसी को नॉर्थ के 431 करोड़ और साउथ जोन के 224 करोड़ का टेंडर सियान इंजीनियरिंग को दिया गया है। 27 माह में काम पूरा करना है। बता दें कि पूर्व में इजरायल की कंपनी टहल को काम मिला था। उसे अक्तूबर-2017-2020 तक काम पूरा करना था। दोनों योजनाओं को मिलाकर 750 करोड़ रुपए का टेंडर निकाला गया था, लेकिन कार्य करने की गति काफी धीमी थी। विभाग ने काम में तेजी लाने के लिए कई बार नोटिस दिया, बावजूद काम में तेजी नहीं आई। इसके बाद अधिकारियों ने एजेंसी को टर्मिनेट कर दिया। धरातल पर करीब 50 प्रतिशत काम हुआ था और काम के अनुरूप ही भुगतान हुआ था। एजेंसी टर्मिनेट होने के बाद एक साल तक काम बंद था। पंचेत और मैथन डैम में एक-एक इंटेक वेल और 29 जलमीनार बनाए जाएंगे। नॉर्थ में 62 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और 17 जलमीनार और साउथ में 38.25 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट और 12 जलमीनार बनाए जाएंगे, रॉ वाटर फिल्टर होगा।

---

मेघा क्लब प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित

# गरीब बच्चे बेहतर नागरिक और इंसान बनेंगे: स्टेला सेलबम



**नवीनमेल संवाददाता**

**चाईबासा:** महिला समिति, मेघाहातुबुरु की अध्यक्ष स्टेला सेलबम के नेतृत्व में मेघा क्लब प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टेला सेलबम ने कहा कि गरीब बच्चे देश के भविष्य व बेहतर नागरिक व इंसान बनेंगे। फिर इनके साथ उपेक्षा क्यों। इनके बीच प्यार बांटकर क्यों नहीं इनके अधरों पर मुस्कान व खुशी लाई जाये। हम लोग क्रिसमस व नववर्ष पर परिवार व बच्चों के साथ घर अथवा बाहर में खुशियां मनाते हैं, मौज-मस्ती करते हैं, तरह-तरह के व्यंजन खाते हैं, लेकिन हमारे समाज में अनेक गरीब बच्चे इन खुशियों से वंचित रहते हैं। ऐसे बच्चों के साथ हम सभी क्रिसमस व नववर्ष की खुशियां मनाने का फैसला किया है। शुक्रवार को मेघाहातुबुरु उत्तरी पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ने वाले 43 गरीब बच्चों को महिला समिति की ओर से गर्म कपड़े, शिक्षण सामग्री, उपहार, फल, मिठाइयां, स्नैक्स तथा पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराकर उनके अधरों पर खुशियां बिखेरने व अपनों जैसा प्यार बांटने का कार्य किया गया। समाज के सभी संपन्न वर्ग अपना थोड़ा-थोड़ा समय ऐसे बच्चों के लिये निकालेंगे तो ये बच्चे अपने आपको अकेला महसूस नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा सहयोग करने से भगवान भी खुश होते हैं। हमारे पास सीमित फंड है। सभी महिला समूह की महिलाएं यह कार्यक्रम दिल से तथा हर्षोउल्लास के साथ आयोजित की। इस दौरान महिलाओं ने बच्चों के साथ काफी समय व्यतीत किया तथा उनके साथ काफी प्यार व अपनापन बांटा।

---

# पूर्वी बलगो आंगनबाड़ी केंद्र में हो रही मनमानी



**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीह:** बिरनी प्रखंड के पूर्वी बलगो में इन दोनों आंगनबाड़ी केंद्र सेविका और सहायिका मनमाने ढंग से संचालित कर रही हैं। ऐसा ही एक मामला गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के पूर्वी बलगो आंगनबाड़ी केंद्र का है। जो बुधवार आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला जब वहां देखा गया तो कमरे में ताला लगा हुआ था। जब सेविका अनिता देवी और सहायिका चम्पा देवी को भनक लगी तो कि यहां पर पत्रकार आए हुए हैं। तो वह दौड़ी चली आई वह अपने आंगनबाड़ी केंद्र खोला हालांकि इस आंगनवाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा नहीं था और 11 बजे आंगनबाड़ी केंद्र खोला गया जब सहायता को आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ऐसा ही रहता है, तो यह सवाल उठता है कि कि अगर 9:00 संचालित आंगनबाड़ी होनी थी तो 11:00 बजे किसके इशारे से संचालित किया जा रहा है। बिरनी में इस तरह की मामला लगातार आ रही है, लेकिन विभाग कार्रवाई करने की नाम ही नहीं ले रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मामला एक दिन का नहीं है, इस आंगनवाड़ी केंद्र के सेविका और सहायिका हर दिन इसी तरह करती है। कई बार जनप्रतिनिधियों ने इसको अपने रवैया से बाहर जाने का कहा गया लेकिन यह किसी की ना सुने और वह अपने मनमानी ढंग से संचालित करते आ रही है।

---

### खरखरी बाजार से मोटरसाइकिल की चोरी

**गिरिडीह/बिरनी।** प्रखंड के पथलडीहा निवासी उदय साव ने बिरनी थाना में आवेदन देकर खरखरी बाजार से मोटर साइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि करीब 7 माह पहले नेकपुरा, देवरी निवासी लखन तुरी से बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल (जेएच 11 एच 6884) खरीदी थी। बुधवार शाम अपनी मोटरसाइकिल से भरकट्टा की ओर से आ रहा था। उसी समय खरखरी बाजार के पास मोटरसाइकिल खड़ी कर हैंडल लॉक कर सब्जी खरीदने चले गए। वापस आया तो मोटरसाइकिल नहीं मिली। काफी खोजबीन की परन्तु मोटर साइकिल का कुछ नहीं पता चला। इस सम्बंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने कहा कि आवेदन मिला है कि मामले में जांच की है रही है।

---

## सुबह से एनएच 32 पर लगा था जाम रेंग रहे थे वाहन, राहगीर परेशान




**नवीनमेल संवाददाता**

**सरायकेला:** चांडिल बाजार में शुक्रवार सुबह से ही एनएच 32 पर जाम की स्थिति है। टाटा-धनबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर वाहन रेंगते हुए चल रही है। सड़क पर करीब 10 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि पितकी रेलवे फाटक के पास सड़क मरम्मत का काम किया जा रहा है। सड़क के आधे भाग को खोदकर फिर से बनाया जा रहा है। वहीं लगभग हर दस मिनट के अंतराल पर रेलगाड़ी के गुजरने के कारण फाटक बंद हो रहा है। ऐसे में सड़क पर वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। सड़क पर जाम की स्थिति बने रहने के कारण चांडिल बाजार में खरीदारी पर व्यापक असर पड़ा है। यात्री परेशान है और आम लोगों को भी इससे कठिनाई हो रही है विदित हो कि चांडिल क्षेत्र की जनता लंबे समय से खस्ताहाल सड़क की मरम्मत कराने की मांग कर रहे थे। इसके बाद एनएचएआई ने सड़क मरम्मती के लिए निविदा निकाला। पिछले दिनों सांसद संजय सेठ और विधायक सविता महतो ने सड़क मरम्मती कार्य का विधिवत शिलान्यास किया था। वर्तमान में चांडिल गोलचक्कर से जामडीह तक बदहाल सड़क की मरम्मत का काम किया जा रहा है।

---

## आरपीएफ ने छापेमारी कर 2 टन स्क्रैप के साथ 2 को पकड़ा, भेजा जेल




**सरायकेला:** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) आदित्यपुर पोस्ट ने दो शातिर बदमाशों को चोरी के रेलवे के सामानों के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। गिरफ्त में आए दोनों युवक जमशेदपुर जुगसलाई के रहनेवाले हैं। इनका नाम मोहम्मद सलाउद्दीन उर्फ राजा और मोहम्मद कलीम बताया जाता है। आदित्यपुर थाना क्षेत्र के राम मड़ैया बस्ती में अवैध टाल चल रहे हैं जिसमें चोरी के वाहनों की कटिंग और रेलवे के चुराए स्क्रैप को बेचा जाता है। आरपीएफ आदित्यपुर पोस्ट ने इसी टाल पर छापेमारी कर दोनों आरोपियो को रेलवे के स्क्रैप के साथ गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस ने बताया कि इनके पास से करीब दो टन रेलवे का स्क्रैप बरामद हुआ है। रेल पुलिस इस गिरोह के सरगना की तलाश में जुटी है।

---

# गिरिडीह पुलिस ने लूटे गए सामान के साथ चार अपराधियों को किया गिरफ्तार





**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार शातिर अपराधियों को लूटे गए सामान के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अपराधियों में नितेश कुमार सिंह, समसुद्दीन अंसारी, सुजीत कुमार सिंह और मो. सबा शामिल है। बताया जाता है कि अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के कोरियाटांड़ में बीते 16 नवंबर को मो. ताहिर अंसारी नामक युवक के साथ अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था।

इस बाबत गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर बताया कि बीते 16 नवंबर को मो. ताहिर अंसारी नामक युवक अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बंगाली मोड़ के पास पहुंचा, तो दो बाइक सवार अपराधियों ने उसकी बाइक को रोक कर उससे 75 हजार रुपये के साथ अन्य दस्तावेज आदि लूट लिया था। जिसके बाद ताहिर अंसारी ने अहिल्यापुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी श्री शर्मा के निर्देश पर तुरंत ही एक छापेमारी दल का गठन किया गया था, जिसमें पुलिस निरीक्षक गांडेय मो. कमाल खान, अहिल्यापुर थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह, ताराटांड़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो और ताराटांड़ और अहिल्यापुर के पुलिस जवानों को शामिल किया गया था। गठित टीम के द्वारा छापेमारी कर चारों अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से पुलिस ने लूट की घटना में प्रयुक्त हुई अपाची मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, दो यूनियन बैंक का डेबिट कार्ड, दो प्रीपेड कार्ड, एक बैंक ऑफ इंडिया का डेबिट कार्ड और प्रीपेड कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड भी बरामद किया है।

---

# खनन टास्क फोर्स ने जब्त किये कोयला लदे छह ट्रक

**नवीनमेल संवाददाता**

**कतरास।** कोयला के अवैध खनन व कारोबार पर अंकुश लगाने की जिला प्रशासन की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। खनन टास्क फोर्स की टीम मंगलवार को कतरास व आसपास के इलाकों में पहुंची। टीम में कोयले लदे ट्रकों की जांच शुरू की तो छह ट्रक जब्त किए गए। सभी ट्रकों पर कोयला लदा था। जिला खनन पदाधिकारी बिनोद कुमार प्रमाणिक व पुटकी सीओ ने मिलकर कार्रवाई की। एसडीओ उदय रजक ने बताया कि डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर कार्रवाई की गई। प्रत्येक ट्रक में 25-25 टन कोयला लदा था। कुल जब्त कोयले की बात करें तो यह डेढ़ सौ टन के करीब है। जब्त ट्रकों को कतरास थाना के हवाले कर दिया गया है। थाने में एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। सभी ट्रक श्यामडीह मोड़ के पेट्रोल पंप के निकट खड़ी थी। छापेमारी के क्रम में ट्रक के चालक व खलासी भाग निकले। मालूम हो कि रविवार की देर रात से लेकर सोमवार की सुबह तक जीटी रोड पर छापेमारी की गई थी। इसमें 54 ट्रकों को जब्त किया गया था। खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई के बाद कोयला के अवैध कारोबारियों में हड़कंप है। एसडीओ ने बताया कि जब्त किए गए सभी छह ट्रकों को कतरास पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मामले में एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। जब्त ट्रक संख्या जेएच 10 एवाई 7159, जेएच 10 बीएस 9703, जेएच 10 सीपी 9970, जेएच 10 एएस 9703, जेएच 10 सीटी 8725 एवं ट्रक संख्या जेएच 10 बीके 3426 के मालिकों का पता लगाया जा रहा है। मालिक हो कि डीसी वरुण रंजन ने कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का आदेश दिया गया है। जिला खनन टास्क फोर्स जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी कर रही है।

---

तेलमच्चो से महुदा मोड़ तक सड़क में गड्ढे ही गड्ढे

## धरना-प्रदर्शन का विधायक ढुल्लू महतो ने भी किया समर्थन

**धनबाद:** तेलमच्चो से महुदा मोड़ तक करीब 3 किलोमीटर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। उक्त सड़क में जहां-तहां बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। गड्ढों में अक्सर पानी जमा रहने की वजह से सड़क पर कीचड़ फैला रहता है। इन्हीं गड्ढों से बचते-बचाते लोग हिचकोले खाते सड़क से आवागमन करने को मजबूर हैं। सड़क की बदहाली के कारण लोग आये दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। यह सड़क धनबाद-बोकारो जाने वाली मुख्य मार्ग जो चंद्रपुरा की ओर जाने की एकमात्र लिंक सड़क है। इस सड़क की यह दुर्दशा फोर लेन पर यातायात चालू होने के बाद से हुई है। प्रतिदिन उक्त मार्ग से हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। सड़क की मरम्मती को लेकर ग्रामीण एकता मंच के संयोजक राजू महतो के नेतृत्व में तेलमच्चो, लोहपट्टी, एवं कांड्रा पंचायत के ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो सहित तीन पंचायत के जनप्रतिनिधि भी आंदोलन को समर्थन देते हुए धरना पर बैठे थे। समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों को अनगिनत बार पत्राचार कर सड़क की दुर्दशा से अवगत कराते हुए मरम्मती की मांग की गई। इतना ही नहीं जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने जिला बोर्ड की बैठक में सड़क की दुर्दशा को रखा।

# जर्जर पुल का निर्माण हो

झारखंड में जाम अब बड़ी समस्या बनते जा रही है। इसकी वजह है कि आबादी और गाड़ियां काफी बढ़ गयी हैं। वर्षों पुरानी सड़कें बढ़ते दबाव को झेलने में असमर्थ साबित हो रही हैं। दूसरी तरफ अतिक्रमण ने और बेड़ा गर्क किया है। यही कारण है कि डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने पिछले दिनों विधानसभा में पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से शाहपुर- चैनपुर मार्ग पर स्थित कोयल नदी पर एक नया पुल बनाने का मामला सदन में उठाया है। यह सही है कि राज्य में कई ऐसे पुल हैं जो काफी जर्जर हो चुके हैं। उन्हें तत्काल निर्माण की जरूरत है। जिन पुलों पर प्रति दिन हजारों की संख्या में बढ़े- छोटे व भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन होता है। वह कभी भी धराशायी हो सकते हैं। उदाहरण के तौर पर देखा जाये तो पलामू का कोयल पुल विधानसभा के ग्रामीण इलाकों को प्रमण्डलीय मुख्यालय से जोड़ने का काम करता है। यह पुल ही एकमात्र आने-जाने का जरिया है। जिस पर कई बार दुर्घटना एवं जाम के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है। इससे आमजनों को तो परेशानी होती ही है,जाम के कारण कई बार बीमार या घायल मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। ऐसे में हेमंत सरकार को चाहिए कि अविलंब एक और पुल का निर्माण कराये। हालांकि मंत्री बादल पत्रलेख ने इस बाबत बताया है कि उनके द्वारा विभाग को डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया गया है। जल्द ही इस विषय पर संज्ञान लेकर फंड मुहैया कराया जायेगा। गौरतलब है कि कोयल पुल से होकर गुजरने वाला यह मार्ग न सिर्फ डालटनगंज विधान सभा ग्रामीण सैकड़ों गावों को जोड़ता है बल्कि गढ़वा व भवनाथपुर समेत यूपी और छतीसगढ़ जैसे राज्यों तक पहुंचता है। हाल के वर्षों में कई सड़कों का निर्माण हुआ है। बावजूद इस मार्ग से गुजरने वाली वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। एनएच की तरह इस मार्ग पर भी चौबीसो घंटे वाहनों का आवागमन होता रहता है। इससे चार दशक पुराना यह पुल लगातार कमजोर भी हो चुका है। इसके क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में नजदीकी इलाकों का मुख्यालय से संपर्क टूट जायेगा। क्योंकि कोयल पार करने का दूसरा नजदीकी कोई मार्ग नहीं है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में भविष्य में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। बहरहाल पलामू ही नहीं राज्य के कई हिस्सों में ऐसी समस्यायें मुंह बाढ़े खड़ी हैं। अतिक्रमण और आवागमन का संबंध काफी गहरा है। इस बात को समझने की जरूरत है। जाम की समस्या के कई और पहलू हैं। इसे समझने की जरूरत है। इसके लिए प्रायोजित तरीके से हाई लेबल बैठक की जरूरत है। यह ऐसी समस्या है जिसे समय रहते हल करने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयावह होने से कोई नहीं बचा पायेगा। वैसे भी हाल के दिनों में राज्य सरकार द्वारा कई लोकलुभावन कार्य किये जा रहे हैं। वैसी स्थिति में आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में कार्य में तेजी लाने की जरूरत है।

**पलामू का कोयल पुल विधानसभा के ग्रामीण इलाकों को प्रमण्डलीय मुख्यालय से जोड़ने का काम करता है। यह पुल ही एकमात्र आने-जाने का जरिया है। जिस पर कई बार दुर्घटना एवं जाम के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है। इससे आमजनों को तो परेशानी होती ही है,जाम के कारण कई बार बीमार या घायल मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। ऐसे में हेमंत सरकार को चाहिए कि अविलंब एक और पुल का निर्माण कराये। हालांकि मंत्री बादल पत्रलेख ने इस बाबत बताया है कि उनके द्वारा विभाग को डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया गया है।**

# ‘अवसाद’ पर प्रहार करती ‘मन में है, आकाश कम नहीं’

**इन दिनों**



***प्रख्यात*** कथाकार, कवि रतन वर्मा की कविता ‘मन में है, आकाश कम नहीं’ की पंक्तियां लोगों के जीवन में आये अवसाद, परेशानियां और कड़वाहट पर जबरदस्त ढंग से प्रहार करती हैं। पंक्तियां लोगों में जीवन जीने की एक नई उत्साह और ऊर्जा भरती हैं। विभिन्न समस्याओं को लेकर युवाओं, छात्राओं, किसानों सहित कई अन्य लोगों में कुंठा बढ़ती चली जा रही है। इसी कुंठा के कारण हर वर्ष हजारों लोग आत्महत्या तक कर रहे हैं। यह समाज के लिए बेहद चिंता की बात है। इस विकट और बदली परिस्थिति में रतन वर्मा की ‘मन में है, आकाश कम नहीं’ जैसी कविता की पंक्तियां लोगों को अवसाद से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती हैं। ‘मन में है, आकाश कम नहीं’ कविता की पंक्तियां व्यक्ति के जीवन को संवारने की प्रेरणा देती हैं। आज लोगों का जीवन भागम भाग भरा हो चुका हैं। जहां लोग सिर्फ पैसे, पद, नाम और यश के पीछे भागते नजर आते हैं। ईश्वर प्रदत्त इस जीवन को हम सब पैसे,पद, नाम और यश के पीछे गंवा देते हैं। जीवन में थोड़ी सी परेशानी आने पर लोग अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं और इस बहुमूल्य जीवन को खत्म करने पर उतारू हो जाते हैं। जबकि यह जीवन बहुत ही बहुमूल्य और महत्वपूर्ण है। हिन्दू धर्म ग्रंथों की माने तो कई जन्मों के पुण्य-प्रताप से मनुष्य जीवन मिलता है। हम सब इस बहुमूल्य जीवन को यूं ही नष्ट कर देते हैं। कविता की बताती हैं कि जीवन और समय दोनों बहुमूल्य है, जो इस जीवन और समय को बहुमूल्य समझते हैं, वे बहुत ही बेहतर ढंग से जीवन जी पाते हैं। आज की बदली परिस्थिति जहां चंहुओर कोलाहाल, अवसाद और आत्महत्या जैसी घटनाओं के बीच रतन वर्मा की ‘मन में है, आकाश कम नहीं’ की पंक्तियां लोगों में जीवन जीने की प्रेरणा और एक नई ऊर्जा भरती हैं। रतन वर्मा की कविता की चर्चा करूं। इससे पूर्व यह बता देना चाहता हूं कि रतन वर्मा देश के जाने माने साहित्यकार, कथाकार, कवि हैं। अब तक ढाई सौ से अधिक कहानियां लिख चुके हैं। लघु उपन्यास और उपन्यास सोलह के आसपास हैं। चौदह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनकी चर्चित कहानी ‘नेटुआ’ का ओलंपियाड में नाट्य मंचन भी हो चुका है। इनकी कहानियां नियमित देश की प्रतिष्ठित हिंदी पत्र-पत्रिकाओं में छपती रहती हैं। पिछले दिनों पटना में रतन वर्मा को 2022 का उत्कृष्ट कथा लेखन के लिए ‘बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान’ से अलंकृत किया गया। इनका रचना संसार बहुत ही विस्तृत है। फिर भी इनकी कलम रुक नहीं रही है। इनकी साहित्यिक यात्रा भी बड़ी दिलचस्प है। ये एक कथाकार के रूप में जाने और पहचाने जाते हैं। लेकिन इनके अंदर कहीं न कहीं एक कवि मन भी निवास करता है। इसी कारण कहानियों के बीच कविताएं भी आकार ग्रहण ले लेती हैं। रतन वर्मा की जिस कविता पर चर्चा करने जा रहा हूं, उसका शीर्षक है, ‘मन में है, आकाश कम नहीं’। शीर्षक से ही बातें स्पष्ट हो जाती हैं कि मन एकाग्र होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ चले तो बुलंदियों को छुआ जा सकता है। मन चंचल है। इतना गतिशील है कि उसकी गति आवाज और रोशनी से भी कई गुणा अधिक है। आज मनुष्य जीवन तो जी रहा है, लेकिन जीवन में परेशानियां और कड़वाहट बहुत है। कवि अपनी पंक्तियों के माध्यम से यह बताना चाहता हैं कि परेशानियां, कड़वाहट और अवसादो के बीच में रहकर भी जीवन को बहुत ही आनंद के साथ जिया जा सकता है। जीवन में परेशानियां, कड़वाहट चाहे कितनी हो, सिर्फ खुद में परेशानियों और कड़वाहट को सहने की ताकत पैदा करने की जरूरत है। फिर जीवन की दिशा और दशा ही बदल जायेगी। जीवन का मतलब है, संघर्ष कर जीवन का निर्माण करना। महापुरुषों ने संघर्ष के बीच ही कालजई व्यक्तित्व का निर्माण किया, जिसे दुनिया उन्हें बर्षों तलक याद रखती हैं अपनी पंक्तियों में कवि कहता है। जीवन में अवसाद बहुत, पर / सपनों के सौगात कम नहीं / कंट भरी है राह,परंतु / मन में है, आकाश कम नहीं'। इन पंक्तियों के माध्यम से कवि यह बताना चाहता है कि जीवन में अवसाद बहुत है, पर सपनों के सौगात कम नहीं है।

**‘मन में है, आकाश कम नहीं’ कविता की पंक्तियां व्यक्ति के जीवन को संवारने की प्रेरणा देती हैं। आज लोगों का जीवन भागम भाग भरा हो चुका हैं। जहां लोग सिर्फ पैसे, पद, नाम और यश के पीछे भागते नजर आते हैं। ईश्वर प्रदत्त इस जीवन को हम सब पैसे,पद, नाम और यश के पीछे गंवा देते हैं। जीवन में थोड़ी सी परेशानी आने पर लोग अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं और इस बहुमूल्य जीवन को खत्म करने पर उतारू हो जाते हैं। जबकि यह जीवन बहुत ही बहुमूल्य और महत्वपूर्ण है। हिन्दू धर्म ग्रंथों की माने तो कई जन्मों के पुण्य-प्रताप से मनुष्य जीवन मिलता है। हम सब इस बहुमूल्य जीवन को यूं ही नष्ट कर देते हैं। कविता की बताती हैं कि जीवन और समय दोनों बहुमूल्य है, जो इस जीवन और समय को बहुमूल्य समझते हैं, वे बहुत ही बेहतर ढंग से जीवन जी पाते हैं। आज की बदली परिस्थिति जहां चंहुओर कोलाहाल, अवसाद और आत्महत्या जैसी घटनाओं के बीच रतन वर्मा की ‘मन में है, आकाश कम नहीं’ की पंक्तियां लोगों में जीवन जीने की प्रेरणा और एक नई ऊर्जा भरती हैं। रतन वर्मा की कविता की चर्चा करूं। इससे पूर्व यह बता देना चाहता हूं कि रतन वर्मा देश के जाने माने साहित्यकार, कथाकार, कवि हैं। अब तक ढाई सौ से अधिक कहानियां लिख चुके हैं। लघु उपन्यास और उपन्यास सोलह के आसपास हैं। चौदह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनकी चर्चित कहानी ‘नेटुआ’ का ओलंपियाड में नाट्य मंचन भी हो चुका है। इनकी कहानियां नियमित देश की प्रतिष्ठित हिंदी पत्र-पत्रिकाओं में छपती रहती हैं।**

■ **विजय केसरी**

## आप की बात

### पलामू में हाथी पांव के बढ़ते मामले

पलामू में फाइलेरिया के मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है। इसके रोकथाम के लिए नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है। जनवरी 2023 से अब तक जिले में 1303 हाथी पांव और 970 लोग हाइड्रोसिल फलेरिया से पीड़ित मरीज सामने आये हैं। हाथी पांव में सर्वाधिक मेदिनीनगर में 379 और हाइड्रोसिल फाइलेरिया के सर्वाधिक मामले विश्रामपुर में 305 मरीज सामने आये हैं। मलेरिया विभाग के इंस्पेक्टर पंकज विश्वकर्मा ने कहा कि हाइड्रोसिल के 970 मरीजों में अब तक 238 लोगों का ऑपरेशन किया गया है। जबकि हाथी पांव फलेरिया के 1303 लोगों को इलाज के लिए किट उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए एक मात्र उपाय है कि चूंकि यह मच्छरों के काटने से फैलता है इस कारण सोते समय मच्छरदानी का निश्चित रूप से उपयोग करें,ताकि फाइलेरिया से काफी हद तक बचा जा सके। उन्होंने कहा कि जिन हाइड्रोसिल फाइलेरिया के मरीजों का ऑपरेशन नहीं हो सका है,वैसे लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंप लगाकर ऑपरेशन करनी योजना है। जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में हाथी पांव के 74, हाड्रोसिल फाइलेरिया के 140 मरीज अब तक मिले हैं। इसी प्रकार विश्रामपुर प्रखंड में हाथी पांव के 204, हाइड्रोसिल के 305, चैनपुर प्रखंड में हाथी पांव के 80, हाड्रोसिल के 24,मेदिनीनगर क्षेत्र में हाथी पांव के 379 लेस्लीगंज प्रखंड में हाथी पांव के 162, हाइड्रोसिल के 199, पाटन प्रखंड क्षेत्र में हाथी पांव मिले हैं।

**- उपेन्द्र कुमार, डालटनगंज**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

**राजनीति**

# चापलूसी संस्कृति से चमक खोती कांग्रेस



ललित गर्ग

***कांग्रेस*** में शीर्ष नेतृत्व के प्रति चापलूसी की पुरानी परंपरा रही है, इस परंपरा को कांग्रेसी नेता पार्टी की संस्कृति की तरह से अपनाते रहे हैं। ऐसे अनेक नेता हुए हैं, जिन्होनें उस परंपरा को परवान चढ़ाने की मिसाल कायम करके सुर्खियां बटोरीं हैं, लेकिन इससे सबसे सशक्त एवं पुरानी राजनीतिक पार्टी का क्या हश्र हो रहा है, इस बात को देखने का साहस पार्टी के भीतर किसी नेता में नहीं है। यही कारण है कि राष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के बाद सर्वाधिक वोट बैंक वाली पार्टी होने के बावजूद वह कोई सार्थक परिणाम एवं प्रदर्शन नहीं दिखा पा रही हैं। हाल ही में सम्पन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसने करारी हार का सामना किया है। इन राज्यों में हुए चुनावों में या तो कांग्रेस की सरकार जाती रही या विपक्ष में होने का बावजूद भी वो वहां कुछ खास कमाल नहीं कर सकी। राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव में कोई खास कमाल नहीं कर सकी। पूर्व में सम्पन्न हुई राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की भांति आगामी न्याय यात्रा कोरा चापसूसों का जमावड़ा होकर रह जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है। भारतीय राजनीति के अमृतकाल तक पहुंचे शासन में से लगभग पचास साल कांग्रेस का राज रहा है। प्रश्न है कि ऐसे क्या कारण है कि अब कांग्रेस सत्ता से दूर होती जा रही है। कद्दावर एवं राजनीतिक खिलाड़ियों की पार्टी होकर भी वह अपना धरातल खोती जा रही है। इसका कारण परिवारवाद एवं चापलूसी राजनीतिक संस्कृति ही है। इसी कारण अनेक पार्टी-स्तंभ नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं। बावजूद इसके पार्टी कोई सबक लेने को तैयार नहीं है। कांग्रेस अगर इस गलतफहमी में जीना चाहती है कि वंशवादी नेतृत्व ही उसका उद्धार करेगा तो उसे ऐसी गलतफहमी पालने का पूरा अधिकार है, लेकिन उसके परिणाम भी उसे झेलने ही होंगे। ऐसा नहीं कि पार्टी से जुड़े हर ऊपर से नीचे तक के कार्यकर्ता एवं नेता को उचित अनुचित का बोध नहीं है।

**हाल ही में पांच राज्यों के विस चुनावों में उसने करारी हार का सामना किया है। इन राज्यों में हुए चुनावों में या तो कांग्रेस की सरकार जाती रही या विपक्ष में होने का बावजूद भी वो वहां कुछ खास कमाल नहीं कर सकी।**




**बोधि वृक्ष**

## कथा गौ माता ‘कामधेनु’ की

***इसके*** अलावा काफी लोग कामधेनु की प्रतिमा को अपने कार्यस्थल में भी स्थापित करते हैं। माना जाता है कामधेनु गाय कार्य स्थल में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे अनुकूल होती है। कामधेनु गाय को ब्रहमांडीय गाय माना जाता है और यह पोषण, शान्ति और समृद्धि का प्रतीक है। कहते हैं आज की दुनिया के सभी मवेशी कामधेनु के वंशज हैं। कामधेनु गाय के शरीर के हर अंग का एक धार्मिक प्रतीक है। इसके चार पैर चार वेदों के प्रतीक हैं, और इसके स्तन चार पुरुषार्थों के प्रतीक हैं। इसके सींग देवताओं के प्रतीक हैं, इसका चेहरा सूर्य और चंद्रमा का प्रतीक है, इसके कंधे अग्नि के प्रतीक हैं। कामधेनु गाय की तरह हिंदू धर्म में हमेशा से ही हर गाय को एक पवित्र पशु माना गया है। भारतीय संस्कृति में युगों से ये माना जाता रहा है कि जिस घर में गाय निवास करती है और जहाँ उनकी सेवा की जाती है वहां कोई भी समस्या अपने पाँव नहीं पसारती। आज भी भारत के सभी गाँव कस्बों में जब किसी की रसोई में खाना बनता है तो हमेशा पहली रोटी गाय के लिए निकाली जाती है। गाय को ना केवल एक जीव बल्कि हिंदू मान्यताओं में मां की उपाधि दी गई है। ऐसी भी मान्यता है कि 84 लाख योनियों में जन्म लेने के बाद हमारी आत्मा अंतिम योनि में गाय बनती है। गाय को मनुष्य का पालनहार माना गया है और इससे मिलने वाले दूध को अमृत के समान माना जाता है। भगवान कृष्ण से जुड़ी कथाओं में भी गाय अपना विशेष स्थान रखती है। इस प्रकार भारत में गाय का महत्व बहुत अधिक है और इसकी रक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की बनती है। कामधेनु गाय की तरह हिंदू धर्म में हमेशा से ही हर गाय को एक पवित्र पशु माना गया है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# इतिहास कब भूलता है



डॉ. सुरेश कु. मिश्रा

***आप*** लोगों को महाभारत की घटनाएँ तो याद ही होंगी। याद नहीं भी है तो कोई बात नहीं। यह तो ऐसी घटनाएँ हैं जो आये दिन घर-दुनिया में कहीं-न-कहीं घटती रहती हैं। ऐसी ही एक घटना है - द्रौपदी चीरहरण। वैसे तो द्रौपदी का चीरहरण एक बार हुआ था। किंतु हमारी भूल ने न जाने कितनी बार द्रौपदी को चीरविहीन होने पर मजबूर कर दिया। मानो द्रौपदी का चीर, चीर न हुआ उतार फेंकने का तमाशा हो गया। ऐसी ही एक घटना आजकल सुर्खियों में है। वैसे जो सूर्ख होते हैं वे सुर्खियों में ही रहते हैं। बात है तालिबान की। ये तालिबानी न तो ताली से सुनते हैं न ही बानी से। इनका तो एक ही फॉर्मूला है - गोलाबारी। ये प्राणी अत्यंत आतंकप्रिय हैं। लोगों को डराना, धमकाना, कत्लेआम करना, अबलाओं को हवस का शिकार बनाना इनकी पाठशाला का पाठ्यक्रम है। ये अपने पाठ्यक्रम के इतने पक्के होते हैं कि कोई मजाल जो इन्हें शत-प्रतिशत अंक पाने से रोक पाये। विश्वास न हो तो मलाला को देख लीजिए। मलाला उन्हीं आतंकी पाठशाला का शिकार है। अंतर केवल इतना है कि मलाला को नोबल मिला और तालिबान को अफगानिस्तान। यदि आप सोच रहे हैं कि द्रौपदी चीरहरण का तालिबान से क्या रिश्ता है, तो इसका समाधान वर्तमान परिदृश्य है। संयुक्त राष्ट्र संघ, मानवाधिकार संघों और आये दिन इंसानियत की दुहाई देने वाले कुकुरमुत्ता एंड कंपनी धृतराष्ट्र, विदुर, भीष्म जैसे धुरंधरों का पात्र निभा रहे हों तो तालिबानी घटना नहीं घटेगी तो क्या भरत मिलाप होगा! अफगानिस्तान किसी द्रौपदी सी निस्सहाय है। तालिबानी कौरव हैं। शकुनी के पात्र में पाकिस्तान और चीन आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। अमेरिका, जिन्हें आये दिन भगवान बनने का दौरा पड़ता है, वे पांडवों की भांति हाथ पर हाथ धरे मौन बैठा है। तालिबानी कौरव निस्सहाय अफगानिस्तानी द्रौपदी का चीरहरण करते जा रहे हैं और दुनिया चुपचाप तमाशा देख रही है। साहब तमाशे में मजा जरूर आता है। लेकिन तमाशे इतने में भी मत देखिये कि एक दिन खुद का तमाशा बन जाय। कहते हैं इंसान जब मरता है तब मरता है। सबसे पहले वह अपने कर्मों से मरता है फिर कहीं जाकर शरीर से। चाहे देश अफगानिस्तान हो या फिर फिलिस्तीन। देश तो देश है। वहाँ रहने वाले भी हमारे जैसे इंसान हैं।

**संयुक्त राष्ट्र संघ, मानवाधिकार संघों व आये दिन इंसानियत की दुहाई देने वाले कुकुरमुत्ता एंड कंपनी धृतराष्ट्र, विदुर, भीष्म जैसे का पात्र निभा रहे हों तो तालिबानी घटना नहीं घटेगी तो क्या भरत मिलाप होगा!**

**टेक वर्ल्ड**

## एक्स ला रहा है दो नये प्लान्स

***वहीं*** अगर प्रीमियम प्लान का महंगा टियर आप खरीदते हैं तो इसमें भी आपको सभी फीचर मिलेंगे लेकिन इसमें एक भी ऐड नहीं होगा। अब इसकी कीमत कितनी होगी यह तो आने वाले समय में स्पष्ट होगा लेकिन यह बिल्कुल साफ है कि एक प्लान 900 से कुछ कम ही होगा, जबकि दूसरा प्लान इससे ज्यादा होगा। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार एक्स वास्तव में तीन प्लान्स पर कार्य कर रहा है जिसमें बेसिक, स्टैंडर्ड और प्लस को गिना जा सकता है। शुरूआत में जब सोशल मीडिया का दौर चला था तो कई सारे लेखक प्रतिक्रिया में रहते थे कि जब यूजर्स इसके आदी हो जाएंगे तो लाइक और कमेंट के भी पैसे लगेंगे और एक्स इसको बिल्कुल सही साबित करता जा रहा है। आपको बता दें कि एलन मस्क बॉट अकाउंट से निपटने के लिए एक डॉलर वाले प्लान की टेस्टिंग भी कर रहे हैं जो न्यूजीलैंड और फिलीपींस में स्टार्ट किया गया है। वास्तव में मस्क ट्विटर पर पोस्ट लाइक और कमेंट के लिए भी लोगों से पैसे लेने की योजना पर कार्य कर रहे हैं और इसके पीछे मकसद यह है कि इस प्लेटफार्म से फ्री अकाउंट समाप्त कर दिया जाय क्योंकि बहुत सारे नकली अकाउंट भी होते हैं जिनमें बॉट अकाउंट की समस्या है। इससे निपटने में कंपनी को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब आने वाले समय में यह क्या रूप लेता है तो देखने वाली बात होगी, लेकिन एक बात तो सही है कि एलन मस्क ने अपने ऐलान से सोशल मीडिया खासकर एक्स के यूजर्स के मन में हलचल और उत्सुकता दोनों क्रिएट कर दिया है। **(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह ‘बादल’*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# मस्ती के मूड में राजधानीवासी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी के लोग में इस साल की विदाई और नये साल यानी 2024 के स्वागत के लिए पूरे उत्साह से तैयारी कर रहे है। साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की रात और एक जनवरी को लेकर लोग कार्यक्रम बना रहे है। लोगों का मनोरंजन करने और उन्हें नये साल के स्वागत के उत्साह में शामिल करने के लिए राजधानी के रेस्टोंरेट, होटल, क्लब, रिसोर्ट और बार भी आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है। सभी कुछ खास करने की कोशिश में जुटे हैं। कहीं डीजे की धुन, तो कहीं बॉलीवुड सिंगर और डांसर का जलवा होगा। रंगारंग कार्यक्रम के साथ नये साल की खुशियां बांटने की तैयारी अंतिम चरण पर है। इस बार कपल के अलावा सिंगल व बच्चे भी नये साल का स्वागत होटल व क्लब में कर सकते हैं। रंगारंग कार्यक्रम के साथ इंडियन, चाइनीज और कॉन्टिनेंटल फूड का आनंद भी उठा पायेंगे। देखते है राजधानी में कैसी की जा रही है तैयारी।



## नक्षत्र वन

नक्षत्र वन झारखंड की राजधानी के राज्यपाल आवास के सामने झारखंड वन विभाग द्वारा बनाया गया एक पार्क है। पार्क की आधारशिला 2002 में भारत के उप प्रधान मंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी द्वारा रखी गई थी। पार्क की योजना और विकास की जिम्मेदारी सामाजिक वानिकी प्रभाग को दी गई थी। पार्क का उद्घाटन गवर्नर एम. रामा जोइस और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया था। 2004 में पार्क का प्रशासन और प्रबंधन झारखंड राज्य वन विकास निगम को स्थानांतरित कर दिया गया था। इसमें नक्षत्र के आधार पर वनस्पतियों को लगाया गया है।

## रेडिशन ब्लू में बैंड के साथ दिखेगा डांस

यहां ब्लू बर्ड बैंड के साथ सोनिया शील का डांस परफॉरमेंस देखने के लिए मिलेगा। रंगारंग कार्यक्रम के साथ बुफे डिनर और सरप्राइज गिफ्ट भी आकर्षण का केंद्र होगा। मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव आदर्श मिश्रा ने बताया कि जीबीआर हॉल में यह कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू होगा।



## रांची क्लब में 31 को डीजे जमायेंगे रंग



रांची क्लब में 31 दिसंबर की रात में क्लव मेंबर्स और उनके परिवार के लिए गाला इवेंट का आयोजन किया गया है। इवेंट में मुंबई के सेलिब्रिटी डीजे रहेंगे। इसके अलावा कमली बैंड का कार्यक्रम होगा। डांस आर्टिस्ट अपने प्रस्तुति देंगे। ग्रीक थीम पर पार्टी रखी गयी है। इसम व्हाइट ड्रेस कोड रखा गया है। क्लब सेक्रेटरी दुष्यंत ने बताया कि मेंबर्स व उनके लिए परिवार के लिए इस इवेंट में कोई चार्ज नहीं रखा गया है। आयोजन रात आठ बजे से शुरू होगा।

## जिमखाना में जॉनी अर्नेस्ट का कार्यक्रम

जिमखाना क्लब की मनोरंजन समिति नये साल के लिए विशेष प्रबंध की है। क्लब के टर्फ मैदान में सेलेब्रिटी डीजे जॉनी अर्नेस्ट नये साल की शाम को रौशन करेंगे। इस दौरान छोटे बच्चों के लिए कई खेल और मनोरंजन की व्यवस्था होगी। ठंड से बचाने के लिए बुजुर्गों के लिए शमियाना और हीटर रखे जायेंगे। इस दौरान स्वादिष्ट व्यंजन की व्यवस्था रहेगी।



## होटल बीएनआर में होगा रंगारंग कार्यक्रम




होटल बीएनआर में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। फूड व बेवरेज मैनेजर धर्मवीर कुमार ने बताया कि गाला डिनर के साथ होटल के ग्राउंड में गीत-संगीत कार्यक्रम डांस फ्लोर पर रखा जायेगा। गाला डिनर में कॉन्टिनेंटल, इंडियन और चाइनीज के कई आइटम्स रहेंगे। कार्यक्रम शाम सात बजे से शुरू होगा।

## हॉट लिप्स के रिंग रोड मलहारी में 31 को रंगारंग कार्यक्रम

हॉट लिप्स के रिंग रोड स्थित मलहारी ब्रांच में 31 दिसंबर की शाम का रंगारंग कार्यक्रम होगा। कोलकाता की डीजे टीम और दिल्ली की ढोल टीम लोगों में जोश व उत्साह भरेगा। प्रोपराइटर राहुल रोशन ने बताया कि डीजे और ढोल की आकर्षक टीम के साथ कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू होगा।







## पार्क प्राइम में बुफे विथ डीजे नाइट

मोरहाबादी स्थित पार्क प्राइम में 31 दिसंबर को बुफे विथ डीजे नाइट का आयोजन किया गया है। लाइव बैंड के साथ कार्यक्रम सात बजे से शुरू होगा। यह जानकारी ऑपरेशन मैनेजर पंकज आनंद ने दी।

## वाटर पार्क फन संग भोजपुरी जलसा



वाइल्ड वादी वाटर पार्क में 25 दिसंबर से पांच जनवरी 2024 तक वाटर पार्क के एडवेंचर फन जोन के साथ भोजपुरी जलसा का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि लखनऊ के कलाकारों द्वारा प्रतिदिन पेश भोजपुरी कार्यक्रम के साथ फन जोन का आनंद उठा सकते हैं। इसमें प्रति व्यक्ति चार्ज 300 रुपये रखा गया है। प्रतिदिन इसका आनंद दिन के 10 बजे से रात आठ बजे तक उठा सकते हैं। वहीं डास परफॉमेंस दोपहर दो बजे से पांच बजे तक चल रहा है। इसके अलावा 31 दिसंबर को यह डांस परफॉरमेंस रात के 12 बजे तक चलेगा। आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र होगा।

## डीजे नाइट की तैयारी है मोका कैफे

यहां बॉलीवुड डीजे के लाथ रंगाचा कार्यक्रम का आनंद उठा सकते है। रेस्टोरेंट मैनेजर शिब लाल यादव ने बताया कि डीजे नाइट रात आठ बजे से शुरू होगी। उसके लिए मोल केके एड बार को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। यह आयोजन रांची व जमशेदपुर दोनों जगह पर रखा गया है।

## मंदिरों में पूजा के साथ नये साल का होगा स्वागत

नये वर्ष का स्वागत सभी लोग अपने अपने तरीके से करते है। कोई पिकनिक मनाने जाते है, तो कोई धूमने, कोई होटल-रेस्टोरेंट में खाने का मजा लेते है, तो युवा जगह जगह संगीत के धून में नाच गाकर नये साल की खुशियां मनाते है। इन सब के बीच बहुत से लोग ऐसे होते है जो नये साल की शुरूआत मंदिर में पूजा अर्चना के साथ करते है। एक जनवरी को नये साल के शुरूआत हजारों की संख्या में लोग मंदिर में पहुंचते है और पूजा कर भगवान से पूरे साल परिवार और बच्चों की सलामती की कामना करते है। नये वर्ष के पहले दिन मंदिरों में होने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन द्वारा सभी तरह के आवश्यक तैयारियां की गयी है।



### संकट मोचन हनुमान मंदिर

राजधानी के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर भी नववर्ष पर पूजा करने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसको लेकर मंदिर में विशेष व्यवस्था की गयी है। भक्तों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जायेगा। एक जनवरी को होने वाली भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

### तपोवन मंदिर, निवारणपुर

निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर में नये साल पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है। इस दिन ठाकुरजी विशेष पूजा और आरती की जायेगी। विशेष आरती सुबह साढ़े छह वजे और शाम में साढ़े सात बजे होगी। वहीं, फूलों से भगवान का श्रृंगार किया जायेगा। महंत ओम प्रकाश शरण ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी नव वर्ष में पूजा की जायेगी। श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलेगी।

### साई मंदिर, लापुंग

लापुंग प्रखंड के सरसा स्थित साई बाबा के मंदिर में नववर्ष पर काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने पहुंचते हैं। पूजा के बाद लोग परिसर व जंगल में पिकनिक भी मनाते हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि एक जनवरी को सुबह पांच बजे काकड़ आरती, नौ बजे कलश यात्रा, 10 बजे बाबा का स्नान, 12 बजे मध्याह्न आरती व पूजा के बाद प्रसाद व भोग का वितरण होगा। शाम छह बजे धूप आरती और रात 10 बजे सेज आरती होगी। दिन भर गीत संगीत वा भजन कार्यक्रम होगा।

### काली मंदिर, मेन रोड

राजधानी के मेन रोड स्थित काली मंदिर में हर साल नव वर्ष में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। भक्त सुबह से ही मां के दर्शन व पूजन के लिए कतार में खड़े होकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करते हैं। सड़कों पर भक्तों की लंबी कतार लग जाती है। रांची सहित आसपास के क्षेत्रों से भी भक्त यहां पूजा करने आते हैं।

### जगन्नाथ मंदिर, धुर्वा

जगन्नाथपुर मंदिर धुर्वा में नये साल पर भक्तों की भीड़ को देखते हुए वॉलेंटियर की व्यवस्था की गयी है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सामान्य दिनों की तरह ही पूजा की जायेगी। भीड़ ज्यादा रहने पर वॉलेंटियर की मदद ली जायेगी। नव वर्ष पर यहां हर साल सैंकड़ों श्रद्धालु भगवान के दर्शन के साथ पहाड़ पर पिकनिक मनाने पहुंचते हैं।

## पर्यटन स्थल जहां से राज्य को होती है सर्वाधिक कमाई



**देवघर**

**बैद्यनाथ धाम :** 12 ज्योतिलिंगों में से एक इस स्थल पर शिव और शक्ति का अद्भुत संगम है, जहां दर्शन के लिए वर्षभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। नववर्ष के पहले दिन भी लोगों की भीड़ लगी रहती है।

**दुमका**

**बासुकीनाथ धाम :** धार्मिक मान्यता के अनुसार देवघर बैद्यनाथ धाम के बाद बासुकीनाथ का दर्शन किए बगैर यात्रा पूरी नहीं मानी जाती। यही वजह है कि यहां भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

**गिरिडीह**

**पारसनाथ :** जैन धर्मावलंबियों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है।

**रामगढ़**

**छिन्नमस्तिका मंदिर :** शक्तिपीठ के रूप में विख्यात इस मंदिर में बिना सिर वाली देवी मां की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस मंदिर में श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**धनबाद**

**मैथन डैम :** एक खूबसूरत झील और खूबसूरत हरे जंगलों के बीच यह मैथन डैम पर्यटकों के लिए खास जगह है।

**पूर्वी सिंहभूम**

**जुबली पार्क, दलमा अभयारण्य। हिरणी फॉल।**

**खूंटी**

**पंचघाघ फॉल,** पेरवांघाघ, उलूंग जल प्रपात,रीमिक्स जलप्रपात, पेलौल डैम, रानी जलप्रपात, लतरातू जलाशय, डोम्बारी बुरू, उलिहातू, बिरसा मृग विहार, दशम जलप्रपात, बाबा आम्रेश्वर धाम, बघलता पर्यटन स्थल,प्रेमघाघ पर्यटन स्थल, पाट पहाड़, सरवादा चर्च।

**चतरा:** ईटखोरी।

**हजारीबाग :** हजारीबाग नेशनल पार्क और सूरजकुंड।

**बोकारो : लुगु बुरु–** इस स्थल को संतालियों के संस्कृति और परंपरा का उद्गम स्थल माना जाता है।

**रांची:** बिरसा जैविक उद्यान, दिउड़ी मंदिर, जोन्हा फॉल, पतरातू डैम।

**गढ़वा: बंशीधर धाम–** नगरऊंटारी में राधा कृष्ण मंदिर बाबा बंशीधर के नाम से जाना जाता है. मंदिर में स्थित मूर्ति सोने की बनी हुई है। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ हमेशा लगी रहती है।

**लातेहार:** नेतरहाट और बेतला नेशनल पार्क।

झारखंड में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल काफी लाभदायक हैं। देवघर बैद्यनाथ मंदिर से सरकार को हर साल करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है। इसी तरह बासुकीनाथ मंदिर, पारसनाथ मंदिर, इटखोरी मंदिर, छिन्नमस्तिका मंदिर और बंशीधर धाम से भी भारी राजस्व मिलता है। राजस्व के साथ-साथ लाखों लोगों का रोजगार भी यहां से जुड़ा है। दिसंबर-जनवरी माह में पिकनिक का दौर जारी रहता है। झारखंड की वादियों में हर पिकनिक स्पॉट पर्यटकों से भरा रहता है। नये साल के मौके पर रांची से सटे पर्यटक स्थलों पर पिकनिक का दौर कई दिनों तक चलता है। इस साल भी मौसम अनुकूल होने के कारण राज्य के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगी है।नये साल के लिए नेतरहाट से लेकर पतरातू डैम तक कमरे बुक हो गये हैं। पर्यटन विकास निगम के होटल पहले से बुक हो रहे हैं।

इस संबंध में राज्य के पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि इस साल मौसम अनुकूल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने के लिए अपने घरों से निकल रहे हैं। पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पिकनिक स्पॉटों पर विशेष व्यवस्था की गयी है।

पतरातू और नेतरहाट यह सबसे बड़ा फोकस प्वाइंट है जहां नये साल पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इन जगहों से सरकार को भी मोटी कमाई होती है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर उन्होंने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि पर्यटकों को कोई दिक्कत न हो।

सब जूनियर महिला हॉकी लीग

# राजा करण अकादमी और प्रीतम सिवाच ने दर्ज की जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के 9वें दिन राजा करण हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।



### राजा करण हॉकी अकादमी ने करीबी मुकाबला जीता

दिन के पहले मैच में राजा करण हॉकी अकादमी ने खालसा हॉकी अकादमी, अमृतसर को 2-1 से हराया। राजा करण हॉकी अकादमी के लिए कप्तान कुदरत (14'') ने पेनल्टी कॉर्नर के साथ पहला गोल किया। इसके बाद तीसरे क्वार्टर के अंत में (45') उन्होंने फील्ड गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। जशनदीप कौर (54') ने चौथे क्वार्टर में एक गोल करके खालसा हॉकी अकादमी, अमृतसर के लिए कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन राजा करण हॉकी अकादमी ने बढ़त बरकरार रखते हुए मैच जीत लिया।

### प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने दर्ज की आरामदायक जीत

दिन के दूसरे मैच में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी को 4-0 से हराया। चंचल (18'), वंशिका (25') और आरती (35') ने एक-एक फील्ड गोल किया, जबकि कप्तान रितिका (37') ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया और उन्होंने बिना कोई गोल खाए मैच जीत लिया।

## जालौन में रोहित शर्मा के भाई ने क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ किया

**जालौन।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के संरक्षण में चल रही क्रिक किंगडम क्रिकेट एकेडमी का जालौन में शुभारम्भ किया गया। जालौन के उरई पहुंचे रोहित शर्मा के भाई विशाल शर्मा और सिंगापुर क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर पराग दहीवाल ने इस क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन किया। इस एकेडमी को खोलने का मुख्य उद्देश्य पिछड़े बुंदेलखंड क्षेत्र से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को निकालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाना है, यह उत्तर प्रदेश की पहली क्रिकेट एकेडमी है, जो निर्धन और प्रतिभावान बच्चों को भी निखारेगी और उनको स्पॉन्सरशिप भी देगी। उरई के झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्टेट दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में क्रिक किंगडम क्रिकेट अकादमी के उदघाटन के मौके पर एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट और सिंगापुर क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी पराग दहिवाल ने बताया कि इस अकादमी को खोलने का मुख्य मकसद बुंदेलखंड क्षेत्र से प्रतिभावान खिलाड़ियों को निखरना है, इससे बुंदेलखंड से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाया जा सके।

## यंग क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट से जीत दर्ज किया

### स्व. आई. जे. मेहरा ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24



नवीनमेल संवाददाता

**रामगढ़।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में 29 दिसंबर को छावनी फुटबॉल मैदान में ए डिवीजन जिला लीग के तहत यंग क्रिकेट क्लब बनाम जस्ट क्रिकेट अकादमी के बीच मेच खेला गया। 40-40 ओवर के मैच में जस्ट क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.1 ओवर में 43 बनाकर आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलते हुए यंग क्रिकेट क्लब ने 9 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीता लिया। मैच में जस्ट क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज नरेंद्र सिंह ने 16 रन बनाए। वहीं, यंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाज नागेंद्र कुमार सिंह तीन ओवर चार रन देकर 5 विकेट लिया। राहुल कुमार वर्मा ने 7 ओवर में छह रन देकर तीन विकेट एवं दिव्यम राज 5.1 ओवर में 18 रन देखकर दो विकेट लिया। यंग क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज रुद्राक्ष कुमार सिंह 16 रन और संदीप कुमार 12 रन बनाए। जस्ट क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कैफ आलम ने पांच ओवर में 18 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया।

30 दिसंबर को मैच रॉयल क्रिकेट क्लब बनाम शारदा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा। मैच में अंपायर की भूमिका अभय कुमार व प्रिंस कुमार ने और स्कोरिंग की रवि मुंडा ने निभाई। मौके पर सचिव अरुण कुमार राय, सुरज प्रसाद, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

### रूपिंदर पाल सिंह ने भारतीय टीम के लिए किया ड्रैग फ्लिकिंग शिविर का आयोजन

**बेंगलुरु।** प्रसिद्ध ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह वर्तमान में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 5 दिवसीय ड्रैग फ्लिकिंग शिविर आयोजित करने के लिए साई बेंगलुरु में हैं। 27 दिसंबर से शुरू शिविर में रूपिंदर, दीपिका और गुरजीत कौर सहित भारतीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकरों की सहायता करेंगे, क्योंकि टीम महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए तैयारी कर रही है। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाला है। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है। इस बीच, पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं।चल रहे सत्र को लेकर अनुभवी भारतीय पेशेवर गुरजीत कौर ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्लसाई बेंगलुरु में 5 दिवसीय ड्रैग फ्लिकिंग शिविर हमारे लिए एक मूल्यवान अनुभव साबित हुआ है। हम हर दिन नई चीजें सीख रहे हैं और उन विशिष्ट पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करके अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया भूमि पूजन




**रांची।** मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती के अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय सरना समिति कर रही है। 3 जनवरी से 5 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता के सभी मैच जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में खेले जायेंगे। प्रतियोगिता की सफलता के लिए मुख्य पाहन जगलाल पाहन द्वारा पूर्वजों और देवी देवताओं से बिनती की गयी। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता 3 जनवरी को शुभारंभ होगा।

इस कार्यक्रम में अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विश्वास उरांव, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मुन्ना लकड़ा, राजू पाहन, सुकरा पाहन, जैना पाहन, मुकेश मुंडा, आनंद पाहन, मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो उपस्थित थे। गुड्डू पाहन को खेल प्रभारी बनाया गया है।

## सावधान... यूपीआई आईडी हो सकता है बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** यदि आप भी यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) का इस्तेमाल करते हैं तो नए साल में आपको बड़ा झटका लगने वाला है। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई यूजर्स के लिए एक नई गाइडलाइन जारी की है। सरकार की ओर से कुछ दिन पहले ही कहा गया है कि एक लापरवाही के कारण आपका यूपीआई अकाउंट, यूपीआई आईडी बंद हो सकती है। इस फैसले से अमेजनपे, गूगलपे, फोनपे, पेटीएम, मोबिक्विक जैसे एप्स के यूजर्स प्रभावित होंगे। एनपीसीआई ने अपनी नई गाइडलाइन में कहा है कि यदि कोई यूपीआई यूजर एक साल तक अपने यूपीआई अकाउंट से किसी भी तरह का कोई ट्रांजेक्शन नहीं करता है तो उसकी यूपीआई आईडी बंद कर दी जाएगी। यदि इस दौरान कोई यूजर बैलेंस भी चेक करता है तो उसकी आईडी बंद नहीं होगी। एनपीसीआई ने कहा, 'डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में ग्राहकों के लिए सुरक्षित लेनदेन अनुभव सुनिश्चित करने के लिए बैंकिंग प्रणाली के भीतर अपनी जानकारी की नियमित रूप से समीक्षा और सत्यापन करना आवश्यक है। यूजर्स खाते से लिंक अपने मोबाइल नंबर को तो बदल लेते हैं लेकिन उस नंबर से जुड़े यूपीआई अकाउंट को बंद नहीं करते। इस गाइडलाइन का मकसद यूपीआई यूजर्स को एक सिक्योर एक्सपेरियंस देना है। इस साल भी कई यूपीआई अकाउंट इनएक्टिव होंगे। इसकी शुरूआत 31 दिसंबर 2023 से होगी। एनपीसीआई यूपीआई यूजर्स को इस संबंध में ई-मेल के जरिए अलर्ट भेजेगी।




## 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तहत राज्य को 2024 में छह प्रतिस्पर्धाओं की मिली मेजबानी

**रांची।** वर्ष 2024 में झारखंड को पहली बार राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिलेगा। 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत छह अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं की मेजबानी करने का राज्य को मौका मिलेगा। इन प्रतियोगिताओं में अनुमानतः 5,600 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। जिन छह प्रतिस्पधाओं की मेजबानी राज्य को मिली है उनमें फुटबॉल अंदर 14 बालक-बालिका, कबड्डी अंडर 14 बालक, वुशु अंडर 17 एवं 19 बालक/बालिका, खो-खो अंडर 14 बालक-बालिका, साइक्लिंग अंडर 14,17 एवं 19 बालक-बालिका, स्केटिंग अंडर 11,14,14 एवं 19 बालक-बालिका शामिल हैं। फुटबॉल का आयोजन 17 जनवरी, से 21 जनवरी, कबड्डी और वुशु का आयोजन 24 जनवरी से 28 जनवरी तक, खो-खो का आयोजन 31 जनवरी से चार फरवरी तक, साइक्लिंग का आयोजन आठ फरवरी से 12 फरवरी तक और स्केटिंग का आयोजन 15 फरवरी से 19 फरवरी तक होगा। ये सभी प्रतिस्पधाएं रांची में आयोजित होंगी। राज्य शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि यह आयोजन राज्य के लिए गौरव की बात है। आयोजन के संदर्भ में शिक्षा सचिव के रवि कुमार और राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी का निरंतर मार्गदर्शन मिल रहा है। दोनों पदाधिकारियों के सकारात्मक विजन और टीम के निरंतर अभ्यास से हमें अपने होमग्राउंड में पहली बार हो रहे राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतिस्पधाओं में जीतने का मौका मिलेगा। इसे लेकर हम सभी काफी आशान्वित हैं।

### अंडर 17 बालिका फुटबॉल में झारखंड बनी राष्ट्रीय चैंम्पियन



**रांचीः** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा सारण बिहार में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के अंडर 17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए चैम्पियन बनी। फाइनल मैच में काजल कुमारी ने शानदार 2 गोल एवं अनीता डुंगडुंग ने 1 गोल कर टीम को जीत दिलाई। पूरे प्रतियोगिता में राज्य की बालिकाओं ने अपना दबदबा बना कर रखा और प्रतियोगिता के पहले मैच में बिहार को 5-0 से हरा कर प्रतियोगिता में शानदार शुरूआत किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ को 2-1 से, आई बी एस ओ को 12-0 से हरा कर लीग मैच समाप्त किया। प्री क्वार्टर फाइनल में अरुणाचल प्रदेश को 5-0 से, क्वार्टर फाइनल में वेस्ट बंगाल को 4-0 से, सेमीफाइनल में गुजरात को 4-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया जिसके बाद फाइनल में हरियाणा को 3-0 से हरा कर खिताब अपने नाम किया। 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के टीमों ने भाग लिया। ज्ञात हो की झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा खेलो झारखंड राज्य प्रतियोगिता से टीम चयनित कर विषेश प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया था। जिसके बाद टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया। राज्य टीम की इस उपलब्धि पर पूरी टीम एवं टीम कोच बिंदु कुजूर को शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।

### झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा के 78वें वार्षिक सम्मलेन पर खेले गए कई मैच



**केरसई:**सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड के सिकरीबेवरा ग्राम में झारखण्ड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा की 78वा वार्षिक सम्मलेन में अवसर पर बालक और बालिका हॉकी,पुरूष वर्ग में क्रिकेट में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें कई टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक एवं विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री बिमला प्रधान उपस्थिति रही। अतिथियों ने परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरु चरण नायक ने कहा पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है।उन्होंने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई किया। वही विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढता है।वहीं उन्होंने कहा हमारे समाज की बेटी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी संगीता कुमारी और रोपनी कुमारी की प्रशंसा करते हुए कहा हॉकी खेल में हमारी बेटियों ने देश में ही नहीं विदेश में भी अपना नाम बनाया है।और सिमडेगा का नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होंने कहा हमारी बेटी अब हॉकी के साथ-साथ फुटबॉल में भी आगे आ रही है।हमारे समाज की बेटी पूर्णिमा कुमारी ने भी जिला सहित झारखंड का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया है।

# व्यापार

## व्यापार आधारित मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली** भारत और हांगकांग सीमा शुल्क ने द्विपक्षीय सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के आधार पर हांगकांग स्थित निर्यातकों और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में मौजूद भारतीय आयातकों से जुड़े व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग (टीबीएमएल) के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि भारत और हांगकांग सीमा शुल्क ने भारतीय आयातकों से जुड़े व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग (टीबीएमएल) के एक बड़े मामले का खुलासा किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। यह कार्रवाई एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक सरगनाओं को बेनकाब करने के लिए दोनों प्रशासन ने संबंधित कानूनों के तहत की गई है, जो उनके जांच और प्रवर्तन कार्रवाइयों को दशार्ती है। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई भारतीय सीमा शुल्क और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा हाल ही में संपन्न प्रवर्तन मामलों में सहयोग के वैश्विक सम्मेलन (जीसीसीईएम) के ठीक बाद सामने आई है। डीआरआई की जांच से पता चला कि सस्ते सिंथेटिक हीरों को प्राकृतिक हीरे बताया जा रहा था और 100 गुना से अधिक मूल्य लगाया जा रहा था। खास बात यह है कि जहां आयात के अधिकांश घोषित बढ़े हुए मूल्य को बैंकिंग चैनलों के माध्यम से देश से बाहर भेजा गया था, वहीं निर्यात के लिए प्राप्त प्रेषण केवल 0.2 फीसदी के मामूली स्तर पर देखा गया था। इससे यह पता चलता है कि यह व्यापार काले धन को सफेद करने के लिए किया गया है। जांच में मिले साक्ष्य यह भी संकेत देते हैं कि इस व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग का मास्टरमाइंड हांगकांग में मौजूद है।



### 2023-24 के लिए आठ करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल

**नई दिल्ली,** आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अबतक आठ करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि के लिए आयकर विभाग ने सभी करदाताओं और कर पेशेवरों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आयकर विभाग ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अबतक आठ करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए गए हैं।

इससे पहले कर निर्धारण वर्ष यानी आकलन 2022-23 के लिए करदाताओं ने कुल 7,51,60,817 आईटीआर दाखिल किए थे। आयकर विभाग ने इसे अनूठा मील का पत्थर बताते हुए कहा कि हमें 8 करोड़ का आंकड़ा पार करने में मदद करने के लिए सभी विभाग करदाताओं और कर पेशेवरों के प्रति आभार व्यक्त करता है।

## पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स का उड़ीसा आयुष एक्सपो आयोजित

नवीनमेल संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वरः** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और शिक्षा ओ अनुसंधान के सहयोग से शिक्षा ओ अनुसंधान, भुवनेश्वर उड़ीसा परिसर 2 में दो दिवसीय उड़ीसा आयुष एक्सपो का उद्घाटन किया। पीएचडीसीसीआई आयुष एक्सपो में आयुर्वेद, योग, होम्योपैथिक, सिद्ध, यूनानी के स्टॉल हैं, जहां निःशुल्क जांच और उपचार किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह पीएचडीसीसीआई की निदेशक मिली दुबे के स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ। उन्होंने आयुष के लाभार्थियों, सत्र के वक्ताओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. पीके नंदा, कुलपति, एसओए विश्वविद्यालय, सम्मानित अतिथि डॉ. एके महापात्रा, पूर्व निदेशक, एम्स नई दिल्ली, डॉ. संजय कुमार, एमडी पारस एचईसी अस्पताल और प्रेमजीत नायक, निदेशक, आयुष विभाग, ओडिशा सरकार आदि मौजूद थे।मुख्य अतिथि डॉ. पीके नंदा, कुलपति एसओए यूनिवर्सिटी ने अपने परिसर में इस तरह की अद्भुत प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को धन्यवाद दिया। धन्यवाद ज्ञापन पीएचडीसी आई के रेजिडेंट डायरेक्टर प्रणब सिंह ने दिया। एक्सपो में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा कई निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था की गई है। साथ ही आयुर्वेदिक और जैविक उत्पादों का कारोबार करने वाली कई स्थानीय कंपनियां भी अपने उत्पाद का प्रदर्शन और बिक्री की। कई लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## सरकार को बीपीसीएल से लाभांश के रूप में मिले 2413 करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 2,413 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्रालय के तहत निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडे ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में बीपीसीएल से लगभग 2,413 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। दीपम सचिव के मुताबिक एक दिन पहले गुरुवार को सरकार को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) से लाभांश के रूप में लगभग 832 करोड़ रुपये मिले। इससे पिछले पिछले हफ्ते सरकार को लाभांश किश्त के रूप में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड से क्रमशः लगभग 262 करोड़ रुपये और 120 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार की तीसरी सबसे बडी. एकीकृत तेल शोधन और विपणन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। बीपीसीएल को सरकार से महारत्न का दर्जा प्राप्त है।

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 165 अंक टूटा

**नई दिल्ली,** मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में उतार-चढ़ाव जारी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 164.53 अंक यानी 0.23 फीसदी लुढ़क कर 72,245.85 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.50 अंक यानी 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 21,737.20 पर कारोबार कर रहा है। बाजार में शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 शेयर में गिरावट, जबकि 7 शेयर में तेजी देखने को मिल रही है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गुरुवार को सेंसेक्स 371.95 यानी 0.51 फीसदी की उछाल के साथ पहली बार 72,410.38 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 123.96 अंक यानी 0.57 फीसदी की मजबूती के साथ पहली बार 21,778.70 अंकों पर पहुंच कर बंद होने में सफल रहा था।

## आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन नवंबर में 7.8 फीसदी की दर से बढ़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन नवंबर महीने में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ा है। पिछले साल इसी अवधि में यह दर 5.7 फीसदी थी। इसी साल अक्टूबर महीने में यह दर 12.1 फीसदी रही थी।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि नवंबर महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ा है। इसी साल अक्टूबर महीने में यह दर 12.1 फीसदी रही थी। मंत्रालय के मुताबिक अक्टूबर में आठ बुनियादी उद्योगों में शामिल कच्चे तेल और सीमेंट को छोड़कर सभी क्षेत्रों के उत्पादन में अच्छी वृद्धि हुई। कोयला और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) के दौरान प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 8.6 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 8.1 फीसदी था। आठ प्रमुख उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल है। आठ कोर उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 फीसदी का योगदान है।



## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली,** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव घट कर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं की है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ 77.50 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.38 फीसदी की उछाल के साथ 72.04 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## एक नजर

### कुलपति डा. शांडिल्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड



**मेदिनीनगर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति व एनपीयू मेदिनीनगर के प्रभारी कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज भुवनेश्वर ओडिशा द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। एक भव्य समारोह में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत द्वारा डॉ. शांडिल्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। बताते चलें कि उच्च शिक्षा और शिक्षण-अध्ययन प्रतिमानों को बढ़ावा देने में बहुमूल्य योगदान के लिये डॉ. शांडिल्य को उक्त प्रतिष्ठित पुरसकार से नवाजा गया है। कुलपति शांडिल्य अर्थशास्त्र के जानकार है और उनका दृढ़ विश्वास है कि देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अच्छी तरह ध्यान रखना होगा।

### आज का प्रशिक्षण कार्यक्रम अब तीन जनवरी को

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का 30 दिसम्बर को आयोजित होने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम अब 3 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, वूलनेरेबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी एन्ड पोल डे अरेंजमेंट, पोलिंग स्टेशन, इलेक्ट्रोल रोल ईआरओ-नेट, स्वीप,आईटी एप्लीकेशन विषय पर विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षकों को जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### भाकपा नेताओं ने जन समस्याओं की ली जानकारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, उपाध्यक्ष सनी सिंह व एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने ग्रामीण अंचलों का भ्रमण कर जन समस्याओयं की जानकारी ली। ग्राम अवसाने,दुबा एवं चांदो भ्रमण के दौरान चांदो में बाबूलाल सिंह के घर आम जनता की बैठक हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में खुले स्टोन माइंस के कारण हो रही परेशानियों से अवगत कराया। श्री तिवारी ने कहा कि जल्द ही इसके खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। साथ ही गांव में शहीद भूखन सिंह का प्रतिमा लगाकर इसका अनावरण भी किया जायेगा। मौके पर अशोक कुमार सिंह, अरुण सिंह, विपिन सिंह आदि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मणि सिंह, किरण देवी, नसीम राइन, चंद्रशेखर तिवारी उपस्थित थे।

### निराशाजनक रहा प्रदेश सरकार के चार वर्ष का कार्यकाल

**मेदिनीनगर।** पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का चार वर्ष का कार्यकाल काफी निराशाजनक रहा है। इस दौरान उपलब्धि नगण्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सरकार गठन के छह माह के अंतराल में ही नियोजन नीति बनाने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक नियोजन नीति नहीं बन सकी। प्रतिवर्ष एक लाख नियुक्ति करने की घोषणा किये थे, लेकिन चार वर्ष में महज 1500 लोगों की सरकारी नियुक्ति हो सकी। विभिन्न विभागों में हजारों पद खाली हैं। जबकि बेरोजगार दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021-22 को नियुक्ति वर्ष घोषित किया थे। इस दौरान भी बेरोजगार खाली हाथ रहे। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारों को 1000 से 5000 रुपये तक बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा किये थे, लेकिन एक भी बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल सका। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे ज्यादा बेरोजगारों को ठगने का काम किया है। पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनी नगर को उप राजधानी बनाने की घोषणा भी धरातल पर नहीं उतर पायी।


---


#### श्री बंशीधर नगर के आसपास प्राकृतिक छटाओं वाले कई पिकनिक स्पॉट, जहां नववर्ष पर बड़ी संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक


# आकर्षित करता है हरी भरी पहाड़ियों से घिरा बम्बा डैम


**राशीद अनवर। श्री बंशीधर नगर** अनुमंडल मुख्यालय के आसपास कई पिकनिक स्पॉट अपनी प्राकृतिक छटाओं के कारण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में लोग नव वर्ष के आगमन पर तथा मकर संक्रांति के दिन पिकनिक मनाने आते हैं और प्राकृतिक छटाओं का लुत्फ उठाते हैं।

प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दक्षिण दिशा में स्थित बम्बा डैम एक खुबसूरत पिकनिक स्पॉट है। बम्बा डैम हरी भरी पहाड़ियों से घिरा है। नये वर्ष को यादगार बनाने, प्राकृतिक दृश्यों का लुत्फ लेने व पिकनिक मनाने के लिये बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। नगर उंटारी से चितविश्राम ग्राम होते तथा धुरकी मोड़ से धुरकी रोड होते यहां पहुंचा जा सकता है। अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम दिशा में कुम्बा खुर्द ग्राम में स्थित है पंडरवा डैम। डैम के बीच मे प्राकृतिक जल स्त्रोत होने के कारण डैम में हमेशा पानी रहता है। पहाड़ों से घिरा यह स्थान काफी मनोरम है। यहां प्रतिवर्ष एक जनवरी व मकर संक्रांति के अवसर पर लोग वनभोज का आनंद लेने आते हैं। अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर भवनाथपुर रोड स्थित नैना झरना लोगों को सहसा अपनी ओर आकर्षित करता है। प्रकृति की गोद में स्थित यह झरना बहुत ही मनोरम स्थल है यहां सिर्फ नववर्ष पर ही नहीं बल्कि मकरसंक्रांति व अन्य दिनों में भी बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर उत्तर दिशा में जंगल व पहाड़ों के बीच मनोहारी प्राकृतिक छटाओं को संजोए घाघरा नदी है। वनों से आच्छादित घाघरा नदी का झरना बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां अत्यंत प्राचीन शिकारगाह भी है, जहां गढ़ परिवार के लोग शिकार करने आते थे। शिकारगाह की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। यहां सिद्ध बाबा का स्थान है। उसी स्थान पर प्राकृतिक जल स्त्रोत भी है, जिसके कारण उक्त नदी में सालोभर पानी रहता है। अनुमंडल मुख्यालय में विश्व प्रसिद्ध बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर है, जहां झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्य के लोग आकर पूजा अर्चना कर नववर्ष का स्वागत करते हैं।


बम्बा डैम


नैना झरना


घाघरा नदी


राजा पहाड़ी

### सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस प्रशासन की रहेगी पैनी नजर : अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि नए साल के आगमन पर अनुमंडल के सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा सभी पिकनिक स्पॉटों पर भारी पुलिस सुरक्षा बल कि तैनाती की जायेगी। उन्होंने कहा कि अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों को सभी पिकनिक स्पॉटों पर सुरक्षा बल तैनात करने, अपने अपने क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने, बेवजह शराब पीकर घूमने वालों पर अंकुश लगाने तथा तेज गति से मोटरसाइकल चलाने वालों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

---

#### उपभोक्ता महीने में कर रहे 100 यूनिट से कम बिजली की खपत, सरकार की योजना का मिला लाभ

# एक लाख उपभोक्ताओं का जीरो बिजली बिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू मे डालटनगंज व छतरपुर विद्युत प्रमंडलों को मिलाकर एक लाख से अधिक उपभोक्ता जीरो बिजली बिल की सहूलियत प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से डालटनगंज विद्युत प्रमंडल में ही 75 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं। जबकि छतरपुर प्रमंडल में भी 25 हजार उपभोक्ताओं को यह सुविधा मिल रही है। ये सभी उपभोक्ता महीने में 100 यूनिट तक बिजली की खपत कर रहे हैं। बताते चलें कि झारखंड सरकार ने 100 यूनिट तक बिजली बिल को माफ किया है। डालटनगंज विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने बताया कि प्रमंडल में 100 यूनिट फ्री बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 75000 से भी ऊपर है। उन्होंने उपभोक्ताओं के संदेह को दूर करते हुये कहा कि सिर्फ महीने में 100 यूनिट तक बिजली का प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं को ही यह सुविधा प्राप्त है। इससे अधिक बिजली की खपत करने वालों को पूरे का बिल अदा करना होगा।

**सिर्फ महीने में 100 यूनिट तक बिजली का प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं को ही यह सुविधा प्राप्त है : कार्यपालक अभियंता**



### बिजली उपभोक्ताओं पर 80 करोड़ बकाया

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पलामू जिले में बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग का 80 करोड़ से भी ज्यादा बकाया है। इसका भुगतान हो जाने पर सुविधाओं में काफी बढ़ोतरी संभव हो सकेगी। इसमें से कई बिलों का भुगतान 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। पुराने बकायेदारों के लिये विभाग द्वारा जून महीने से सितंबर तक कैंप लगाया गया था। कैंप में 3360 बकायेदारों से 5 करोड़ 45 लाख रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ था। उन्होंने बेहतर सर्विस के लिये उपभोक्ताओं को समय पर बिल अदा करने का आह्वान किया है।

---

#### प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर जेएमएम ने किया कंबल वितरण

## युवा झारखंड प्रगति के पथ पर : राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चार वर्ष के कार्यकाल में युवा झारखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। दूसरे शब्दों में हेमंत सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल को बेमिसाल कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शहर के छहमुहान चौक पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में जेएममएम के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के 23 वर्षों में जितना काम नहीं हुआ। उतना हमारे युवा सीएम ने तमाम अड़चनों के बाद भी महज चार वर्ष में करके दिखाया है। सरकार की योजनाओं का लाभ घर-घर जाकर समाज के सभी वर्गों को दिया गया है। इस दौरान उन्होंने गरीबों-असहायों में कंबल वितरण के साथ मिष्ठान वितरण कर कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। मौके पर जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, वरिष्ठ नेता अमित सिन्हा, बबहू शाहनवाज, कमाल खान, हाजी ललन, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सनी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक आदि मौजूद रहे।


कंबल वितरित करते जेएमएम जिलाध्यक्ष

## इंडियन रोटी बैंक की एजुकेशन उड़ान मुहिम शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रोटी बांटने से ज्यादा जरूरी है ज्ञान बांटना। स्वस्थ शरीर के लिए जैसे रोटी जरूरी है वैसे ही सशक्त समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। इसी सोच को हकीकत में बदलने के लिये इंडियन रोटी बैंक ने उड़ान एजुकेशन स्कॉवड मुहिम के माध्यम से नई पहल शुरू की है। इंडियन रोटी बैंक के सेवादार दीपक तिवारी के आवासीय कार्यालय में निशुल्क डिजिटल क्लास का शुभारंभ करते हुये अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इससे बच्चे नये तकनीकी के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इसमें कक्षा एलकेजी से कक्षा छह तक बालक एवं बालिका सभी को डिजिटल तरीके से निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। साथ ही कक्षा सात से कक्षा दस तक की बालिकाओं को डिजिटल क्लास के माध्यम से उनके भविष्य को नई दिशा प्रदान की जाएगी। मौके पर शिक्षाविद् अविनाश देव, प्रसिद्ध चिकित्सक डा. अमित मिश्रा, आकाशवाणी की उद्घोषिका अनुपमा तिवारी, विनोद सिंह, कमलेश पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त किये। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कर रहीं उड़ान एजुकेशन स्कॉवड की संचालिका दुर्गा तिवारी ने सभी को शुभकामनायें दीं। संचालन एपी लकी ने किया। मौके पर यशवंत तिवारी, कृष्ण कन्हैया दूबे, आनंद पाण्डेय, परवेज अख्तर, राकेश तिवारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय रिफ्रेशर बैंक सखी प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय स्टेट बैंक-ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पलामू के तत्वावधान में दो दिवसीय रिफ्रेशर बैंक सखी के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। संस्थान में आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसएलपीएस पलामू के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विमलेश कुमार शुक्ला, सीएससी जिला प्रबंधक अरविन्द कुमार, आरसेटी निदेशक ब्रह्मानन्द साह, वरिष्ठ संकाय जितेन्द्र मेहता एवं संकाय जयंत चक्रवर्ती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर डीपीएम विमलेश शुक्ला ने उपस्थित 27 आईआईबीएफ प्रमाणित बीसी सखी को शुभकामना देते हुए लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक ब्रह्मानन्द साह ने बीसी सखियों के आय में वृद्धि के उपाय को बताते हुए उनका हौसला बढाया। उन्होंने स्वरोजगार के साथ ही जीवन-स्तर को सुधार करने में प्रशिक्षण के महत्व को बताया। अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए वरिष्ठ संकाय जितेन्द्र मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे जीवन में वित्तीय प्रबंधन का होना नितांत आवश्यक है।

### एंबुलेंस पोल व पेड़ में टक्कर मारकर हुई दुर्घटनाग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** भंडरिया गोदरमाना मुख्य मार्ग में खजूरी सुखी खेती के समीप 108 एम्बुलेंस बिजली खंभे में जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे पेड़ टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद एम्बुलेंस चालक एवं एक कर्मी बाल-बाल बच गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एम्बुलेंस मेदिनीनगर सदर अस्पताल से मरीजों को छोड़कर वापस भंडरिया अस्पताल जा रही थी कि अचानक सुखी खेती के समीप एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर बिजली खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना के बाद एम्बुलेंस चालक एवं कर्मी को घायलवस्था में इलाज के लिए भंडरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

---

#### क्रिकेट — सीनियर वर्ग में राम साहू हाई स्कूल को 20 रन से हराया

# ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम क्वार्टर फाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रही 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल बेलचम्पा की टीम ने राम साहू हाई स्कूल को 20 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले गोविंद हाई स्कूल के मैदान में 14 दिन बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत की।

ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल बेलचंपा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। ज्ञान निकेतन बेलचंपा के बल्लेबाज ने बेहतर शुरुआत करते हुए नंदन के नाबाद 67 रन और सीटू के 28 रनों के सहयोग से निर्धारित 16 ओवर में पांच विकेट खोकर 157 रनों का स्कोर खड़ा किया। राम साहू हाई स्कूल की ओर से अभिनव ने दो विकेट प्राप्त किये। जवाबी पारी खेलने उतरी राम साहू हाई स्कूल की टीम अजीत के 64 और रोहित के नाबाद 34 रनों के बावजूद निर्धारित ओवरों में तीन विकेट खोकर 137 रन ही बना पाई। ज्ञान निकेतन की ओर से हेमंत ने एक विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल बेल चंपा के नंदन कुमार को बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार, मैच के पर्यवेक्षक मुजीबउद्दीन खान ने प्रदान किया। मौके पर मुजीबुदीन खान, शिक्षक सुशील कुमार, आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, नवनीत, मनोज तिवारी, प्रिंस खान, विशाल कुमार, बंटी, सुमित, मनीष पाठक, दिव्य रंजन, अभिषेक पाठक, शिवांश भारद्वाज आदि मौजूद थे।



---

## पेज एक के शेष

### सरकार ने छह आईएएस ...

ने अधिसूचना जारी कर दी है। इन पदाधिकारियों में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, दुमका के उपायुक्त ए दोद्दे, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, झारखंड ट्राईबल डेवलमेंट सोसायटी के परियोजना निदेशक नेलसम एयोन बागे, और समाज कल्याण के निदेशक प्रकाश झा शामिल है।

### छह आईएएस सचिव रैंक में...

सिंह, कमलेश्वर प्रसाद सिंह, यतींद्र प्रसाद, चंद्रकिशोर उरांव और सुनील कुमार के नाम शामिल हैं। स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में माधवी मिश्रा, अनन्य मित्तल, आदित्य रंजन, रामनिवास यादव, विजय नारायण राव, आर रॉनिटा, नमन प्रियेश लकड़ा और अंजली यादव शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर ...

केन्द्र में मंत्री बन गए, तब नीतीश कुमार ने उनको राज्य सभा का अगला टर्म नहीं दिया। इस दौरान उनको राजद अध्यक्ष पद से हटाकर राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को अध्यक्ष बना दिया। इधर आरसीपी सिंह का राज्य सभा सदस्यता का टर्म खत्म होने के बाद पीएम मोदी को उनको केन्द्रीय मंत्री पद से हटाना पड़ा। उसके बाद आरसीपी जदयू से अलग होकर नीतीश व जदयू के विरोध में मुहिम चला रहे हैं।

**ललन फेल हो गए थे :** अब राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह ने इस्तीफा दिया, उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए नीतीश का नाम आगे किया और पार्टी ने नीतीश के नाम पर मुहर लगा दी।फि लहाल लोकसभा में जदयू सदस्यों की संख्या 16 है। राज्यसभा जदयू के 5 सदस्य हैं। राज्यसभा में पार्टी नेता के तौर पर राम नाथ ठाकुर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राज्यसभा में उपसभापति 9 अगस्त 2018 से हरिवंश नारायण सिंह हैं। वह जदयू के राज्यसभा सांसद हैं और उनका दूसरा कार्यकाल है।वैसे उनके बारे में भाजपा की तरफ होने की बात कही जाने लगी है। रही बात बिहार की ,तो विधानमंडल में विधानसभा सदस्यों की संख्या 45 तथा विधान परिषद सदस्यों की संख्या 24 है। बिहार विधानमंडल दल के नेता नीतीश कुमार हैं।और लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के सहयोग से मुख्यमंत्री हैं। बहुत दिनों से लंबित जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में हुई। जो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की गई। जिसमें ललन सिंह की जगह नीतीश कुमार पार्टी की कमान सौंपी गई।क्योंकि पार्टी नीतीश के चेहरे पर लोकसभा चुनाव में जाने का निर्णय की है । इस पद पर रहते हुए वह बेहतर तरीके से इंडिया एलायंस व राज्य में राजद से तालमेल बना सकेंगे। क्योंकि अथॉरिटी का केन्द्र केवल नीतीश के हाथ में होगा। जिसमें राजीव रंजन उर्फ. ललन सिंह फेल माने गए हैं।

**नीतीश का लक्ष्य विपक्षी गठबंधन का नेता पद या अन्य जगह पोजीशनिंग :** मालूम हो कि नीतीश कुमार पहली बार बिहार विधानसभा में 1985 में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पहुंचे । 1989 में वह लोकसभा सांसद बने। पहले कार्यकाल में ही नीतीश कुमार केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए गये। वर्ष 1991 में फिर लोकसभा चुनाव जीते और राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए। वह 1989 से 2004 तक बाढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुने गये। वह इस दौरान 2001 से 2004 तक कैबिनेट रेल मंत्री थे। नीतीश कुमार सात बार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं। पहली बार मार्च 2000 में मुख्यमंत्री बने। कुछ सांसदों का कहना है कि विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार वही हो सकता है जिसके पास ज्यादा पार्टियों का समर्थन होगा। उसे ही चेहरा बना दिया जाएगा। जहां तक विपक्ष का सवाल है तो हिन्दी बेल्ट के राज्यों में जदयू, राजद , सपा उत्तर भारत के तीन बड़े विपक्षी दल हैं।और इन तीनों में नीतीश सबसे बड़े व अनुभवी तथा महीन , सबसे बात करने वाले नेता हैं। देश में इन दिनों विमर्श पिछड़ा से खिसक कर अति पिछड़ा तथा जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी भागीदारी का चल पड़ा है। ऐसे में उत्तर भारत में तो नीतीश कुमार बेहतर चेहरा हो ही सकते हैं। ये हैं मुख्य दो वजह जिसके कारण नीतीश ने यह चाल चली है। बाकी यह कहना कि ललन ने राजद से प्रगाढ़ता बढ़ा ली है , वह कुछ लोगों को तोड़कर राजद की सरकार बनवा सकते हैं या कुछ लोग टूटकर भाजपा के साथ जा सकते हैं, ऐसा कहने वाले जानते हैं कि लोकसभा चुनाव के पहले ऐसा कुछ भी होगा , तो राज्यपाल के मार्फत केंद्रीय हुक्मरान ,बिहार में राष्ट्रपति शासन लगवा देगा। तब किसके अधीन राज्य में लोकसभा चुनाव होगा ,तो उसमें क्या होगा ? तब हो सकता है कि राज्य की 40 लोकसभा सीटों में से कुल 40 या उससे एक कम पर भाजपा जीत जाए।

### आबादी को घटाने ...

दोनों को खालिस्तानी कट्टरपंथियों पर लगाम लगानी चाहिए, जो भारतीय राजनयिकों को धमकी दे रहे हैं। अगस्त में भारत ने सफल चंद्रयान-3 मिशन के तहत यान को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराई, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। दुनिया के सबसे तेज 5जी रोलआउट को हासिल कर के भारत ने एक और रिकॉर्ड बना लिया है। यह नेटवर्क देश के 738 जिलों और लगभग 100 मिलियन यूजर्स को सेवा देता है। बिकने या बंदी के कगार पर खड़े एयर इंडिया ने टाटा के अधिग्रहण के बाद दुनिया के सबसे बड़े विमान सौदे की उपलब्धि हासिल की है। दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल पेमेंट भारत में की जा रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित हुए विशाल योग सत्र ने भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। दुनिया की सबसे लंबी नदी क्रूज और भारत की पहली निर्मित क्रूज जहाज एमवी गंगा विलास को लॉन्च किया है। दुनिया के सबसे बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स का सूरत में उद्घाटन किया गया है। इसमें 4,500 से अधिक हीरा व्यापार कार्यालय हैं। वाराणसी में पीएम मोदी ने हाल ही में दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन किया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### जेपी नड्डा से मिले राजभर कहा यूपी, बिहार व लोस चुनाव को ले हुई बातचीत



**नई दिल्ली।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ सरकार में फिर से मंत्री बनने को लेकर लॉबिंग कर रहे ओम प्रकाश राजभर की जेपी नड्डा के साथ इस मुलाकात को उत्तर प्रदेश की राजनीति के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। योगी सरकार में फिर से मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज राजभर अब 2024 में लोक सभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि ओम प्रकाश राजभर ने जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की तस्वीरों को एक्स पर पोस्ट करते हुए स्वयं इस मुलाकात का एजेंडा भी बता दिया। राजभर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात कर उत्तर प्रदेश और बिहार के राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की।

### आंध्र में एक ही परिवार के 4 लोगों ने की आत्महत्या

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले में एक परिवार के चार सदस्यों की कथित आत्महत्या में मौत हो गई, जबकि पांचवां सदस्य जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। पुलिस के मुताबिक, अनाकापल्ली शहर में एक सुनार ने अपनी पत्नी और तीन बेटियों के साथ गुरुवार रात अपने घर पर कथित तौर पर साइनाइड खा लिया। शिव रामकृष्ण (40), उनकी पत्नी माधवी (38), बेटियां वैष्णवी (16) और लक्ष्मी (13) की अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई। दंपति की सबसे छोटी बेटी कुसुमप्रिया को अनकापल्ली सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

### देश में जेएन.1 के 145 मामले आए सामने, 5 मरीजों की मौत



**नई दिल्ली।** देश में पिछले 225 दिनों के दौरान गुरुवार को एक दिन में कोरोना के सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 797 नए मामले सामने आए हैं और 5 मरीजों की मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में 4091 एक्टिव मामले हैं। इसके साथ कोरोना के नए वेरियंट जेएन.1 के 145 मामले सामने आए हैं। नए वेरियंट के सबसे ज्यादा मामले केरल और कर्नाटक से दर्ज किए गए हैं।

### केंद्र ने लद्दाख में 1170 करोड़ की 29 सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में राज्य राजमार्ग, प्रमुख एवं अन्य जिला सड़कों सहित 29 सड़क परियोजनाओं के लिए 1170.16 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इसके अतिरिक्त वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरआईएफ योजना के तहत 8 पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सबसे कम आबादी वाला एवं क्षेत्रफल के हिसाब से देश का सबसे बड़ा केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख अनुमोदित पहलों के माध्यम से अपने दूरदराज के गांवों तक बेहतर कनेक्टिविटी का गवाह बनेगा।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी वंदे भारत-2

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे 6 ट्रेनों का उद्घाटन
- वंदे भारत 2.0 में ब्रेक सिस्टम इलेक्ट्रो न्यूमेटिक

■ यह ब्रेक डिस्क सीधे व्हील डिस्क पर लगती है ■ हर कोच में 32 यात्री सूचना-इंफोटेनमेंट सिस्टम लगे हैं ■ 1128 लोगों के बैठने की है क्षमता






**बेहतर ताप वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग प्रणाली की सुविधा**

**रियर व्यू कैमरा सहित चार प्लेटफार्म साइड कैमरे लगे हैं**

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की नई पीढ़ी की सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत 2.0 की 6 नई ट्रेनों का उद्घाटन करेंगे। इनमे श्री माता वैष्णो देवी कटरा- नई दिल्ली, अमृतसर - दिल्ली जं., कोयंबटूर - बेंगलुरू, मंगलुरु - मुडगांव, जालना - मुंबई और अयोध्या धाम जं. - आनंद विहार टर्मिनल के बीच छह और वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के लिए तैयार है। नई शुरू की गई वंदे भारत ट्रेनों में से तीन उत्तर रेलवे द्वारा चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से पवित्र शहरों अयोध्या, श्री माता वैष्णो देवी कटरा और अमृतसर की यात्रा करने वाले यात्रियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' के विजन को ध्यान में रखते हुए, ट्रेन की मुख्य प्रणालियों को देश में भारतीय रेलवे की प्रमुख कोच निर्माण इकाई 'इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई में डिजाइन और निर्मित किया गया है। इसमें बेहतर डिजाइन, इंटीरियर और स्पीड है, जिनसे यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलेगा।

### ट्रेन कवच तकनीक से है सुसज्जित

ट्रेन सबसे उन्नत सुरक्षा सुविधाओं और कवच तकनीक से भी सुसज्जित है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में 16 कोच की चेयर कार कॉनफिगरेशन है, जिसमें स्टेनलेस स्टील कार बॉडी और 1128 की बैठने की क्षमता है। इनकी गति सीमा 160 किमी प्रति घंटे की होगी। उन्नत अत्याधुनिक सस्पेंशन प्रणाली यात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा और बेहतर सवारी आराम सुनिश्चित करेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस में लगातार खिड़कियां हैं जो ट्रेन के सौंदर्य को बढ़ाती हैं। ट्रेन की रंग योजना के साथ-साथ आंतरिक सज्जा को आधुनिक ट्रेन सेट की समग्र थीम के अनुरूप विकसित किया गया है। ट्रेन में बेहतरीन यात्री सुविधाएं हैं, जैसे ऑन-बोर्ड वाई-फाई इंफोटेनमेंट, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, आलीशान आंतरिक सज्जा, टच फ्री सुविधाओं के साथ बायो-वैक्यूम शौचालय, विसरित एलईडी लाइटिंग, हर सीट के नीचे चार्जिंग पॉइंट, व्यक्तिगत टच आधारित रीडिंग लाइट और छुपा हुआ रोलर ब्लाइंड हवा की रोगाणु मुक्त आपूर्ति के लिए यूवी लैंप के साथ बेहतर ताप वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग प्रणाली की सुविधा भी है।



### मैट्रो की तरह दोनों छोरों पर दो ड्राइवर कैब

वंदे भारत एक्सप्रेस के दोनों छोर पर दो ड्राइवर कैब कोच हैं जो इसे गंतव्य पर तेजी से पहुंचने में सक्षम बनाते हैं। ड्राइवर कैब का वायुगतिकीय आकार (नोज कोन) हवा के खिंचाव को कम कर ऊर्जा की आवश्यकता को महत्वपूर्ण रूप से बचाएगा। वंदे भारत 2.0 में ब्रेक सिस्टम इलेक्ट्रो न्यूमेटिक है, जिसमें ब्रेक डिस्क सीधे व्हील डिस्क पर लगाई जाती है, जिससे ब्रेकिंग दूरी कम हो जाती है। दिव्यांगजन यात्रियों के लिए विशेष शौचालय बनाए गए हैं। स्पर्श-मुक्त सुविधाओं के साथ बायो वैक्यूम शौचालय भी मौजूद हैं। साथ ही सीट हैंडल पर सीट नंबर ब्रेल अक्षरों में भी दिए गए हैं। हर कोच में 32 यात्री सूचना और इंफोटेनमेंट सिस्टम लगा है। ट्रेन में कवच (ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली) लगाई गई है। प्रत्येक कोच में आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था की गई है। कोच के बाहर रियर व्यू कैमरे सहित 4 प्लेटफार्म साइड कैमरे लगाए गए हैं।

# पीएम का वेलफेयरिज्म मॉडल एक केस स्टडी : शिक्षा मंत्री

## आईआईएम के छात्रों से 'विकसित भारत 2047' पर की चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वेलफेयरिज्म मॉडल एक केस स्टडी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईएम के छात्रों से चर्चा के दौरान यह बात कही। वह 'विकसित भारत 2047' छात्र समुदाय के साथ बातचीत कर रहे थे। इस चर्चा का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत में शैक्षिक और कौशल विकास परिदृश्य को आकार देना है। छात्रों के साथ चर्चा सरकार के इस दीर्घकालिक दृष्टिकोण और इसकी कई पहलों के इर्द-गिर्द घूमती रही, जो शैक्षिक परिदृश्य को राष्ट्र के समग्र व्यापक लक्ष्यों को केंद्र में रखते हुए हुई। इस अवसर पर प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन दर्शन, समाज के निचले पायदान पर मौजूद लोगों के उत्थान के दृष्टिकोण, सबका साथ-सबका विकास मॉडल, मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा देने और भारतीयता से गौरव, प्रेरणा और आत्मविश्वास प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री का वेलफेयरिज्म मॉडल एक केस स्टडी है। प्रधान ने संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों को इसकी सूक्ष्मता से जांच करने और जम्मू और कश्मीर के अद्वितीय प्रस्तावों और संभावनाओं पर दीर्घकालिक केस स्टडी के साथ आने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने अगले 25 वर्षों के महत्व पर भी जोर दिया जब सबका प्रयास (सभी की भागीदारी) के साथ, विकसित भारत @2047 का लक्ष्य साकार होगा। छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए, उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहल का उल्लेख किया। जिसे सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के एक हिस्से के रूप में शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए योजना बना रही है और लागू कर रही है। बातचीत के दौरान, प्रधान ने शिक्षा के समग्र विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व का भी उल्लेख किया। अपनी यात्रा के दौरान, धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईएम जम्मू के जगती परिसर के निर्माण की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और भविष्य के नेताओं को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया गया। उन्होंने संस्थान में अत्याधुनिक पुस्तकालय का भी दौरा किया और एक व्यापक शिक्षण ईकोसिस्टम प्रदान करने के लिए वहां उपलब्ध उन्नत सुविधाओं की सराहना की।

## पीएम ने किया मदन मोहन मालवीय वाड्मय का लोकार्पण

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतरत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जयंती के अवसर पर महामना मालवीय मिशन द्वारा संपादित और प्रकाशन विभाग भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 'पंडित मदनमोहन मालवीय संपूर्ण वांगमय' के एकादश खंड की प्रथम शृंखला का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। मंच पर सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष एवं वाड्मय प्रधान संपादक पद्मश्री राम बहादुर राय, पण्डित मदनमोहन मालवीय सम्पूर्ण वाड्मय परियोजना के कार्यकारी अध्यक्ष इंजीनियर हरिशंकर सिंह तथा कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, महामना मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नारायण श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय महामंत्री वेद प्रकाश सिंह उपस्थित थे। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित इस भव्य समारोह में अनेक विश्वविद्यालयों के कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र, महामना मालवीय मिशन की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी सम्मिलित हुए हुए। समारोह में देश भर के पूर्व राजघरानों के वर्तमान उत्तराधिकारियों को आमंत्रित किया गया था, जिन्हें मंच के सामने प्रथम पंक्ति में विशेष आमंत्रित की एक अलग श्रेणी में बैठाया गया था। बलरामपुर-नरेश महाराजाधिराज जयेंद्र प्रताप सिंह, कोटा-नरेश महाराजाधिराज इज्यराज सिंह, महारानी कल्पना देवी, डूंगरपुर-नरेश महाराज डॉ. मानवेन्द्र सिंह, खरारी स्टेट युवराज डॉ.शूलपाणि सिंह, कुमार अंकित प्रताप सिंह, सुप्रिया सिंह बूंदी-नरेश महाराजाधिराज वंशवर्धन सिंह, कालाकांकर की राजकुमारी एवं प्रतापगढ़ की महारानी रत्ना सिंह, युवराज भुवन्यु सिंह, दरभंगा-नरेश महाराजाधिराज कपिलेश्वर सिंह, आनापुर-नरेश डॉ. वैदूर्य प्रताप शाही, अहमदाबाद उदय माहुरकर, देवगढ़ अगोरी बडहर के कुमार जितेन्द्र कुमार सिंह, रश्मि वर्मा शिकारपुर स्टेट आदि राजपरिवार के गणमान्य सदस्य बैठे थे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में राजपरिवार के आमंत्रित सदस्यों को भारत सरकार के केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के द्वारा अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। पद्मश्री राम बहादुर राय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा था कि वर्ष 2023 दो बातों के लिए याद किया एक मोदी की गारंटी और दूसरा वांग्मय का विमोचन।

## कनाडा में मंदिर अध्यक्ष के बेटे के घर फायरिंग

**एजेंसी। ओटावा**

कनाडा के सरे में अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू मंदिर के अध्यक्ष के बेटे के आवास पर 14 राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। सरे रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की तरफ से हमले की पुष्टि करते हुए बताया गया है कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार के बेटे के आवास पर यह फायरिंग की गई। घटना 27 दिसंबर को सुबह 8 बजे की है। इसे लेकर जांच एजेंसी ने लोगों से पूछताछ की है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है। उल्लेखनीय है कि सरे में पहले भी हिंदू समुदाय और हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा चुका है।

### सुरई और किलपुरा रेंज में एक बाघ व हाथी की मौत

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के तराई पूर्वी वन क्षेत्र के सुरई रेंज में एक बाघ की मौत हो गई है। साथ ही किलपुरा रेंज में एक हाथी की भी मौत हो गई है। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बाघ और हाथी की मौत से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। जिस बाघ का शव मिला है वो नर बाघ है और उसकी उम्र 12 साल थी। वहीं किलपुरा रेंज में जिस हाथी का शव मिला है वो भी नर है और उसकी उम्र 15 साल थी।

**पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोहरा झटका**

## अब अमेरिकी राज्य मेन ने भी अयोग्य ठहराया

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों को फिर बड़ा झटका लगा है। दोबारा राष्ट्रपति बनने का सपना देख रहे ट्रंप को लेकर अमेरिकी राज्य मेन की शीर्ष चुनाव अधिकारी ने फैसला सुनाया है कि वे 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में शामिल नहीं हो सकते। मेन राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट शेना ली बेलोज ने



2021 के कैपिटल हिल दंगे में ट्रंप की भूमिका को लेकर यह फैसला सुनाया है। बेलोज ने 34 पन्नों के फैसले में लिखा है कि अमेरिकी संविधान हमारी सरकार की नींव पर हमले को बर्दाश्त नहीं करता। निष्कर्ष निकाला गया है कि ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में झूठे दावे के जरिये विद्रोह को उकसाया और अपने समर्थकों से यूएस कैपिटल पर मार्च का आह्वान किया। इस फैसले के बाद रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए ट्रंप अमेरिकी राज्य मेन में होने वाले प्राइमरी चुनाव में भाग नहीं ले सकते। मेन दूसरा राज्य है जिसने ट्रंप को चुनाव में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया है।

### ईपीएफओ के दो अधिकारी समेत 3 लोग एक जनवरी तक पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नासिक जिले से रिश्वतखोरी के आरोप में गुरुवार को पकड़े गए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय आयुक्त, प्रवर्तन अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति को स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को एक जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सीबीआई ने दो लाख रुपये की रिश्वतखोरी के आरोप में इन तीनों को गिरफ्तार किया था।

**नई पहल** विभिन्न देशों के रक्षा सहयोग से किसी तीसरे देश के हितों व क्षेत्रीय शांति को नुकसान नहीं पहुंचे

# भारत-फिलीपींस संयुक्त अभ्यास से चीन परेशान

**एजेंसी। नई दिल्ली**


भारत और फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में किए गए नौसैनिक अभ्यास से चीन परेशान है। नाराज चीन ने इस पर कहा कि विभिन्न देशों के बीच रक्षा सहयोग से किसी तीसरे देश के हितों व क्षेत्रीय शांति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। पिछले दिनों भारतीय नौसेना का जहाज 'आईएनएस कदमत्त' अपने एक ऑपरेशन के तहत फिलिपींस पहुंचा था। यह नौसैनिक जहाज फिलीपींस से निकलने के बाद दक्षिण चीन सागर में एक महत्वपूर्ण संयुक्त सैन्य अभ्यास का हिस्सा बना। नौसेना का जहाज 'आईएनएस कदमत्त' स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित पनडुब्बी रोधी समुद्री युद्धपोत है, जो अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी वेपन सूट से सुसज्जित है।



रक्षा मंत्रालय के मुताबिक वर्तमान में चल रही लंबी दूरी की ऑपरेशन तैनाती के एक हिस्से के रूप में 'आईएनएस कदमत्त' फि लिपींस की राजधानी मनीला पहुंचा था। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और फि लिपींस के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना था। मनीला से प्रस्थान के बाद दक्षिण चीन सागर में 'आईएनएस कदमत' व फि लिपींस नौसेना के अपतटीय गश्ती जहाज बीआरपी रेमन अलकराज के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास आयोजित किया गया। अब चीन, भारत और फिलीपींस के अभ्यास व फ्रांसिसी नौसेना के साथ प्रस्तावित फिलीपींस के हवाई अभ्यास पर प्रश्न उठा रहा है। चीनी मीडिया में चाईनीज रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन ने सदैव इस बात पर जोर दिया है कि संबंधित देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए या क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान नहीं होना चाहिए। यह पहला अवसर नहीं है जब चीन ने ऐसा रुख अपनाया है, बल्कि फिलीपींस व अन्य देशों के बीच सैन्य सहयोग को लेकर चीन भड़कता रहा है। दक्षिण चीन सागर के हिस्सों पर फिलीपींस और चीन की नौसेना अपने-अपने दावे करती है। हाल ही में फिलीपींस की नौसेना ने आरोप लगाया था कि चीन के नौसैनिक जहाजों ने उसके जहाजों पर पानी की बौछारों से हमला किया था। चीन, दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है। जबकि दूसरी ओर फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इस क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं।

**फिल्म जगत**

## अरबाज खान के बाद अब मलाइका अरोड़ा भी दूसरी शादी के लिए तैयार



**एक्टर** अरबाज खान ने कुछ दिन पहले ही शादी कर सबको चौंका दिया। मलायका अरोड़ा के साथ तलाक के बाद अरबाज की जिंदगी में जॉर्जिया आईं। कई सालों तक एक-दूसरे को डेट के बीच उनके ब्रेकअप की भी चर्चा हुई। अब अरबाज खान ने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ दूसरी जिंदगी शुरू की है। अब अरबाज के बाद क्या मलाइका अरोड़ा भी दूसरी शादी करेंगी, इसका जवाब उन्होंने खुद एक रियलिटी शो में दिया है। डांस शो 'झलक दिखला जा' में मलाइका अरोड़ा जज की भूमिका निभाती हैं। इन में फराह खान, मलाइका से पूछती है, 'क्या मलायका 2024 में सिंगल पेरेंट से डबल पेरेंट में होने वाली है।' इस पर मलाइका कहती हैं, कि अगर कोई पूछेगा तो मैं जरूर शादी करूंगी।' तो फराह कहती हैं, 'कोई नहीं है, बहुत हैं।' इस पर मलाइका कहती हैं, 'तो अगर कोई मुझसे शादी के लिए पूछेगा तो मैं हां कह दूंगी।' फराह कहती हैं, 'तो अगर कोई पूछेगा तो क्या आप उससे शादी करेंगी।' इस पर सभी हंसते हैं। अरशद वारसी मुस्कुराते हुए कहते हैं कि ये गलत है। फिलहाल "झलक दिखला जा" का ये प्रोमो वायरल हो रहा है। मलायका और अर्जुन कपूर काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि क्या दोनों कम से कम 2024 में शादी करेंगे।